रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) तेलंगाना आन्दोलन के परिणामस्वरूप जून 1969 के अन्त तक कुल 203 लाख रुपये के मूल्य की रेल सम्पत्ति के खो जाने, क्षतिग्रस्त

होने या जला दिये जाने का अनुमान है। गाड़ियों को दूसरे मार्गों से चलाने या यात्री और माल गाड़ियों को रोक रखने के कारण आमदनी में होने वाले घाटे का पता नहीं लगाया जा सकता क्योंकि आंध्र प्रदेश में आंदोलन के साथ साथ विनाशकारी तूफान भी आया था और इन दोनों के परिणाम एक दूसरे के साथ मिल गये थे।

(ख) जिन रेलवे स्टेशनों पर आसानी से हमले हो सकते हैं उन पर रेलवे सुरक्षा दल के सशस्त्र रक्षक रेलवे सुरक्षा विभाग दल, रेलवे पुलिस और जिला पुलिस तैनात की जाती है। इसके अलावा रेल संपत्ति और दूर-संचार उपस्करों की सुरक्षा के लिए सशस्त्र पैदल और ब्रेकयान वाले इंजन पर चलते फिरते पहरेदार की व्यवस्था की गई है। इन्जीनियरिंग गैंगमैनों द्वारा भी गश्त की व्यवस्था की गई है। उपद्रवग्रस्त खण्डों पर महत्वपूर्ण गाड़ियों में अनुरक्षक रहते हैं। राज्य पुलिस के साथ भी उपयुक्त स्तर पर सम्पर्क बनाये रखा जाता है।

बोकारो इस्पात कारखाने का निर्माण कार्य पूर्ण होना

*360. **श्री देवकी नन्दन पाटोदिया :**
श्री रघुवीर सिंह शास्त्री :

क्या इस्पात तथा भारी इंजीनियरिंग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि बोकारो इस्पात कारखाने के निर्माण कार्य के निर्धारित कार्य-क्रम पर श्रमिकों के विवाद का दुष्परिणाम हुआ है;

(ख) यदि हां, तो उसका निर्माण कार्यक्रम निश्चित तिथि से कितना पिछड़ जायेगा; और

(ग) क्या कोई ऐसी कार्यवाही की गई है जिससे परियोजना क्षेत्र में औद्योगिक शांति कायम रखी जाये और निर्माणाधीन संयंत्र का निर्माण कार्य अनावश्यक विलम्ब के बिना पूरा हो जाये ?

इस्पात तथा भारी इंजीनियरिंग मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) जी, नहीं। श्रमिक विवाद इतने गम्भीर नहीं थे जिनसे निर्माण कार्यक्रम पर प्रभाव पड़ा हो।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) बोकारो स्टील लिमिटेड और हिन्दुस्तान स्टील वर्क्स कन्स्ट्रक्शन कम्पनी लिमिटेड ने ये सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाये हैं कि जहां तक हो सके ठेकेदार अपने कर्मचारियों की यथार्थ शिकायतें दूर करें। सुरक्षा दल के पुनर्गठन के लिये भी कदम उठाये गये हैं। अन्ततः गत मई में ठेकेदारों और कर्मचारियों के बीच जो विवाद खड़ा हो गया था वह मध्यस्थ निर्णय के लिये बिहार के श्रम-आयुक्त को भेज दिया गया है।

खनिज तथा धातु व्यापार निगम अथवा राज्य व्यापार निगम के माध्यम से कच्चे माल का आयात

2124. **श्री कृ० मा० कौशिक** : क्या **औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री** 19 मार्च, 1968 के तारांकित प्रश्न सं० 692 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) लघु उद्योग बोर्ड की नवम्बर, 1967 में हुई बैठक में उद्योगपतियों के द्वारा दिये गये इन सुझाओं पर कि वे अपने माल का आयात खनिज तथा धातु व्यापार निगम अथवा राज्य व्यापार निगम के बजाय सीधे आयात करना अधिक पसन्द करेंगे, क्या कार्यवाही की गई; और

(ख) यदि उद्योगपतियों का यह सुझाव स्वीकार नहीं किया गया है, तो उसके क्या कारण हैं ?

औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरूद्दीन अली अहमद) : (क) और (ख). सुझाव को निम्नलिखित कारणों से स्वीकृत नहीं किया जा सकता :-

(i) व्यापार योजना के अन्तर्गत आता है धातुओं का आयात, सामान्य रूप से रुपये में भुगतान करने वाले देशों से किया जाता है। इन देशों के साथ बात चीत करने के बारे में एक एकल एजेंसी होनी चाहिए।

(ii) कुछ केमिकल वस्तुओं का आयात बड़े तथा लघु दोनों उद्योगों जैसे मर्करी, कार्कवुड, मटन टैलो तथा सोडियम नाइट्रेट आदि के लिए किया जाता है और यह केवल राज्य व्यापार निगम तथा खनिज धातु व्यापार निगम द्वारा ही किया जा सकता है।

(iii) कुछ मामलों में वस्तुओं एवं आयात विशिष्ट जमा के आधार पर होता है जिसके अधीन आयात की जाने वाली प्रत्येक वस्तु के लिए कुछ राशि निर्धारित की गई है, इस शर्त को पूरा करने पर राज्य व्यापार निगम तथा खनिज धातु व्यापार निगम के माध्यम से अधिक मात्रा में आयात किया जाता है।

मैसर्स रेंमिगटन रैंड को लाइसेंस

2125. **श्री बाबूराम पटेल** : क्या **औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में टाइपराइटर बनाने के कारखाने कितने हैं, उनके नाम क्या है तथा वे कहां-कहां स्थित हैं और पिछले तीन वर्षों में प्रत्येक में प्रतिवर्ष कितना तथा कितने मूल्य का उत्पादन हुआ;

(ख) देश में प्रतिवर्ष कितने तथा कितने मूल्य के टाइपराइटरों की आवश्यकता पड़ती है;

(ग) पिछले वर्ष कौन-कौन से, कितने तथा कितने मूल्य के टाइपराइटरों का आयात किया गया और वे किन-किन देशों से आयात किये गये तथा प्रत्येक देश से कितने-कितने टाइपराइटर आयात किये गये;

(घ) क्या यह सच है कि कारखानों से मैसर्स रैमिंगटन रैंड को निर्माण लाइसेंस देना रोका गया हैं; और

(ङ) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) एक विवरण (i) संलग्न है ।[पुस्तकालय में रखा गया । देखिये संख्या एल० टी० 1518/69] ।

(ख) योजना आयोग के अनुसार चतुर्थ योजना के अन्त तक 15,000 पोर्टेबिल टाइप राइटरों को मिलाकर कुल 1 लाख टाइपराइटरों की मांग होने का अनुमान है । टाइप राइटरों की वर्षवार मांग होने का अनुमान नहीं किया गया है । टाइप राइटरों का मूल्य फर्मों के अनुसार एक

(ग) विवरण (ii) संलग्न है । [पुस्तकालय में रखा गया । देखिये संख्या एल० टी० 1518/69]

(घ) और (ङ). मार्च, 1968 में मैसर्स रेमिंगटन रैंड आफ इंडिया लि० के द्वारा पोर्टेबिल टाइप राइटरों के उत्पादन लायसेंस के लिये दिया गया आवेदन सरकार को स्वीकार नहीं था क्योंकि इसमें उपकरणों का आयात सर्वाधिकार तथा तकनीकी शुल्क के अतिरिक्त लाभ के रूप में विदेशी मुद्रा का निर्गमन तथा नये उत्पादन कार्यों से संबधित लाभांश आदि भी सम्मिलित था । कम्पनी का विचार एक संशोधित योजना प्रस्तुत करने का है तथा उसे एक नया आवेदन पत्र प्रस्तुत करने के लिये कहा गया है ।

रेलवे सैलून तथा टूरिस्ट कार

2126. **श्री बाबूराव पटेल** : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) रेलवे में गेज तथा वर्गवार कुल कितने अवातानुकूलित तथा वातानुकूलित सैलून/टूरिस्ट कार हैं;

(ख) इन सैलूनों/टूरिस्ट कारों तथा निरीक्षण डिब्बों में निर्धारित सीटें कितनी हैं और प्रत्येक में कितने यात्रियों को यात्रा करने दी जाती है;

(ग) किस वर्ग के अधिकारियों अथवा गणमान्य व्यक्तियों को इन सैलूनों आदि का प्रयोग करने दिया जाता है और ऐसी यात्राओं के लिये कितनी राशि ली जाती है; तथा उनके किराये पर देने की क्या व्यवस्था है;

(घ) क्या ये सैलून जनता के लिये उपलब्ध हैं और यदि हां, तो उनके लिये वर्ग-वार किस दर पर राशि ली जाती है और उन्हें किस तरह और कैसे किराये पर प्राप्त किया जाता है; और

(ङ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी ।

(ख) इन डिब्बों में मानक स्थान के अन्तर्गत बैठने और दफतर का कमरा, शयनागार स्नानागार, रसोई और कर्मचारियों के लिए स्थान होता है । हर डिब्बे में शायिकाओं सीटों

की संख्या भिन्न-भिन्न होती हैं । अंकित क्षमता से अधिक यात्री भी स्वामान्य किराया देकर इन डिब्बों में यात्रा कर सकते हैं ।

(ग) एक विवरण संलग्न है (अनुबन्ध I) [पुस्तकालय में रखा गया । देखिये संख्या एल० टी० 1579/69]

(घ) सरकार के उच्च अधिकारियों के उपयोग के लिये विशेष आरक्षित डिब्बों की व्यवस्था की जाती है । इन उच्च अधिकारियों के लिये आरक्षित सैलूनों को छोड़कर दूसरे डिब्बे जनता के लिये उपलब्ध किये जाते हैं । एक विवरण संलग्न है (अनुबन्ध II) जिसमें प्रभार्य दरों और इन डिब्बों की मांग की शर्तों का उल्लेख किया गया है । [पुस्तकालय में रखा गया । देखिये संख्या एल० टी० 1519/69]

(ङ) सवाल नहीं उठता ।

जमालपुर रेल इंजन वर्कशाप से अलोह वस्तुओं की चोरी

2127. **श्री बाबूराव पटेल :** क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों में जमालपुर लोको वर्कशाप से बड़े पैमाने पर अलोह वस्तुओं की चोरी के सम्बन्ध में रेलवे के केन्द्रीय अपराध ब्यूरो ने कौन-कौन से व्यक्ति गिरफ्तार किये ;

(ख) उपरोक्त अवधि में कितने मूल्य के माल की चोरी हुई ;

(ग) चोरों के इस गिरोह से कौन-कौन से प्रमुख व्यापारी सम्बद्ध है ;

(घ) इन चोरों तथा उनसे सहयोगकर्ता व्यापारियों के विरूद्ध क्या कार्यवाही की गई है और अब तक उसका क्या परिणाम निकला है ; और

(ङ) क्या यह सच है कि कुछ व्यापारियों ने उनके मंत्रालय से इस मामले का अदालत के बाहर निपटारा करने का अनुरोध किया है ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) 1968-69 की अवधि में रेलवे बोर्ड के केन्द्रीय अपराध ब्यूरो द्वारा जमालपुर के सर्वश्री फैजुल, सुरेश प्रसाद, महावीर प्रसाद और महेश्वर प्रसाद, जलन्धर सिटी के प्रीतू, और मिर्जापुर के रूपचन्द तथा कैलाश नाथ गिरफ्तार किये गये थे । रेलवे बोर्ड के केन्द्रीय अपराध ब्यूरो द्वारा इसके पहले कोई और गिरफ्तारियां नहीं की गयी थी ।

(ख) पिछले तीन वर्षों में चोरी गये माल (अलोह वस्तु) का मूल्य लगभग 1,10 221 रुपये था । इसके अलावा रेलवे बोर्ड के केन्द्रीय अपराध ब्यूरो ने 1968-69 की अवधि में चोरी गये गैर कानूनी ढंग से प्राप्त किये गये और जमालपुर को बुक किये गये लगभग 1,41, 000 रुपये का अलोह माल को जलन्धर सिटी और मिर्जापुर में पकड़ा ।

(ग) सन्देह है कि मिर्जापुर के व्यापारी सर्वश्री रूपचन्द और कैलाश नाथ और जमालपुर के महावीर प्रसाद चोरों के इस गिरोह से सम्बन्ध रखते हैं ।

(घ) पिछले तीन वर्षों में 149 व्यक्ति गिरफ्तार किये गये। इनमें से 25 को सजा हुई, 12 को अदालत या पुलिस द्वारा छोड़ दिया गया और 112 पर अभी भी अदालत में मुकदमा चल रहा है। 95 कर्मचारियों को भी सन्देह में पकड़ा गया जिनमें से 6 को विभागीय दण्ड दिया गया और 9 कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही अभी भी जारी है। रेल परिसम्पत्ति (गैर कानूनी कब्जा) अधिनियम, 1966 के अधीन गिरफ्तार किये गये व्यापारियों के विरुद्ध मामलों की जाँच की जा रही है।

(ङ) जी नहीं।

चार पहिये वाले माल डिब्बे

2128. श्री बाबूराव पटेल : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) रेलवे को प्रति वर्ष कितने तथा कितने मूल्य के चार पहिये वाले नये माल डिब्बों की आवश्यकता पड़ती हैं;

(ख) पिछले तीन वर्षों मे गैर-सरकारी क्षेत्र में प्रति वर्ष कितने तथा कितने मूल्य के चार पहिये वाले डिब्बे तैयार किये गये और वे किन-किन तथा कहां-कहां स्थित कारखानों में बनाये गये ;

(ग) पिछले तीन वर्षों में सरकारी क्षेत्र में प्रति वर्ष कितने तथा कितने मूल्य के चार पहिये वाले डिब्बे तैयार किये गये और वे किन-किन तथा कहां-कहां स्थित कारखानों में बनाये गये ;

(घ) क्या माल डिब्बे अब भी बाहर से मंगाये जाते हैं और यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों में कितने तथा कितने मूल्य के माल डिब्बों का आयात किया गया और किस देश से किया गया ; और

(ङ) क्या भारत में बने माल डिब्बों का निर्यात किया गया है और यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों में कितने तथा कितने मूल्य के माल डिब्बों का निर्यात किया गया और किन-किन देशों को किया गया ;

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) रेलों को जितने माल डिब्बों की आवश्यकता पड़ती है, उनकी सख्या तथा उनका मूल्य यातायात की आवश्यकताओं के आधार पर वर्षानुवर्ष अलग-अलग होता है। फिर भी, अनुमान है कि चौथी योजना अर्थात् 1969-70 से 1973-74 तक की अवधि में रेलों को लगभग एक लाख माल डिब्बों की आवश्यकता पड़ेगी।

(ख) और (ग) : एक विवरण संलग्न है। [पुस्तकालय में रखा गया। देखिये संख्या एल० टी० 1520/69]

(घ) जी नहीं।

(ङ) निर्यात के लिए माल डिब्बों का निर्माण, अधिकाशत: निजी क्षेत्र के फर्मों द्वारा किया जाता है, जो अपनी दरें सीधे या स्टेट ट्रेडिंग कारपोरेशन के जरिये भेजते हैं।

रेलवे में भोजनालय में नियुक्त कर्मचारी

2129. **श्री बाबूराव पटेल** : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारत में जलपान कक्षों तथा भोजनायानों में रेलवे-वार कुल कितने भोजनयान प्रबन्धक, स्टोर्स क्लर्क, प्रधान तथा सहायक रसोइये, रोटी बनाने वाले, भोजन आदि परोसने वाले, तथा साफ-सफाई कर्मचारी नियुक्त हैं;

(ख) लम्बी दूरी वाली गाड़ी में ऐसे भोजनयान कर्मचारी औसतन कितने होते हैं और क्या इन कर्मचारियों को उनके वेतन के अतिरिक्त मुफ्त भोजन दिया जाता है;

(ग) इन कर्मचारियों के, वर्ग-वार वेतन-मान क्या हैं; और

(घ) गाड़ियों में भोजन की शुद्धता तथा किस्म की जांच करने के लिये कितने निरीक्षक होते हैं और वे जांच किस प्रकार करते हैं तथा इन निरक्षकों का वेतन-क्रम क्या है ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) अनुबन्ध 'क' में एक विवरण संलग्न है। **[पुस्तकालय में रखा गया। देखिये संख्या एल० टी० 1521/69]**

(ख) 27;

(ग) चूंकि भोजन यान के कर्मचारी अपने प्रधान कार्यालय से बाहर दौरे पर रहते हैं, इसलिए वे अपने वेतन के अलावा नियमानुसार यात्रा भत्ता पाने के हकदार हैं। लेकिन भोजन यान के कर्मचारियों को देय यात्रा भत्ते से आधा भत्ता दिया जाता है क्योंकि उन्हें मुफ्त भोजन दिया जाता है।

(घ) अनुबन्ध 'ख' में एक विवरण संलग्न है। **[पुस्तकालय में रखा गया। देखिये संख्या एल०टी० 521/6]**

(ङ) अनुबन्ध 'ग' में एक विवरण संलग्न है। **[पुस्तकालय में रखा गया। देखिये संख्या एल० टी० 1521/69]**

मानसिक रूप से अविकसित बच्चों के स्कूल और आवास की छत का गिरना

2130. **श्री श्रद्धाकार सूपकार :**
श्रीमती इला पाल चौधरी :
श्री शशि भूषण :

क्या विधि तथा समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 25 जून, 1969 को आनन्द पर्वत, नई दिल्ली स्थित मानसिक रूप से अविकसित बच्चों के स्कूल और आवास की छत गिर गई जिसके परिणाम-स्वरूप एक बच्चे की मृत्यु हो गई और तीन अन्य बच्चे घायल हो गये; और

(ख) क्या बच्चों के उस स्कूल और आवास का किसी उपयुक्त शिक्षा अधिकारी द्वारा निरीक्षण किया गया था।

विधि मंत्रालय तथा समाज कल्याण विभाग में राज्य मंत्री (डा० (श्रीमती) फूलरेणु गुह): (क) जी हां।

(ख) 1968-69 में इस स्कूल का समाज कल्याण निदेशालय, दिल्ली के, जिसके अधीन यह स्कूल चल रहा है, अधिकारियों ने सात बार निरीक्षण किया था।

रेलवे में कार्यभारित श्रमिक

2131. **श्री म० ला० सोंधी** : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कितने कार्य भारित श्रमिक रेलवे में तीन साल से अधिक समय से सेवा कर चुके हैं;

(ख) क्या सरकार को पता है कि उन्हें अर्ध-स्थायी न किये जाने से उन श्रमिक को कितनी कठिनाइयां तथा दिमागी परेशानियां होती है, यद्यपि उनमें से अधिकतर लोगों को सरकार की सेवा करते हुए कई वर्ष हो चुके है; और

(ग) यदि हां, तो उनकी शिकायतों को पूरा करने के लिये सरकार क्या कार्यवाही कर रही है ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) से (ग). सम्भवत: माननीय सदस्य का आशय नैमित्तिक श्रमिकों से है। तत्काल उपलब्ध सूचना से पता चलता है कि 31-3-68 को रेलों पर लगभग 35 हजार ऐसे नैमित्तिक श्रमिक काम कर रहे थे जिनकी सेवा 3 वर्ष से अधिक हो गयी थी। इन में से लगभग 12 हजार श्रमिक परियोजनाओं पर नियुक्त हैं उन्हें यह बात विशेष रूप से समझा कर काम पर लगाया गया था कि उनकी नौकरी तब तक रहेगी जब तक उस परियोजना का काम चलेगा। लेकिन जिन नैमित्तिक श्रमिकों को परियोजनाओं से भिन्न किन्हीं और कमों पर लगाया जाता है उन्हें 6 महीने की नौकरी पूरी हो जाने के बाद अस्थायी पद दे दिया जाता है जिससे वे अस्थायी नौकरी की सभी सुविधाएं पाने के हकदार हो जाते हैं। उन सब को नियमित पदों पर नियुक्त करना सम्भव नहीं है। नियमों के अनुसार यदि नैमित्तिक श्रमिक विधिवत गठित चुनाव बोर्ड द्वारा अनुमोदित रूप से चुन लिये जाते हैं तो उन्हें नियमित पदों पर नियुक्त करने के बारे में विचार किया जाता है। 1966 से 1968 तक के पिछले तीन वर्षों के दौरान लगभग 31 हजार नैमित्तिक श्रमिकों को नियमित पदों में समाहित किया गया।

समाज कल्याण गोष्ठी

2132 **श्री यशपाल सिंह** :
श्री यमुना प्रसाद मंडल :

क्या विधि तथा समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) फरवरी, 1969 में दिल्ली में हुई समाज कल्याण गोष्ठी में जिन विषयों पर चर्चा की गई थी क्या उनकी रिपोर्ट इस बीच सरकार को प्राप्त हो गई है ;

(ख) यदि हां, तो क्या-क्या चर्चा हुई थी; और

(ग) इस बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

विधि मन्त्रालय तथा समाज कल्याण विभाग में राज्य मंत्री (डा० (श्रीमती) फूलरेणु गुह): (क) नहीं, श्रीमान ।

(ख) तथा (ग) : प्रश्न नहीं उठते ।

आत्महत्या को अपराध मानना

2133. **डा० सुशीला नैयर :** क्या विधि तथा समाज कल्याण मंत्री 29 अप्रैल, 1969 के अतारांकित प्रश्न सख्या 8009 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने सुधारात्मक सेवाएं सम्बन्धी अखिल भारतीय गोष्ठी की सिफारिशों पर जो उसके विचाराधीन थीं, विचार कर लिया है;

(ख) यदि नहीं, तो विलम्ब के क्या कारण हैं; और

(ग) इस सम्बन्ध में अन्तिम निर्णय कब तक किये जाने की सम्भावना है ?

विधि मंत्रालय तथा समाज कल्याण विभाग में राज्य मंत्री (डा० (श्रीमती) फूलरेणु गुह) : (क) से (ग) . सुधारात्मक सम्बन्धी अखिल भारतीय गोष्ठी ने सामाजिक रक्षा के अन्य विषयों के साथ-साथ आत्मघात के विषय पर, भी विचार किया था और यह सिफारिश की थी कि अपराध मनोविज्ञान के क्षेत्र में हुए भारी विकास को देखते हुए भारतीय दण्ड सहिता की धारा 34 में इस प्रकार संशोधन किया जाए कि उन लोगों के सम्बन्ध में "कम उत्तरदायित्व" की धारणा जारी की जाए, जो कानूनी रूप से तो पागल नहीं हैं, पर जिन्हें मानसिक रूप से भटके हुए प्रमाणित कर दिया जाता है और ऐसे मानसिक भटकाव के अधीन वे अपराध कर बैठते हैं ।

गोष्ठी की सिफारिशों को पहले ही राज्य सरकारों तथा सम्बन्धित मंत्रालयों को विचारार्थ भेज दिया गया है । उत्तरों की प्रतिक्षा की जा रहीं है ।

टेनिस की गेंदों की कमी

2134. **श्री सु० कु० तापडिया :** क्या औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में टेनिस गेंदों की बहुत कमी है;

(ख) क्या यह भी सच है कि बहुत अधिक दामों पर टेनिस की गेंदों को काले बाजार में बेचा जा रहा है;

(ग) क्या सरकार ने टेनिस की गेंदों के मूल्य को नियंत्रित करने के प्रश्न पर विचार किया है; और

(घ) क्या सरकार का टेनिस की गेंदों के निर्माण के लिए और अधिक लाइसेंस देने का प्रस्ताव है ?

औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) जी, हां।

(ख) देश में ही बनी टेनिसबालों पर अधिक कीमतें वसूल किये जाने की शिकायतें सरकार को प्राप्त हुई हैं।

(ग) जी नहीं।

(घ) अभी हाल में ही एक कम्पनी को प्रति वर्ष 50,000 दर्जन टेनिसबाल बनाने का आशय पत्र दिया गया है।

अनुसूचित जातियों का आर्थिक तथा सामाजिक पिछड़ापन

2135. **श्री लोबो प्रभु** : क्या **विधि तथा समाज कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने अनुसूचित जातियों के आर्थिक तथा सामाजिक पिछड़ेपन के बीच सम्बन्ध पर विचार किया है; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्योरा क्या है ?

विधि मंत्रालय तथा समाज कल्याण विभाग में उप मंत्री (श्री मुय्याल राव) : (क) तथा (ख). एक भारतीय समुदाय की सम्बन्धित सामाजिक हैसियत अनेक बातों पर निर्भर करती है, जिनमें ये बातें शामिल हैं :–

(क) शिक्षा का स्तर।

(ख) व्यवसाय का प्रकार।

(ग) आय (आर्थिक स्तर)

(घ) परम्परागत सामाजिक आचरण।

(ङ) धार्मिक विश्वास।

अनुसूचित जातियों के लिये नौकरी के अवसर

2136. **श्री लोबो प्रभु** : क्या **विधि तथा समाज कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) चौथी पंचवर्षीय योजना के प्रारूप में इस तथ्य की ओर ध्यान न देने के क्या कारण हैं कि अनुसूचित जातियों की सामाजिक निर्योगितायें कुलीन जातियों के लोगों पर उनके आर्थिक रूप से निर्भर रहने के कारण हैं;

(ख) क्या सरकार केवल परीक्षण करने के लिये कम से कम नमूना क्षेत्रों में हरिजनों को न्यूनतम मजूरी पर रोजगार का आश्वासन देगी ; और

(ग) इस बात को ध्यान में रखते हुए कि सरकार रोजगार से लाभ उठाने वालों की संख्या दस लाख से कम है, सरकार की शेष अनुसूचित जातियों के लोगों के लिये क्या योजनाएं है ?

विधि मंत्रालय तथा समाज कल्याण विभाग में उप मंत्री (श्री मुध्यालराव) : (क) से (ग) . यह उपधारणा ठीक नहीं है । "चतुर्थ" पचवर्षीय योजना 1969–70–मसौदा" के, जिसकी प्रतियां पुस्तकालय में उपलब्ध हैं, पैराग्राफ 1.38 तथा 1.39 की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है । व्यवसायिक परिवर्तनों को बढ़ावा देने तथा परम्परागत आर्थिक अन्तर्निभंरता को दूर करने के लिए, योजनाओं में शिक्षा तथा हुनरों के विकास पर काफी बल दिया गया है ताकि व्याणिज्य, उद्योग तथा अन्य व्यवसायों में रोजगार के नए रास्ते खुल जाएं । भूमिहीनों को भूमि नियत करने के लिए भी विशेष उपाय किए गए हैं ।

चतुर्थ पंचवर्षीय योजना के दौरान गैर सरकारी क्षेत्र में विनियोजन

2137. **श्री लोबो प्रभु** : क्या **औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत पांच वर्षों में गैर-सरकारी क्षेत्र में वास्तव में कुल कितनी पूंजी लगाई गई जिससे चौथी पंचवर्षीय योजना में 24,00 करोड़ रुपये के विनियोजन के अनुमान का औचित्य सिद्ध हो सके ;

(ख) क्या परियोजनाओं को वर्तमान बेकार पड़ी क्षमता को ध्यान में रखते हुए भी उनमें और अधिक पूंजी लगाई जा रही है;

(ग) किन परियोजनाओं में क्षमता अपर्याप्त सिद्ध हो रही है; और

(घ) जिन परियोजनाओं पर धन लगाने के बारे में निर्णय कर लिया गया है, क्या उनमें उत्पादन के एकक पर लागत की विश्व के मूल्यों से तुलना कर ली गई है और यदि नहीं, तो क्या उर्वरकों, मशीनी औजारों, पम्पसेटों, कीटनाशकों तथा अन्य उपभोक्ता वस्तुओं में जिनके मूल्य भारत में उसी तरह की आयातित वस्तुओं के मूल्यों से 50 से 150 प्रतिशत अधिक हैं और उपभोक्ताओं तथा कृषक से उद्योगों तथा श्रम में पूंजी लगाने को बाध्य करना क्या उचित है ?

औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) गत पांच वर्षों में गैर-सरकारी क्षेत्र में लगी पूंजी के ठीक आंकड़े प्राप्त नहीं है । सामान्य गणना के अनुसार लगभग 300 करोड़ रुपये का विनियोजन गत पांच वर्षों में गैर सरकारी क्षेत्र में किया जा चुका है । चतुर्थ योजना प्रारूप में यह मोटे तौर पर यह पूर्वानुमान किया जाता है कि योजना अवधि में उद्योगों तथा खनिजों के निर्धारित उत्पादन लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए गैर सरकारी विनियोजन 2400 करोड़ रुपये होगा । सरकारी क्षेत्र कार्यक्रम में 250 करोड़ रुपये की व्यवस्था गैर-सरकारी तथा सरकारी उपक्रमों को ऋण देने के लिए शर्तों पर उधार देने वाले संस्थानों के हेतु सरकारी फंड से की गई है । जहां सभी

प्राप्त साधनों से इस किस्म के विनियोजित कार्यक्रम की सहायता प्राप्त की जा सकती है, उन कार्यक्रमों में धन प्राप्ति गैर सरकारी तथा सरकारी क्षेत्र द्वारा इन साधनों को प्रयुक्त करने पर निर्भर है।

(ख) जी हां।

(ग) सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी।

(घ) सरकारी तथा गैर सरकारी दोनों क्षेत्रों में, परियोजनाओं की व्यवहार्यता निर्धारण में उत्पादन लागत का लेखा जोखा लिया जाता है परन्तु कई कारणों से विश्व के मूल्यों से तुलना करना संभव नहीं है जिसमें कच्चे मालों की कीमत, मजदूरी आदि जो देश में प्रचलित है, सम्मिलित हैं। यह भी तो आवश्यक नहीं है कि उत्पादन करने वाले देशों की लागत को या उन देशों के विक्रय मूल्यों को विश्व मूल्य प्रतिबिम्बित करते हों।

इस्पात की उत्पादन क्षमता का विस्तार

2138. **श्री लोबो प्रभु :** क्या इस्पात तथा भारी इंजीनियरी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि .

(क) चौथी पंचवर्षीय योजना के प्रारुप में इस्पात की उत्पादन क्षमता को बढ़ा कर 81 लाख टन करने के क्या कारण हैं जब कि वर्तमान क्षमता के 69 लाख टन होते हुए भी केवल 46 लाख टन का उत्पादन किया जाता है ;

(ख) गत वर्ष कितना इस्पात बिना बिका पड़ा रहा, तथा कितनी मात्रा में इस्पात का निर्यात किया गया और उन पर कितनी राज सहायता दी गई;

(ग) क्या उन मदों की क्षमता का विस्तार किया जायेगा जिन का इस समय आयात किया जाता है;

(घ) यदि हां, तो क्या वर्तमान क्षमता के विवधीकरण से उनका उत्पादन संभव नहीं है; और

(ङ) क्या औद्योगिक अवस्थापना (इन्फास्ट्रुक्चर) पहले ही स्थापित कर ली गई है और किस गणना के आधार पर यह समझा गया है कि इस्पात की मांग बढ़ेगी ?

इस्पात तथा भारी इंजीनियरिंग मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) विस्तार की व्यवस्था चतुर्थ पंच-वर्षीय योजना के प्रारूप में की गई है ताकि तैयार इस्पात की 8.42 मिलियन टन की अनुमानित मांग पूरी की जा सके। इसमें 1973–74 के लिए अनुमानित निर्यात की मात्रा भी शामिल हैं। वर्तमान निर्धारित क्षमता 7.05 मिलियन टन है और 90% उपयोग के आधार पर वास्तविक क्षमता 6.3 मिलियन टन हैं।

(ख) 31–3–1969 की बन्दी के समय स्टाक की स्थिति से पता चलता है कि सभी इस्पात कारखानों के पास कुल 205,103 टन तैयार इस्पात था। इससे यह आशय नहीं है कि इतनी मात्रा खपत के अभाव में बिक न सकी। यातायात की कठिनाइयों तथा अन्य कारणों

के फलस्वरुप तैयार इस्पात की मात्रा का इस्पात कारखानों में पड़ा रहना सामान्य बात है। वर्ष 1968-69 में 816,476 टन इस्पात का निर्यात किया गया। इसके अतिरिक्त 800,286 टन कच्चा लोहा भी निर्यात किया गया। दिसम्बर 1968 तक निर्यात के लिए दी गई वित्तीय सहायता की राशि 6.25 करोड़ रुपये (अनुमानित) थी।

(ग) क्षमता का विस्तार अशतः आजकल आयात की जा रही वस्तुओं जैसे चपटे पदार्थों की पूर्ति और अशतः बिलेट जैसे पदार्थों के, जो काफी दुर्लभ हो गये थे, की कमी को पूरा करने के लिए किया जायेगा।

(घ) जी, नहीं।

(ङ) आर्थिक विकास के साथ साथ औद्योगिक विकास को दम मिला कर चलना है। अतः पहले के विस्तार के साथ दूसरे का विस्तार आवश्यक ही है। इस्पात की मांग का अनुमान लगाते समय यातायात, विद्युत-उत्पादन, विद्युत-प्रसारण की तथा कृषि और उद्योग की विभिन्न शाखाओं की बढ़ती हुई आवश्यकताओं को भी ध्यान में रखा गया हैं।

राजधानी एक्सप्रेस के रेलवे कर्मचारियों को भत्ते

2139. **श्री जि० मो० विस्वास :**
श्री स० मो० बनर्जी :
श्री इन्द्रजीत गुप्त :
श्री रामावतार शास्त्री :

क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि राजधानी एक्सप्रेस में यात्रियों की सेवा में लगे कर्मचारियों के लिए वातानुकूलित डिब्बा नहीं है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि उन्हें आने और जाने के लिए केवल आठ रुपये भत्ता दिया जाता है; और

(ग) यदि हां, तो क्या कर्मचारियों के इस अपर्याप्त भत्ते को बढ़ाने का सरकार का विचार है ?

रेलवे मन्त्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) राजधानी एक्सप्रेस के खानपान विभाग के कर्मचारियों के लिए वातानुकूल पैंट्री कार में स्थान की व्यवस्था की जाती है। कुछ अन्य कर्मचारियों को वातानुकूल कुर्सी यान में जगह दी जाती है। केवल कुछ थोड़े से कर्मचारी अपनी ड्यूटी की आवश्यकताएं पूरी करने के लिए गार्ड के अवातानुकूल भाग में यात्रा करते हैं।

(ख) कर्मचारियों को कोई निश्चित भत्ता नहीं दिया जाता। उन्हें उनके वेतन के अनुरूप सामान्य नियमों के अन्तर्गत निर्धारित दैनिक भत्ता दिया जाता है। लेकिन खानपान विभाग के कर्मचारियों को चलती गाड़ियों में काम करते समय, अन्य गाड़ियों के भोजन यानों के कर्मचारियों की तरह, सामान्य दरों का 50 प्रतिशत दैनिक भत्ता और मुफ्त भोजन दिया जाता है।

(ग) चूंकि इन कर्मचारियों को सामान्य स्वीकार्य दैनिक भत्ता पहले से ही दिया जा रहा है, इसलिए दरें बढ़ाने का प्रश्न ही नहीं उठता।

नक्सलबादियों की समाज विरोधी गतिविधियों के कारण रेलवे सम्पत्ति की हानि

2140. **श्री एन० शिवप्पा :**
श्री कृ० मा० कौशिक :
श्री रा० की० अमीन :
श्री मीठालाल मीना :
श्री जुल्फिकार अली खां :
श्री प्र० के० देव :

क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उग्रवादियों तथा नक्सलवादियों ने हाल में पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, केरल तथा अन्य स्थानों में अनेक रेलवे स्टेशनों पर हमला किया है ;

(ख) इन उग्रवादियों की समाज-विरोधी गतिविधियों के कारण रेलवे सम्पत्ति को गत दो महीनों में कुल कितनी हानि हुई है ; और

(ग) रेलवे प्रशासन ने रेलवे की सम्पत्ति की रक्षा करने के लिये गृह कार्य मंत्रालय तथा राज्य सरकारों की सहायता से अथवा उनकी सहायता के बिना यदि कोई कार्यवाही की हैं, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) जी नहीं।

(ख) और (ग) . सवाल नहीं उठता।

रेलवे के मुख्य इंजीनियरों का सम्मेलन

2141. **श्री स० मो० बनर्जी :** क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सभी रेलों के मुख्य इंजीनियरों का मई, 1969 में रेलवे बोर्ड के साथ कोई सम्मेलन हुआ था ;

(ख) यदि हां, तो क्या उन्होंने गाड़ियों की रफ्तार बढ़ाने के उद्देश्य से आधुनिक प्रकार की रेल पटरियां बनाने व बनाए रखने के बारे में विचार विमर्श किया था ; और

(ग) यदि हां, तो इस सम्मेलन में क्या निर्णय किये गये ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) जी हां।

(ख) जी हां।

(ग) ऐसे सम्मेलनों में कोई निर्णय नहीं किये जाते। ये बैठकें खासकर विस्तृत विचार विमर्श के लिए और वरिष्ठ अधिकारियों के दृष्टिकोण जानने के लिए की जाती हैं ताकि विभिन्न विषयों पर एक आम राय कायम की जा सके जिससे बोर्ड इन सम्मेलनों में विचार किये गये विषयों के सम्बन्ध में उपयुक्त निर्णय कर सकें।

चौथी पंचवर्षीय योजना में उत्तर प्रदेश में उद्योगों की स्थापना

2142. **श्री स० मो० बनर्जी :**
श्री विश्व नाथ पाण्डेय :

क्या **औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) चौथी पंचवर्षीय योजना में उत्तर प्रदेश में कुछ और नये उद्योग स्थापित किये जाने की संभावना है ;

(ख) यदि हां, तो उन उद्योगों के नाम क्या हैं ; और

(ग) क्या इनमें से कुछ उद्योग सरकारी क्षेत्र में होंगे ?

औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) से (ग) . चौथी पंचवर्षीय योजना में जिन केन्द्रीय औद्योगिक परियोजनाओं को स्थापित करने का विचार है वे चौथी पच वर्षीय योजना के मसौदे के पृष्ठ 253-260 में उल्लिखित की गई है। इस योजना में हैवी स्ट्रक्चरल्स प्रोजेक्ट, नैनी तथा हैवी इलैक्ट्रिकल इक्विपमेंट फैक्टरी, हरिद्वार को पूरा करने की व्यवस्था की गई है। ट्रांस्मिशन उपकरण बनाने के लिए इन्डियन टेलीफोन इन्डस्ट्रीज़ के एक एकक के रूप में नैनी में एक कारखाना स्थापित करने का निश्चय किया गया है। पम्प तथा कम्प्रेशर बनाने के लिए सरकारी क्षेत्र में नैनी में एक परियोजना स्थापित करने पर भी विचार किया जा रहा है। चौथी पंच वर्षीय योजना में राज्य क्षेत्र के अन्तर्गत केन्द्रीय परियोजनाओं पर किया जाने वाला अधिक से अधिक विनियोजन बड़े तथा मध्य उद्योगों पर 23.72 करोड़ रुपये तथा ग्रामीण तथा लघु उद्योगों पर 20.10 करोड़ रुपये हैं। उत्तर प्रदेश में जहां तक गैर-सरकारी क्षेत्र नई औद्योगिक परियोजनाओं को स्थापित करने का सम्बन्ध है, यह मुख्य रूप से गैर-सरकारी उद्यमियों पर निर्भर करता है।

केन्द्रीय समाज कल्याण बोर्ड

2143 **श्री पी० विश्वम्भरन** : क्या **विधि तथा समाज कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) केन्द्रीय समाज कल्याण बोर्ड के कर्मचारियों की कुल संख्या कितनी है; और

(ख) उनमें से कितने कर्मचारी अनुसूचित जातियों और अनुचचित आदिम जातियों के हैं ?

विधि मन्त्रालय तथा समाज कल्याण विभाग में राज्य मंत्री (डा० (श्रीमती) फुलरेणु गुह): (क) एक सौ पैंतीस।

(ख) उनमें से आठ अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के हैं ।

Supply of uniforms to Railway Employees of N. E. Railway

+

2144. **Shri K. M. Madhukar** : Will the Minister of Railways be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the employees of the North Eastern Railway have not been provided with official uniforms this year and they are performing their duties with their old torn uniforms ;

(b) whether Government's attention has been drawn to this ;

(c) if so, the persoos responsible for this lapse; and

(d) whether any action is proposed to be taken to rectify the matter and if so, the time by which such action would be taken ?

The Minister of Railways (Dr. Ram Subhag Singh) : (a) 92% of the employees of North Eastern Railway have been provided with uniforms upto June, 1969. The balance 8% employees are expected to be supplied with uniforms shortly.

(b) Does not arise.

(c), (d) and (e). The delay in supply of uniforms to some employees of North Eastern Railway occurred this year as the stitching contract could not be finalised early due to some technical reasons. Action is being taken to eliminate such delays.

फैजाबाद में छोटे ट्रैक्टर बनाने का कारखाना

2145. **श्री रा० कृ० सिंह** : क्या **औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने फैजाबाद में छोटे ट्रैक्टर बनाने के कारखानों को स्थापित करने की योजना को स्वीकृति दे दी है ;

(ख) यदि हां, तो उस पर क्या परिव्यय होगा ;

(ग) कारखाना अपना उत्पादन कार्य कब आरम्भ करेगा ; और

(घ) कारखाने की क्षमता क्या होगी ?

औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) सरकार ने फैजाबाद में छोटे ट्रैक्टर बनाने के कारखाने को स्थापित करने की किसी योजना को स्वीकृति नहीं दी है ।

(ख) से (घ) : प्रश्न ही नहीं उठता ।

ट्रैक्टरों के टायरों की कमी

2146. **श्री सु० कु० तापड़िया** :
श्री क० प्र० सिंह देव :

क्या **औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश में विभिन्न प्रकार के टायरों की और विशेष रूप से ट्रैक्टरों के टायरों की अत्यधिक कमी है ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार का विचार इन टायरों के निर्माण के लिए अधिक लाइसेंस देने का है ; और

(ग) देश में इनकी मांग पूरी करने के लिए प्रतिवर्ष कितने प्रकार के टायरों का आयात किया जाता है ?

औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फ़खरुद्दीन अली अहमद) : (क) यों तो टायरों की समग्र संभरण स्थिति संतोषजनक है, लेकिन कुछ किस्मों के टायरों जैसे ट्रक के टायर, ट्रैक्टर के टायर तथा स्कूटर के टायरों की कमी कभी अनुभव की जाती है ।

(ख) अतिरिक्त क्षमता के लिए लाइसेंस दे दिये गये हैं और फर्मों को संतुलन बनाए रखने वाले उपकरणों तथा अतिरिक्त मोल्डस के आयात करने की आज्ञा देकर सहायता की जा रही है ।

(ग) आयात के लिए मंजूर किये गये टायरों की मुख्यतः किस्म वह है जो ट्रकों, ट्रैक्टरों, स्कूटरों तथा वायुयानों में काम में लाई जाती है ।

अलौह धातु, तारों और औद्योगिक कच्चे माल के मूल्यों में वृद्धि

2147. **श्री सु० कु० तापड़िया** : क्या **औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गत चार महीनों में अलौह धातुओं, तारों तथा विभिन्न अन्य औद्योगिक कच्चे माल के मूल्यों में तेजी से वृद्धि हुई है ;

(ख) क्या यह सच है कि अनेक उद्योगों ने अपने ठेके करने से इन्कार कर दिया है, जिससे छोटे पैमाने के अनेक उद्योगों को कठिनाई हो गई है ; और

(ग) पीतल तथा तांबे की छड़ी सलाखों, तारों तथा चादरों आदि के मूल्य स्थिर रखने के लिये तथा छोटे उद्योगों को इन वस्तुओं की नियमित सप्लाई सुनिश्चित करन के लिये सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) जी, हां । एनेमिल्ड तार और अलौह धातुओं में वृद्धि हुई है ।

(ख) ऐसी कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है ; और

(ग) पीतल, तांबे की छड़े तार आदि की आयातित वस्तुओं का मूल्य लन्दन मेटल एक्सचेंज के प्रशासक मूल्यों पर निर्भर करता है, तथा स्थानीय बाजार भावों की घटाबढ़ी पर निर्भर करता है । इन धातुओं से उत्पादन करने वाले लोगों को इस बात पर रजामन्द करने से सरकार का निरन्तर प्रयत्न रहा है कि वे परिवर्तन प्रभार को न बढ़ायें ।

Export of Steel Scrap

2148. **Shri Maharaj Singh Bharati** : Will the Minister of Steel and Heavy Engineering be pleased to state :

(a) the number of new factories setup after the withdrawal of licence from the furnaces which manufactured steel from the steel scrap and the capacity of each of them;

(b) whether it is a fact that the rates of steel scrap are high due to its export and that more furnaces are not being set up for this very reasons: and

(c) if so, whether Government propose to stop the export of steel scrap ?

The Minister of State in the Ministry of Steel and Heavy Engineering (Shri K. C. Pant). (a) After the delicensing of production of steel from scrap in electric furnaces, new units were required to register themselves for statistical propose with the Iron and Steel Controller. However, no application for registration has so far been made to the Iron and Steel Controller.

(b) The price of steel scrap has increased for a variety of reasons. These are :

(I) increase in the prices of steel;

(II) increase in the cost of collection and handling of scrap; and

(III) increased demand from indigenous consumers consequent on the waiver of excise duty at the rate of Rs. 75/- per tonne on products manufactured out of waste steel

A ban on export may possibly reduce the price of ferrous scrap, but it has to be noted that the price of Heave melting scrap, whose export is completely banned, has also increased.

Increase in the price of ferrous scrap may be one of the reasons for new furnaces not being put up. Other complaints which are advanced by furnace owners are the electricity tariffs in the States and the high cost of indigenously produced graphite electrodes.

(c) Certain suggestions have been received for banning of export of steel scrap. These are being examined, but the Government policy has been to allow only exports which are in excess of domestic requirements.

हिन्दुस्तान मशीन टूल्स की घड़ियों की बिक्री

2149. **श्री महाराज सिंह भारती :** क्या औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि हिन्दुस्तान मशीन टूल्स की घड़ियां बहुत लोकप्रिय हैं और उनकी देश में बिक्री बहुत अधिक हैं ; और

(ख) यदि हां, तो चतुर्थ पंचवर्षीय योजना में उनका उत्पादन बढ़ाने के बारे में योजना क्या है ?

औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) जी, हां।

(ख) 3,00,000 घड़ियों का प्रतिवर्ष उत्पादन करने के लिए हिन्दुस्तान मशीन टूल्स लिमिटेड का काश्मीर में एक फैक्टरी स्थापित करने का और बंगलौर स्थित फैक्टरी में 360, 000 हाथ की घड़ियों के उत्पादन को 500,000 घड़ियां प्रतिवर्ष करने के लिए उसके विस्तार का प्रस्ताव है। इस प्रायोजना के विवरण को अन्तिम रूप दिया जा रहा है।

Provision of additional 1st Class Berths on Railway

2150. **Shri Maharaj Singh Bharati** : Will the Minister of Railways be pleased to state :

(a) whether Government have under consideration a proposal to carry more passeners in 1st class compartments in less space by making provision of two 1st class berths in the space equivalent to that provided for two lower berths in each column of III class sleeper: and

(b) whether Government also propose to make provisions for lower and upper 1st class berths in corridor with a view to accommodate persons going on short journeys and also to provide seats to 1st class passengers in case of sudden over crowding ?

The Minister of Railways (Dr. Ram Subhag Singh) : (a) No.

(b) No.

मीटर गेज सैक्शन पर तेज गति से चलने वाली गाड़ियां

2151 **श्री मुहमद शरीफ** - क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रेलवे ने मीटर लाइन पर तेज गति से गाड़ियां चलाने के बारे में अध्ययन करने हेतु दिल्ली–अहमदाबाद मार्ग को चुना है ;

(ख) यदि हां, तो उक्त मार्ग पर तेज गति से चलने वाली गाड़ियां कब से चलाई जायेंगी ; और

(ग) किन अन्य मार्गों पर तेज गति वाली गाड़ियां चलाने का विचार है ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) जी हां।

(ख) यह उपर्युक्त मद (क) में प्रस्तावित अध्ययन के परिणाम पर निर्भर है।

(ग) निम्नलिखित मार्गों पर तेज गति वाली गाड़ियां चलाना व्यावहारिक होगा कि नहीं, इस सम्बन्ध में अध्ययन करने का विचार है।

(I) दिल्ली–बम्बई (कोटा के रास्ते) ;

(II) दिल्ली-अहमदाबाद (मीटर लाइन) ;

अन्य मार्ग नजर में हैं, लेकिन उनके बारे में अभी तक कोई विनिश्चय नहीं किया गया है।

मनमाड़ से ढोंड स्टेशनों तक मेल एक्सप्रेस गाड़ियां

2152. **श्री क० लकप्पा :** **श्री यशपाल सिंह :**
श्री ए० थी धरन : **डा० सुशीला नैयर :**

क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि केन्द्रीय रेलवे पर मनमाड़ से ढोंड जंक्शन तक के 235 किलो मीटर के मार्ग पर कोई मेल अथवा एक्सप्रेस गाड़ी नहीं चलती हैं ;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ; और

(ग) क्या सरकार को इस मार्ग पर कोई एक्सप्रेस अथवा मेल गाड़ी चलाने का विचार है और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) जी हां।

(ख) और (ग) : ढौंड-मनमाड खंड पर इस तरह का यातायात नहीं है जिससे इन स्टेशनों के बीच कोई डाक या एक्सप्रेस गाड़ी चलाने का औचित्य हो।

मफतलाल उद्योग समूह/फर्म

2153. **श्री क० लकप्पा :**
श्री ए० श्रीधरन :

क्या **औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय देश में मफतलाल उद्योग-समूह कम्पनियों की कौन-कौन सी फर्में हैं;

(ख) इन फर्मों में कितनी पूंजी लगी हुई है ;

(ग) उनमें कितने कर्मचारी कार्य कर रहे हैं ;

(घ) गत तीन वर्षों में सरकार ने इन फर्मों को कितना ऋण दिया है ; और

(ङ) उन्हें किन-किन एजेन्सियों ने यह ऋण दिया और ब्याज की किस दर पर ?

औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) तथा (ख) : एकाधिकार जांच आयोग द्वारा मफतलाल समूह में सम्मिलित की गई कम्पनियों के नाम तथा 1967-68 में इन कम्पनियों में से प्रत्येक की प्रदत्त पूंजी बताता हुआ एक विवरण-पत्र सदन के पटल पर प्रस्तुत है। [पुस्तकालय में **रखा गया। देखिये संख्या एल० टी० 1522/69**]

(ग) सूचना उपलब्ध नहीं है, क्योंकि कम्पनी अधिनियम, 1956 के उपबन्धों के अन्तर्गत कम्पनियों के लिए इसे भेजना अपेक्षित नहीं है।

(घ) तथा (ङ) : यह सूचना संग्रह की जा रही है, व सदन के पटल पर प्रस्तुत कर दी जायेगी ।

काजीपेट और वार्धा के बीच गाड़ियों का देर से चलना

2154. **श्री कृ० मा० कौशिक :** क्या रेलवे मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि काजीपेट और वार्धा के बीच गाड़ी प्रति दिन कई घंटे विलम्ब से चलती हैं ;

(क) क्या सरकार को इस बात की भी जानकारी है कि गाड़ी के इस प्रकार देर से चलने के कारण वार्धा में यात्री अगली गाड़ी नहीं पकड़ सकते ; और

(ग) यदि हां, तो गाड़ियों को ठीक समय पर चलना सुनिश्चित करने के लिये सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

रेलवे मन्त्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) और (ख) . काजीपेट और वर्धा के बीच चलने वाली सवारी गाड़ियों का समय पालन संतोषजनक नहीं रहा है जिसका प्रधान कारण अधिक महत्वपूर्ण डाक / एक्सप्रेस गाड़ियों से मेल लेने में होने वाला विलम्ब और गाड़ियों का निर्धारित समय-पथ पर न चलना है । अनधिकृत रूप से खतरे की जंजीर खींचने की प्राय: होने वाली वारदातों, उपद्रवों, बंधों और प्रदर्शनों द्वारा गाड़ी चलने में डाली जाने वाली बाधाओं, आवश्यक रेल उपस्करों की चोरियों आदि के कारण काजीपेट-वर्धा के बीच संतृप्त खंड पर गाड़ियों के निर्धारित समय में बहुत कम अन्तर होने से प्राय: व्यक्तिक्रम हो जाता है जिसके फलस्वरूप काजीपेट-वर्धा सवारी गाड़ियां अनियमित रूप से अवरुद्ध हो जाती है । हाल के महीनों में तेलंगाना आन्दोलन के कारण स्थिति और भी खराब हो गयी है और काजीपेट-विजयवाड़ा-आंगोल खंड पर व्यापक टूट-फूट के कारण बहुत बड़ी संख्या में मार्ग परिवर्तन करना पड़ा । गाड़ियों के समय में अत्यधिक विलम्ब के कारण वर्धा में इन गाड़ियों का निर्धारित मेल नहीं हो पाता ।

(ग) इन गाड़ियों के संचलन पर कड़ी निगाह रखी जाती है ताकि वर्तमान सीमाओं के भीतर इनके समय पालन में सुधार किया जा सके । काजीपेट में यार्ड के ढ़ांचे में परिवर्तन के साथ काजीपेट और वेलमपल्ली के बीच कहीं कहीं दोहरी लाइन बिछाने का काम, जो अभी जारी है, गाड़ी संचलन में अधिक लचीलापन आ जायेगा और आशा है कि इसके फलस्वरूप काजीपेट-वर्धा खंड पर इनके तथा अन्य गाड़ियों के समय पालन में सुधार हो जायेगा ।

अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के लिये महाराष्ट्र को गृह निर्माण के लिये अनुदान

2155. **श्री कृ० मा० कौशिक :** क्या विधि तथा समाज कल्याण मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के लिये गृह निर्माण संबंधी केन्द्रीय योजनाओं के अन्तर्गत गत तीन वर्षों में महाराष्ट्र राज्य को कितनी राशि दी गई और उसने कितनी राशि का उपयोग किया ;

(ख) क्या पी० डब्ल्यु० आर० योजना संख्या 219, जिसके अन्तर्गत अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों को अनुदान-सहायता और ब्याज रहित ऋण दिये जा रहे थे, अभी भी चल रही है ;

(ग) यदि हां तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(घ) यदि नहीं, तो सरकार अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों को गृह निर्माण कार्य में सहायता के लिये क्या कार्यवाही करने पर विचार कर रही है ?

विधि मन्त्रालय तथा समाज कल्याण विभाग में उप-मन्त्री (श्री मुथ्याल राव) : (क) से (घ) . यह सूचना महाराष्ट्र सरकार से एकत्रित की जा रही है तथा प्राप्त होने पर सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

Recruitment of Jawans in Railway Protection Special Force

2156. **Shri Molahu Prasad :** Will the Minister of **Railways** be pleased to refer to the reply given to Starred Question No. 561 on the 18th March, 1969 regarding recruitment of Jawans in Railway Protection Special Force and state ;

(a) whether a copy of the order would be laid on the Table of the House under which the period of panel formed in February, 1967, was treated to be over after expiry of one year in February, 1968 ;

(b) if not, the reasons therefor ; and

(c) whether the Police verification, medical examination and X-ray etc. of the persons selected in the middle of 1968 have been done and whether their appointments have also been made ?

The Minister of Railways (Dr. Ram Subhag Singh) : (a) Para 13 of Chapter X of the R. P. F. Regulations provides for the annual quota for recruitment of Rakshaks. A copy thereof is placed on the Table of the House. In the present case the annual quota of vacancies of Rakshaks in 1967, worked out originally, lapsed due to surrendering of posts as an economy measure and hence the panel also lapsed.

(b) Does not arise.

(c) Out of 153 persons selected in the middle of 1968 by the RPSF Unit at Gorakhpur, 118 were called but only 102 persons turned up. They were sent for medical and X-ray examination. 87 were found medically fit for recruitment. Before they were sent for training, 9 persons deserted. 78 persons were sent for training. Of those, 3 deserted later. Police verification of 75 persons could, thereafter, be initiated. Of those, 71 persons completed the training successfully and they have been appointed as Rakshaks.

Statement

Extract of Para 13 of the R. P. F. Regulations, 1966 :---

"**13. Annual quota for recruitment** :–The number of persons to be recruited shall, during a year, as far as possible, be fixed before-hand on the basis

of training and casualty reserves in a particular division or unit. Any change in the fixed quota shall be made under a specific order of the Chief security Officer.

The recruitment shall then be spread over throughout the year to ensure the selection of a few but the best of the lot who present themselves each time."

Promotion of Scheduled Castes and Scheduled Tribes Employees against Reserved Posts in Railway Ministry

2157. Shri Molahu Prasad : Will the Minister of Railways be pleased to refer to the reply given to Unstarred Question No. 9412 on 13th May, 1969 regarding the promotion of Scheduled Castes and Scheduled Tribes employees against reserved posts in his Ministry and state :

(a) whether the required information has since been collected ;

(b) if so, the details thereof ; and

(c) if not, the reasons for the delay ?

The Minister of Railways (Dr. Ram Subhag Singh) : (a) to (c) : Information has been collected and is given in the annexure attached. **[Placed in Library. See No. L.T. 1523/69]**

Delay in issuing tickets by Railway Booking Clerks

2158. Shri Molahu Prasad :
Shri Om Prakash Tyagi :

Will the Minister of Railways be pleased to state :

(a) whether Government are aware of the fact that the Railway Booking Clerks slow down their speed of issuing tickets considerably some time before the departure of trains as a result of which many passengers forget to take their balance amount in hurry and a large number of passengers are not able to get the tickets ;

(b) if so, whether Government propose to issue strict instructions to the Guards that they should not try to avoid issuing tickets to the passengers on platform ; and

(c) whether instructions are also proposed to be issued to the Railway Booking Clerks that they should not causes unnecessary delay in issuing the tickets ?

The Minister of Railways (Dr. Ram Subhag Singh) : (a) It is not a fact that Booking Clerks slow down their speed of issuing tickets before the departure of trains. It, however, information in regard to any specific case is furnished, it will be looked into.

(b) Guards are not authorised to issue tickets to passengers on platforms.

(c) Instructions already exist that the Booking Clerks should be prompt in issuing tickets.

Shuttle Service between Delhi and Meerut

2159. **Shri Molahu Prasad :**
Shri Om Prakash Tyagi :
Shri Ram Swarup Vidyarthi :

Will the Minister of Railways be pleased to state :

(a) whether it is a fact that no Shuttle service between Delhi and Meerut is available to the Industrial workers from Delhi in the morning between 7 and 8 and from Meerut in the evening inspite of the rapid increase in the industrial area between Delhi and Meerut ;

(b) whether Government are aware of the fact that many industrial workers have to go from Ghaziabad onward by carts. tongas and buses as a result of which they have to incur a lot of expenditure ; and

(c) if so, whether Government propose to introduce any Delhi-Meerut Shuttle service at the said timings ?

The Minister of Railways (Dr. Ram Subhag Singh) : (a) and (b) . For the few passengers travelling from Delhi to Meerut in the morning, trains No. 331 Passenger (Dep : Delhi 05,45 hrs.) and 19 Up Dehradun Express (Dep : Delhi 08.15 hrs.) are available. Similarly, in the return direction, 4 DSU is scheduled to leave Meerut City at 17.37 hours for Delhi.

(c) Introduction of an additional train between Delhi and Meerut is not operationally feasible at persent for want of spare line capacity on the saturated Ghaziabad Meerut single line section.

Railways Earnings from Contracts at Railway Stations

2160. **Shri Nihal Singh :** Will the Minister of Railways be pleased to state .

(a) the earnings of the Railways from contracts awarded to fruit sellers and other vendors at all the stations of Indian Railways during each of the last three years, separately ; and

(b) the number of fruit sellers and other vendors to whom contracts were awarded annually during the said period ?

The Minister of Railways (Dr. Ram Subhag Singh) : (a) and (b) . The information is being collected and will be laid on the Table of the Sabha.

औद्योगिक लाइसेन्स नीति

2161. **श्री प्रेम चन्द वर्मा :** क्या **औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा सम्वाय-कार्य** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार की औद्योगिक लाइसेंस नीति की मुख्य बातें क्या हैं और क्या यह सुनिश्चित करने के लिये कि एकाधिकार को प्रोत्साहन न मिले उपबन्ध किये गये हैं और यदि हां, तो क्या क्या उपबन्ध किये गये हैं ;

(ख) प्रमुख उद्योग गृह छोटे पैमाने के उद्योगों के विकास को हानि न पहुँचा सकें यह सुनिश्चित करने के लिये क्या उपबन्ध किये गये हैं ;

(ग) उन एकाधिकारिक उद्योग गृहों के नाम क्या हैं जो तीन अथवा इससे अधिक उपभोक्ता वस्तुएं बनाते हैं ; और

(घ) क्या सरकार का विचार यह सुनिश्चित करने के लिये कि प्रमुख उद्योग गृह उन वस्तुओं को न बना सकें जिनका उत्पादन छोटे पैमाने के उद्योगों द्वारा किया जा रहा है, लाइसेंस नीति में फेरबदल करने का है और यदि हां, तो उसका ब्योरा क्या हैं ?

The Minister of industrial Development, Internal Trade and Company Affairs (Shri F.A. Ahmed): (a) and (b). No such reference appears to have been received by the Central Govt. and it has been confirmed by the Madhya Pradesh Govt. also that no such move has been made by the state Govt. However, the entire question of what changes should be made in the industrial licensing policy and porecedures is under consideration of the Govt. at present, in the light of the recommendations made by the Planning Commission in the draft Fourth Five Year Plan and in the Report of the Industrial Licensing Policy inquiry Committee which has been received by the Govt. on 19.7.69.

New Railway lines in Madhya Pradesh.

2201. Shri G. C. Dixit : Will the Minister of Railways be pleased to state :

(a) whether there is any proposal to construct new Railway lines in Madhya Pradesh during the year 1969--70 and also during the Fourth Five Year Plan period;

(b) if so, the time by which the work is likely to be started; and

(c) if not, the reasons therefor ?

The Minister of Railways (Dr. Ram Subhag Singh) : (a) to (c) . The proposals of new lines to be taken up for construction during Fourth Plan have not yet been finalised. As such it is not possible at this stage to say which of the new lines will be constructed in the State or Madhya Pradesh next year or in the Fourth Plan.

Loss to Railways due to students agitation in Madhya Pradesh

2202. Shri G. C. Dixit : Will the Minister of Railways be pleased to state the extent of loss caused to the Railway property due to students' agitations in Madhya Pradesh during the period from the 3lst January, 1969 to 3lst May, 1969 ?

The Minister of Railways (Dr. Ram Subhag Singh) : There is no information of any loss to Railway property on account of students' agitation in Madhya Pradesh during the period 31.1.69 to 31.5.69.

Development of Small Scale Industries

2203. Shri G. C Dixit : Will the Minister of Industrial Development, Internal Trade and Company Affairs be pleased to state :

(a) whether the Central Government have received any scheme from the Government of Madhya Pradesh for the development of small scale industries and the establishment of Industrial Estates in the State; and

(b) if so, the salient features thereof ?

The Minister of Industrial Development, Internal trade and Company affairs (Shri F. A. Ahmed) : (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

Scholarships for Low Income Group Students of Madhya Pradesh

2204. Shri G. C. Dixit : Will the Minister of Law and Social Welfare be pleased to state:

(a) the number of low- income group students of Madhya Pradesh who were given scholarships by the Central Government in the year 1967-68 and the total amount of scholarships so granted;

(b) the income group of the guardians of those students who received the scholarships; and

(c) the income limits stressed by the Madhya Pradesh Government ?

The Deputy Minister in the Ministry of Law and in the Department of Social Welfare (Shri Muthyal Rao) : (a) to (c) . The information is being collected from the State Government and will be laid on the Table of the Sabha when received.

वातानुकूलन और प्रशीतन उद्योग की बेकार क्षमता

2205. श्री रा० कृ० बिड़ला : क्या **औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि वातानुकूलन और प्रशीतन उद्योग की 50 प्रतिशत क्षमता बेकार रहती है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार का विचार वातानुकूलित और प्रशीतन उपकरणों पर से उत्पादन शुल्क समाप्त करने का है, और यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा उद्योग को निर्यात प्रधान बनाने के सम्बन्ध में क्या कार्यवाही की जा रही है ?

औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) और (ख) : यह सत्य है कि वातानुकूलन औरप्रशीतन उद्योग की 50 प्रतिशत क्षमता बाकी बेकार रहती है । इसका प्रमुख कारण यह है कि इसकी मांग कम है, फलत: उत्पादन अधिक नहीं हो पाता हैं । हाल ही में हुई सामान्य मन्दी ही कुछ अंशों में कम मांग का कारण है ।

(ग) जी नहीं ।

(घ) निर्यात प्रोत्साहन के लिए निम्नलिखित सुविधायें प्रदान की जाती हैं :—

(1) जहाज तक निशुल्क निर्यात मूल्य के 30 प्रतिशत के मूल्य की आयात संपूर्ति,

(2) जहाज तक निशुल्क मूल्य पर 25 प्रतिशत की सहायता ।

(3) निर्यात हेतु वस्तुओं के लिए देशी लोहे और इस्पात का अन्तरराष्ट्रीय मूल्य पर सम्भरण ।

(4) निर्यात हेतु वस्तुओं के उत्पादन सम्बन्धी माल पर केन्द्रीय उत्पादन कर और सीमाकर की वापिसी

(5) कर में छूट-यदि कर युक्त प्रशीतन और वातानुकूल उपकरण नेपाल, भूटान और सिकिम के अतिरिक्त बाहर निर्यात किये जाते हैं । उत्पादन कर बिना दिये भी शर्तें नामें पर माल का निर्यात ।

(6) निर्यात सम्बर्धन परिषद द्वारा प्रचार, प्रदर्शनियों में भाग लेने तथा प्रतिनिधि मंडल भेजने और विक्री दल भेजने पर सहायता ।

Security of Railway employees and Passengers on trains

2206. **Shri Yashwant Singh Kushwah :**
Shri Yashpal Singh :

Will the Minister of **Railways** be pleased to state the fresh measures taken for the security of the Railway Ticket Examiners, othor Railway employees and passengers while travelling by trains ?

The Minister of Railways (Dr. Ram Subhag Singh) : (i) Apart from tightening up the normal police arrangements by the Government Railway Police, such as keeping watch at important stations and periodical raids to round up criminals and anti-social elements, the State Governments of Uttar Pradesh, West Bengal and Bihar have taken additional security measures by way of introducing armed patrolling/setting up of special camps in affeeted areas.

(ii) During special drives against ticketless, personnel of the Government Railway Police and Railway Protection Force are sent with the ticket checking staff.

(iii) Strict instructions have also been issued to the Railway Protectien Force staff, on duty in yards or station platforms for guarding railway property, to rush to the scene of crime in case of violent attacks on railway staff or passengers etc., and render all possible help to the victims.

Central Assistance to States

2207. **Shri Yashwant Singh Kushwah** : Will the Minister of **Law and Social Welfare** be pleased to state whether it is a fact that Government are contemplating to change the very basis on which the Central assistance for Social Walfare Schemes is given to the State Government ?

The Minister of State in the Ministry of Law and in the Department of Social Welfare (Dr. (Smt.) Phulrenu Guha) : No, Sir.

मैसर्स अतुल प्रोडक्ट्स

2208. **श्री जनार्दनन** : क्या इस्पात तथा भारी इंजीनियरिंग मंत्री मैसर्स अतुल प्रोडक्टस के बारे में 12 नवम्बर, 1968 के अतारांकित प्रश्न संख्या 257 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इस मामले की जांच इस बीच जारी हो गई है; और

(ख) यदि हां तो उसके क्या परिणाम निकले है ?

इस्पात तथा भारी इंजीनियरिंग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कृष्ण चन्द पन्त) : (क) और (ख) : केन्द्रीय जांच विभाग अभी मामले की जांच कर रहा है ।

पश्चिम रेलवे टिकट निरीक्षण कर्मचारी संघ द्वारा अभ्यावेदन

2209. **श्री हुकम चन्द कछवाय :** क्या रलवे मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार को पश्चिमी रेलवे टिकट निरीक्षण कर्मचारी संघ की ओर से एक अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है जिसमें यात्रा भत्ता कटौती समेकन योजना को समाप्त करने और टिकट निरीक्षण कर्मचारियों को पहले की भांति यात्रा भत्ता देने की मांग की गई है ; और

(ख) यदि हां, तो इस बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है और इस सम्बन्ध में सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

रेलवे मन्त्री (डा० राम सुभगसिंह) : (क) इस बारे में पश्चिमी रेलवे को एक अभ्यावेदन प्राप्त हुआ हैं ।

(ख) रेलवे प्रशासन ने, फैसला होने तक पहले की भांति स्थिति रखने का फैसला किया है ।

Birla Group of Concerns

2210. **Shri Hukam Chand Kachwai :** Will the Minister of **Industrial Development, Internal Trade and Company Affairs** be pleased to refer to the reply given to Starred Question No. 1509 on the 6th May, 1969, regarding the Birla Group of concerns in India and state :

(a) the year in which the 151 Companies, belonging to Birla Group and having a paid-up capital of Rs. 76·3 crores in 1963-64, were set up, alongwith their names; and

(b) the number of directors of each Company and their names ?

The Minister of Industrial Development, Internal Trade and Company Affairs (Shri F. A. Ahmed) ; (a) and (b) . The information is being collected and it will be laid on the Table of the House.

Sahu Jain Group of Industries

+

2211. **Shri Hukam Chand Kachwai :** Will the Minister of **Industrial Development, Internal Trade and Company Affairs** be pleased to refer to the reply given to Unstarred Question No. 8537 on the 6th May, 1969 and state ;

(a) the years in which the companies, belonging to Sahu Jain Group and having a paid-up capital of Rs. 19 6 crores in 1963-64, were set up alongwith their names ; and

(b) the number and the names of directors of each Company ?

The Minister of Industrial Development, Internal Trade and Company Affairs (Shri F. A. Ahmed) : (a) and (b) : The required information in respect of companies as were listed by the Monopolies Inquiry Commission as belonging to the Sahu Jain Group is brought out in the Statement laid on the Table of the House. **(Placed in Library. See. No. LT. 1529/69).**

Unpaid Water Charges by Heavy Electricals, Bhopal

2212. Shri Hukam Chand Kachwai : Will the Minister of **Industrial Development, Internal Trade and Company Affairs** be please to state :

(a) whether it is a fact that the Heavy Electricals. Bhopal owe a large amount to the Bhopal Municipal Carporation on account of water charges for water supplied to it;

(b) whether Government have enquired into the water dues to be paid to the Municipal Corporation, Bhopal and

(c) if so, the details thereof and the steps proposed to be taken by Government to ensure the payment of the dues ?

The Minister of Industrial Development, Internal Trade and Company Affairs (Shri F. A. Ahmed) : (a) to (c) : The Bhopal Municipal Corporation has made certain claims for the water supplied to the Heavy Electricals (India) Ltd., Bhopal. Government are in correspondence with the Madhya Pradesh Government to settle the claim.

Cancellation of train services on Southern Railway

2213. Shri Raghuvir Singh Shastri : Will the Minister of Railways be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the train service for Southern India was disrupted during May-June last and a number of trains had to be cancelled;

(b) if so, the reasons thereof;

(c) the extent of loss suffered by the Railways on this account; and

(d) the action proposed to be taken by Government to prevent the recurrence of such situations ?

The Minister of Railways (Dr. Ram Subhag Singh) : (a) Yes.

(b) Heavy rains/floods resulting in serious breaches in the railway track.

(c) The loss suffered by the railways is as follows :

(i) South-Eastern Railways	Rs. 10.54 Lakhs.
(ii) South-Central Railways	Rs. 639.00 Lakhs.
(iii) Southern Railway	Rs. 13.43 Lakhs.

(d) Protective works for railway banks and bridges and expansion of waterways in bridges as found necessary, are being provided.

इस्पात आदि की मांग

2214. **श्री ज्योतिर्मय बसु :** क्या **औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय कार्य** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1965-66 से 1968-69 तक इंजीनियरी उद्योगों के लिए आवश्यक इस्पात, कच्चे माल, तांबे, एल्युमिनियम तथा अन्य कच्चे माल की कुल मांग का (मात्रा में) राज्यवार तथा वर्षवार ब्यौरा क्या है ; और

(ख) वर्ष 1965-66 से 1968-69 तक प्रत्येक मद की सप्लाई (मात्रा में) का राज्यवार तथा वर्षवार ब्यौरा क्या है ?

औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मन्त्री (श्री फकरुद्दीन अली अहमद) : (क) तथा (ख) : जानकारी इकट्ठी की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी।

संयुक्त औद्योगिक उद्यम

2215. **श्री ज्योतिर्मय बसु :** क्या **औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1968 में सरकार ने भारतीय निवेश केन्द्र (इण्डियन इन्वेस्टमेंट सेन्टर) द्वारा कितने संयुक्त औद्योगिक उपक्रमों को मन्जूरी दी है ;

(ख) उन पर कुल कितना परिव्यय आयेगा और उसमें विदेशी मुद्रा कुल कितनी होगी ;

(ग) 1961 में अमरीका, ब्रिटेन, पश्चिमी जर्मनी, जापान तथा अन्य देशों के साथ कितने संयुक्त उपक्रमों की मन्जूरी दी गई है उन पर कुल कितना परिव्यय आयेगा और उसमें विदेशी सहयोगियों का कितना भाग होगा ; और

(घ) किन संयुक्त उपक्रमों की अंश पूंजी में विदेशी सहयोगियों के 50 प्रतिशत से कम तथा अधिक अंश हैं ?

औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मन्त्री (श्री फकरुद्दीन अली अहमद) : (क) 1968 में सरकार ने भारतीय निवेश केन्द्र द्वारा प्रक्रमित 16 संयुक्त औद्योगिक उपक्रमों को अनुमोदित किया।

(ख) इन 16 प्रस्तावों में कुल पूंजीगत परिव्यय रु. 948 लाख है। इसमें विदेशी सहयोगियों का अंश रु. 496.10 लाख है।

(ग) इन संयुक्त उपक्रम प्रस्तावों का देशवार ब्योरा नीचे दिया गया है :

क्र० सं०	देश का नाम	संयुक्त उपक्रम की संख्या	अनुमानित कुल परिव्यय (लाख रु. में)	विदेशी अंश	टिप्पणी
1.	अमरीका	7	792.20	449.70	ब्रिटेन के रु. 121.50लाख अंश भी अमेरीका ब्रिटेन भारतके संयुक्त उपक्रम में सम्मिलित है।
2.	ब्रिटेन	2	23.00		ब्रिटेन पूंजी के अंश के बारे में उपरोक्त टिप्पणी देखिये।
3.	जर्मन गणतन्त्र	4	77.00	26.90	
4.	जापान	—	—	—	
5.	दूसरे देश	3	56.00	19.50	
	जोड़ :	16	948.00	496.10	

(घ) उपर्युक्त 16 मामलों में से 6 उपक्रमों में कोई विदेशी पूंजी नहीं लगी है। बाकी के 10 उपक्रमों में विदेशी पूंजी के सहयोग का हिस्सा निम्नलिखित है :

ऐसे उपक्रम जिनमें विदेशी सहयोगियों की 50 प्रतिशत से कम इक्विटी पूंजी है।

1. एच० एम० टी० वर्जन लि०, हैदराबाद।
2. सिसी प्रा० लि०, बम्बई
3. ज्योमैथ्स, एर्नाकुलम
4. डा० विनोद बी० महरोत्रा
5. काण्डला मुक्त व्यापार क्षेत्र, गांधीधाम
6. एशियन डायरेक्टस लि० बम्बई
7. भारत बर्सटोर्फ पब्लिक लि०, बैंगलोर
8. श्री एम० बरदाराजन, हैदराबाद
9. टाटा सन्स प्रा० लि०, बम्बई

ऐसे उपक्रम जिनके 50 प्रतिशत से अधिक अंश विदेशी सहयोगियों के पास है।

1. मैसूर खाद कम्पनी, मद्रास।
2. इंगलहार्ड मिनरल्स एण्ड कैमिकल्स कारपोरेशन, यू० एस० ए० श्री किशोर एम० प्रेमचंद, बम्बई के सहयोग से।

चौथी योजना में कृषि उद्योग

2216. **श्री ज्योतिर्मय बसु** : क्या औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या चौथी पंचवर्षीय योजना की अवधि में हमारे आर्थिक विकास में कृषि-उद्योगों का योगदान बहुत महत्वपूर्ण होगा ;

(ख) यदि हां, तो सरकार के अनुसार किस-किस प्रकार के उद्योगों को, कृषि-उद्योगों की श्रेणी में रखा जायेगा ; और

(ग) चौथी पंचवर्षीय योजना में प्रत्येक राज्य में कृषि उद्योगों के विकास का कार्यक्रम क्या है ?

औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मन्त्री (श्री फकरुद्दीन अली अहमद) : (क) जी हां।

(ख) एक सूची संलग्न है। [पुस्तकालय में रखा गया। देखिये संख्या एल० टी० 1530/69]

(ग) सूचना इकट्ठी की जा रही है। सभा पटल पर रखदी जायेगी।

अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के आयुक्त की सिफारिशों की क्रियान्विति

2217. **श्री ज्योतिर्मय बसु** : क्या विधि तथा समाज कल्याण मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के आयुक्त के 17 वें (1967-68) प्रतिवेदन के भाग एक और दो में निहित सिफारिशों विशेषकर जबरी, भजरी, दासता, अस्पृश्यता, मकान, शिक्षा तथा स्वास्थ्य सम्बन्धी सिफारिशों को क्रियान्वित करने के लिए यदि कोई कार्यवाही की गई है अथवा की जा रही है तो क्या ?

विधि मन्त्रालय तथा समाज कल्याण विभाग में उपमन्त्री (श्री भय्यालराव) : इस रिपोर्ट की प्रतियां राज्य सरकारों तथा सघ शासित क्षेत्र प्रशासनों को भेज दी गई है। राज्य सरकारों के विचार प्राप्त होने पर इस सारे मामले पर अनुसूचित जातियों, अनुसूचित आदिम जातियों तथा पिछड़े वर्गों के कार्यभारी राज्य मन्त्रियों के सम्मेलन में विचार-विमर्श किया जायगा।

गोइनका उद्योग समूह

2218. **श्री ज्योतिर्मय बसु** : क्या औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय कार्य मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गोइनका उद्योग समूह ने हाल में बहुत से समवायों के प्रबन्ध को अपने हाथ में ले लिया है ;

(ख) यदि हां, तो उन समवायों के मालिकों के नामों, पूंजी की स्थिति तथा अंशों इत्यादि के सम्बन्ध में विस्तृत तथ्यों सहित ब्यौरा क्या है ? जिनका प्रबन्ध गोइनका उद्योग समूह ने अपने हाथ में गत दस वर्षों में लिया है ;

(ग) क्या सरकार यह समझती है कि बड़ी संख्या में समवायों के प्रबन्ध लिये जाने से आर्थिक शक्ति का और अधिक केन्द्रीयकरण होता है ;

(घ) यदि हां, तो प्रवृत्ति को बढ़ने की अनुमति दिये जाने के क्या कारण हैं ; और

(ङ) इस मामले के बारे में सरकार की क्या नीति है ?

औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मन्त्री (श्री फकरुद्दीन अली अहमद) : (क) तथा (ख) . वर्तमान में दो गोइनका समूह हैं । एक का एकाधिकार जांच आयोग द्वारा, अपनी रिपोर्ट के पृष्ठ 58 पर वर्णन किया गया है, तथा दूसरा श्री रामनाथ गोइनका द्वारा नियन्त्रित है । प्रथम समूह की बाबत, एकाधिकार जांच आयोग द्वारा अपनी रिपोर्ट में 31 मार्च, 1964 तक उपलब्ध सूचनाओं के आधार पर, इस समूह से सम्बन्धित दिखाई गई कम्पनियों के अतिरिक्त, निम्नलिखित कम्पनियों पर, इसके पश्चात नियन्त्रण किया गया प्रतीत हुआ है :-

1. एशियन केबिल्स कारपोरेशन लि०
2. बालमोर लौरी एण्ड कम्पनी लि० (इसके साथ निम्नलिखित सहायक कम्पनियां भी हैं ।)
   1. दी बंगाल फ्लौर मिल्स कम्पनी लि०
   2. ब्रज एण्ड रुफ कम्पनी (इण्डिया) लि०
   3. ब्रिटीश इण्डिया इलैक्ट्रिक कन्स्ट्रक्शन क० लि०
   4. स्टील कन्टेनर्स लि०
   5. इण्डस्ट्रीयल कन्टेनर्स लि०
   6. होप्स मोंटल वोन्डोज (इण्डिया) लि०

इन कम्पनियों के स्वामित्व, पूंजी विन्यास तथा हिस्सेदारिता के ब्यौरे परिशिष्ट (क) में दिखाये गये हैं । **[पुस्तकालय में रखा गया । देखिए संख्या एल० टी० 1531/69]**

दूसरे समूह, अर्थात श्री रामनाथ गोइंका द्वारा नियन्त्रित समूह की बाबत, उपलब्ध सूचनाओं से ऐसा प्रतीत हुवा है कि इस समूह में 8 कम्पनियां सम्मिलित हैं । इन कम्पनियों के स्वामित्व इत्यादि के ब्यौरे परिशिष्ट (ख) में दिये गये हैं । जैसा कि 20-11-1968 को, (ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर एक वक्तव्य देते हुए) उस समय के माननीय उप-प्रधान मन्त्री ने कहा था, श्री रामनाथ गोइंका ने, गत दो वर्षों की अवधि में, इण्डियन आयरन एन्ड स्टील कम्पनी के हिस्सों का परिणामी क्रय किया है तथा बाजार की इस खरीददारी से उन्होंने एक बहुत बड़े भाग को अधिकार में कर लिया है । इण्डियन आयरन एण्ड स्टील कम्पनी में इस "समूह की कम्पनियों" द्वारा नियोजन, परिशिष्ट ग' में दिया गया है ।

(ग), (घ) तथा (ङ) : सरकार के एकाधिकार नियन्त्रण स्वरोच्चारण पर दिनाङ्क 5 सितंबर, 1966 के संकल्प, जो सदन के पटल पर 6 सितंबर, 1966 को सुशोभित किया गया, तथा इसी बाबत एकाधिकार एवं निर्बन्धात्मक व्यापार प्रक्रिया विधेयक, 1967 के उपबन्धों की ओर, जो संसद के समय अनिर्णित हैं, ध्यान आकर्षित किया जाता है।

पालजा घाट से दरभंगा तक 82 अप रेलगाड़ी का देरी से चलना

2219. **श्री भोगेन्द्र झा** : क्या रेलवे मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मार्च से जून 1969 तक के महीनों में 82 अप रेलगाड़ी पालजाघाट से दरभंगा तक कितने दिन ठीक समय पर चली है तथा कितने दिन यह रेलगाड़ी दरभंगा एक घन्टे से अधिक देरी से पहुंची है ;

(ख) उक्त तीन महीनों के दौरान कितने दिन इस गाड़ी के यात्रियों को निरमाली तथा जयनगर जाने वाली रेलगाड़ियां नहीं मिल सकीं;

(ग) गत 15 अप्रैल से अब तक दरभंगा से नरकटियागंज जाने वाली 109 अप रेल-गाड़ी कितने दिन समय पर चली है ; और

(घ) उपरोक्त विलम्बों के क्या कारण हैं तथा लोगों को इनके बारे में समाचार पत्रों से सूचित क्यों नहीं किया गया ?

रेलवे मन्त्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) मार्च से जून 1969 तक के 4 महीनों में 82 अप सवारी गाड़ी दरभंगा में 56 दिन ठीक समय पर पहुंची और 45 दिन एक घण्टे से अधिक देरी से पहुंची।

(ख) अप्रैल से जून, 1969 तक की अवधि में दरभगा में 331 अप; 321 अप से 82 अप सवारी गाड़ी का निर्धारित मेल 52 बार नहीं हो पाया।

(ग) 15 अप्रैल से 30 जून 1969 तक की अवधि में, 109 अप सवारी गाड़ी नरकटियागंज में 37 दिन ठीक समय पर पहुंची।

(घ) इन गाड़ियों के देरी से चलने के जिम्मेदार प्रधान पहलू खतरे की जन्जीर के बार-बार और अन्धाधुन्ध उपयोग किया जाना है। मार्च से जून, 1969 तक की अवधि में खतरे की जन्जीर खींचने की 82 अप सवारी गाड़ी में 75 मामले और 109 अप में 224 मामले हुए।

इन गाड़ियों और दूसरी गाड़ियों में खतरे की जन्जीर खींचने के कारण अनिर्धारित अवरोधों के फलस्वरूप यात्री गाड़ियों के चालन में बड़े पैमाने पर अव्यवस्था हो जाती है। चूंकि इस तरह के अवरोधों का पूर्वानुमान नहीं लगाया जा सकता, इसलिए गाड़ियों के देरी से चलने को विज्ञापित नहीं किया जा सकता। फिर भी, दिन ब दिन देरी से चलने वाली इन गाड़ियों तथा दूसरी गाड़ियों से सम्बन्धित सूचना जनता को सम्बन्धित स्टेशन मास्टरों के द्वारा दी जाती है।

दरभंगा जक्शन पर कन्ट्रोल रूम से सम्बन्धित फोन तथा प्रशासनिक कार्यों हेतु फोन

2220. **श्री भोगेन्द्र झा** : क्या रेलवे मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या यह सच है कि पूर्वोत्तर रेलवे के दरभंगा जक्शन पर कन्ट्रोल रूम से सम्बन्धित तथा प्रशासनिक कार्यों हेतु फोन की कोई व्यवस्था नहीं है जिसके कारण दरभंगा स्टेशन का पूछताछ कार्यालय रेलगाड़ियों की ठीक स्थिति तथा शीघ्र आरक्षण करने में असमर्थ है ; और

(ख) यदि हां, तो दरभंगा स्टेशन पर उनकी व्यवस्था करने हेतु क्या कार्यवाही की जा रही है ?

रेलवे मन्त्री (डा० राम सुभग सिंह): (क) दरभंगा जक्शन पर सहायक स्टेशन मास्टर के कार्यालय में रेलवे कन्ट्रोल फोन लगा हुआ हैं ।

(ख) सवाल नहीं उठता ।

भारतीय मानक संस्था

2221. **श्री भोगेन्द्र झा** : **श्री के० रामानी** :
श्री सत्यनारायणसिंह : **श्री उमानाथ** :

क्या **औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मन्त्री** 13 मई, 1969 के अतारांकित प्रश्न संख्या 9415 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि .

(क) क्या भारतीय मानक संस्था में विद्यमान भ्रष्ट प्रथाओं के बारे में आरोपों की जांच इस बीच पूरी हो गई है ;

(ख) यदि हां, तो जांच के क्या निष्कर्ष निकले हैं ; और

(ग) यदि नहीं, तो जांच कार्य को पूरा करने में विलम्ब के क्या कारण हैं ?

औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मन्त्री (श्री फ़ख़रुद्दीन अली अहमद) : (क) जी हां ।

(ख) और (ग) : भारतीय मानक संस्था पर लगाये गये वे दोषारोपण निराधार पाये गये हैं ।

विदेशों के लिये रेलवे परामर्शदाता

2222. **श्री रा० रा० सिंह देव** : **श्री धीरेन्द्रनाथ देव**
श्री प्र० के० देव : **श्री एन० शिवप्पा** :

क्या रेलवे मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार विभिन्न रेलवे गतिविधियों के लिए पश्चिम एशिया और अफ्रीका के कुछ देशों को रेलवे परामर्शदाताओं की सेवाएं देने पर विचार कर रही है ; और

(ख) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है ?

रेलवे मन्त्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) हेजाज रेलवे को फिर से चालू करने के लिए सामान्य प्रशासन और सीरिया की सरकार के अनुरोध पर कुछ रेलवे अधिकारियों को परामर्श और अन्य कामों के लिए उन प्रशासनों के पास भेजा गया ।

(ख) विवरण इस प्रकार है :-

(i) एक सिविल इंजीनियर को एक साल के लिए विदेश सेवा की शर्तों पर हेजाज रेलवे को ऋण स्वरूप दिया गया है ।

(ii) दो सिविल इंजीनियरों और एक संकेत एवं दूर संचार इंजीनियर को हेजाज रेलवे को विदेश सेवा शर्तों पर क्रमश: 93, 13 और 33 दिनों के लिए ऋण स्वरूप भेजा गया था ।

(iii) एक सिविल इंजीनियर को 1-2 सप्ताह के लिए विदेश-सेवा शर्तों पर हेजाज रेलवे को दिया गया है ।

(iv) एक सिविल इंजीनियर, एक यांत्रिक इंजीनियर और परिवहन (यातायात) और वाणिज्य विभाग के एक अधिकारी को लगभग 6 सप्ताह के लिए सीरिया सरकार के पास प्रतिनियुक्ति पर भेजा गया है ।

Late Running of Trains on Branch Lines on Central Railway

2223. **Shri Jageshwar Yadav** : Will the Minister of Railways be pleased to state:

(a) whether it is a fact that adequate number of Railway lines have not been laid at Ghatampur, Patara, Bhimsen, Hamirpur Road, Bharwa, Sumerpur, Ragaul, Kharar Junition stations on the Banda-Kanpur Central Railway line to allow the trains to wait at the crossing of these stations, as a result of which the trains are detained at the crossing for a very long time;

(b) whether it is a fact that trains are invariably late on the said branch-line because of the aforesaid difficulties; and

(c) whether Government propose to lay more lines on the said stations so that the trains could run according to their scheduled timings ?

The Minister of Railways (Dr. Ram Subhag Singh) : (a) No.

(b) No. However, the punctuality performance of trains on the Kanpur-Banda section has not been satisfactory, chiefly due to heavy incidence of alarm chain pulling resulting in dislocation of the running schedules of trains as also inadequate platform facilities at Banda.

(c) One more Loop line each is proposed to be laid at Bhimsen and Khairar Junction stations to facilitate regulation of goods trains. It is also proposed to provide an additional platform at Banda.

Time Schedule of Train No. 161 running from Rewari to Bandikui Stations.

2224. **Shri Bhola Nath Master** : Will the Minister of **Railways** be pleased to state :

whether it is proposed to adjust the time table of Train No. 161 running from Rewari Junction to Bandikui station on the Western Railway in such a way that it arrives at Jaipur at court hours and goes back in the evenings ?

The Minister of Railways (Dr. Ram Subhag Singh) : No.

Passenger facilities at Harsauli Station (Western Rly.)

2225. **Shri Bhola Nath Master** : Will the Minister of **Railways** be pleased to state :

(a) whether proper facilities would be provided to passengers at the Harsauli station in Alwar District which falls on the Delhi-Ahmedabad main line of the Western Railway by constructing a big building there;

(b) whether it is a fact that the building of Harsauli Railway Station is as small as a cabin at the Railway Crossing and it is in a dilapidated condition due to rains and has been held together with water pipes;

(c) whether it is also a fact that its daily income is more than its neighbouring Stations-Parisal and Ajerak but the length and breadth of this building and platforms are greater than the Harsauli station building; and

(d) the date by which these complaints of the people would be removed ?

The Minister of Railways (Dr. Ram Subhag Singh) : (a) Proper facilities for passengers dealt with at Harsauli station already exist.

(b) No. The station building admeasures 7.69m x 3.65m and is structurally safe.

(c) The daily income of Harsauli is more than that of Parisal and less than that of Aleraka and the size of station buildings and platforms of Parisal and Ajeraka are somewhat bigger than that of Harsauli.

(d) Does not arise in view of reply to (a) above.

भारतीय इंजीनियरिंग डिजाइन कम्पनीज को मुख्य ठेकेदार नामांकित करना

2226. **श्रीमती इला पाल चौधरी :**
श्री रवि राय ;

क्या **औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने यह निर्णय लिया है कि भारतीय इंजीनियरिंग डिजाइन कम्पनीज को सरकारी तथा गैर-सरकारी क्षेत्रों की सभी परियोजनाओं के मुख्य ठेकेदार के रूप में नामांकित संख्या किया जाना चाहिये;

(ख) यदि हां, तो ऐसा निर्णय लेने के क्या कारण हैं;

(ग) निर्णय का पूर्ण ब्यौरा क्या है;

(घ) इसको किस प्रकार लागू किया जायेगा;

(ङ) दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध किस प्रकार कार्यवाही की जायेगी; और

(च) यह निर्णय कब लागू होगा ?

औद्योगिक विकास आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मन्त्री (श्री फकरूद्दीन अली अहमद) : (क) से (ग), भारतीय परामर्शदात्री सेवाओं के पूर्ण उपयोग को सुनिश्चित करने की दृष्टि से यह निश्चय किया गया है कि जब औद्योगिक एककों को परामर्शदात्री सेवाओं की आवश्यकता हो और वे विदेशी सहयोग ढूंढे तो जहां तक संभव हो वहां तक भारतीय परमार्शदात्री सेवाओं को प्रयोग में लाना चाहिये और यदि विदेशी परामर्श की भी आवश्यकता हो तो भारतीय परामर्शदाता भी सम्मिलित किये जाने चाहिए । अतः नियमानुसार परामर्श देने के लिए मुख्य अभिकरण होना चाहिए ।

(घ) अभिप्राय यह है विदेशी सहयोग के प्रस्तावों पर विचार करते समय इस पहलू पर भी विचार किया जाना चाहिए ।

(ङ) विदेशी परामर्शदाता को काम करने के लिए सरकार से पहले स्वीकृति लेनी पडती है । अतः यह प्रश्न नहीं उठना चाहिए ।

(च) निर्णय का प्रवर्तन किया जा रहा है ।

बालीगज में "सिटी बुकिंग आफिस"

2227. **श्री देवेन सेन** : क्या **रेलवे मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उनके मंत्रालय की दक्षिण कलकत्ता, पश्चिमी बंगाल के बालीगंज तथा संलग्न क्षेत्रों में सिटी बुकिंग आफिस खोलने की कोई योजना है; और

(ख) यदि हां, तो कब तक ?

रेलवे मन्त्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) बालीगंज और निकटवर्ती क्षेत्रों में सिटी बुकिंग एजेन्सी खोलने की इस समय कोई योजना नहीं है । लेकिन दक्षिण कलकत्ता में खिदरपुर और रूसा रोड में दो सिटी बुकिंग कार्यालय पहले से ही काम कर रहे हैं ।

(ख) सवाल नहीं उठता ।

गोआ में इस्पात कारखाना

2228. **श्री देवेन सेन** : क्या **इस्पात तथा भारी इंजीनियरिंग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या चौथी पंचवर्षीय योजना अथवा पांचवी पंचवर्षीय योजना में गोआ में इस्पात कारखाना अथवा कच्चे लोहे का कारखाना स्थापित करने की कोई योजना है; और

(ख) यदि नहीं, तो इसके कारण क्या हैं ?

इस्पात तथा भारी इंजीनियरिंग मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) और (ख). एक अथवा अधिक इस्पात कारखाने लगाने के बारे में सभी बातों पर जिनमें प्रायोजना विशेष पर प्रस्तुत प्रतिवेदन भी शामिल है, विचार किया जा रहा है। इस काम में कुछ समय लग जाएगा।

रेलवे के वाणिज्यिक लिपिकों की शिकायतें

2229. **श्री देवेन सेन :**
श्री यमुना प्रसाद मंडल :

क्या **रेलवे मन्त्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या अखिल भारतीय रेलवे वाणिज्यिक लिपिक संघ के महासचिव श्री एम० पी० श्रीवास्तव ने 18 जून, 1969 को कलकत्ता में एक पत्र-प्रतिनिधि सम्मेलन में कहा था कि 38,000 वाणिज्यिक लिपिक शान्तिपूर्ण प्रयासों से अपनी शिकायतों को दूर कराने में प्रशासन से कोई सहानुभूति प्राप्त करने में असफल रहे हैं;

(ख) क्या उन्होंने पत्रप्रतिनिधियों को यह भी बताया था कि उन्हें "कुछ अन्य तरीके" अपनाने को बाध्य होना पड़ेगा;

(ग) यदि हां, तो वाणिज्यिक लिपिकों द्वारा उनके मन्त्रालय को क्या क्या मांगें पेश की गई हैं; और

(घ) उन मांगों के प्रति सरकार का रवैया क्या है ?

रेलवे मन्त्री (डा० राम सुभग सिंह : (क) और (ख). समाचार पत्रों में कुछ रिपोर्ट प्रकाशित हुई हैं। इस सम्बन्ध में सरकार को सरकारी तौर पर कोई सूचना नहीं मिली है।

(ग) और (घ). वाणिज्यिक क्लर्कों की मांगों में वेतनमानों का पुनरीक्षण, सीधी भर्ती पर रोक, संघों की मान्यता आदि शामिल हैं, जिन पर अतीत में कई बार विचार किया गया है लेकिन सरकार उन्हें मन्जूर नहीं कर सकी।

फिर भी, जो कर्मचारी कुछ समय से अपने वेतनमान के अधिकतम पर काम कर रहे हैं, उन्हें राहत देने के प्रश्न पर सरकार सक्रिय रूप से विचार कर रही है।

हिन्दुस्तान मशीन टूल्स द्वारा निर्यात

2230. **श्री नन्द कुमार सोमानी :**
श्री तुलसीदास दासप्पा :

क्या **औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मन्त्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि हिन्दुस्तान मशीन टूल्स के चेयरमैन द्वारा विभिन्न मशीनी औजारों के निर्यात के लिये 50 लाख डालर के क्रयादेश प्राप्त किये गये हैं;

(ख) क्या हिन्दुस्तान मशीन टूल्स की मशीनों के निर्यात के लिये अमरीका के हनीवेल स्थापित किये जाने का प्रस्ताव है; और

(ग) इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय—कार्य मंत्री (श्री फकरुद्दीन अली अहमद) : (क) जी, हां। तीन वर्ष से अधिक अवधि तक।

(ख) तथा (ग). हिन्दुस्तान मशीन टूल्स लिमिटेड, बंगलौर द्वारा बनाये गये मशीनी औजारों तथा अन्य भारतीय इंजीनियरी उत्पादों के निर्यात में सुविधा के लिए तथा उनका प्रयोग करने के लिए अमरीका के हनीवेल कारपोरेशन के उपयोग के लिए हनीवेल कारपोरेशन की पूर्ण स्वामित्व प्राप्त सहायक फर्म खोलने के प्रस्ताव पर आजकल सरकार विचार कर रही हैं।

बोकारो इस्पात परियोजना

2231. **श्री नन्द कुमार सोमानी** : क्या इस्पात तथा भारी इंजीनियरिंग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सच है कि रुसी विशेषज्ञ, मि० स्केचकोव ने बोकारों इस्पात परियोजना की दो अवस्थाओं को आरम्भ करने के लिए भारत सरकार को सहमत कर लिया है;

(ख) तेजी से विकास करने में और कितना अतिरिक्त रुपया लगेगा;

(ग) परियोजना के चालू होने पर किन-किन मदों का उत्पादन किया जायेगा;

(घ) इस नई कार्यवाही से अन्य इस्पात मिलों के विस्तार पर क्या प्रभाव पड़ेगा ?

इस्पात तथा भारी इंजीनियरिंग मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री कृष्ण चन्द्र पन्त) : (क) रूसी विशेषज्ञ श्री एस० स्केचकोव के दौरे के समय भारतीय पक्ष ने ही यह इच्छा व्यक्त की थी कि बोकारो इस्पात कारखाने का निर्माण-कार्य प्रथम चरण की 1·7 मिलियन टन की अवस्था के बाद भी जारी रक्खा जाए। भारतीय मत इस बात पर आधारित था कि चपटे उत्पादों की बढ़ती हुई मांग की पूर्ति हो सके तथा भारी इंजीनियरी निगम तथा सरकारी क्षेत्र में अन्य भारी इंजीनियरी परियोजनाओं का अधिक प्रभावी ढंग से परिचालन हो सके।

(ख) बोकारों इस्पात कारखाने के द्वितीय चरण पर 330 करोड़ रुपये खर्च आने का अनुमान है। अभी इस बात का अनुमान नहीं लगाया गया है कि चौथी योजना में तीव्र गति से होने वाले विकास-कार्यों पर कितना अतिरिक्त रुपया व्यय होगा।

(ग) प्रथम चरण में जिसमें 1·7 मिलियन टन इस्पात-पिण्ड का उत्पादन होगा और द्वितीय चरण में जिसमें 4.00 मिलियन टन इस्पात-पिण्ड का उत्पादन होगा, विभिन्न वस्तुओं का उत्पादन इस प्रकार होगा :—

	प्रथम चरण	द्वितीय चरण
	(टन)	
गर्म वेलितचादरें और स्ट्रिप तथा कम चौड़ी प्लेटें ।	789,000	1,520,000
ठण्डी वेलित चादरें और स्ट्रिप	425,000	1,100,000
जस्ती चादरें	150,000	600,000
	1,364,000	3,220,000

(घ जहां तक दूसरे इस्पात कारखानों के विस्तार का प्रश्न है, चौथी पंचवर्षीय योजना के मसोदे में भिलाई तथा इण्डियन आयरन के विस्तार का प्रस्ताव है । बोकारों का तीव्र गति से विस्तार करने से इन प्रस्तावित विस्तार कार्यों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा ।

दूसरे मार्ग से गाडियां चलाने के कारण यात्री तथा सामान के यातायात के लिये रेल उपभोक्ताओं से अधिक किराया लिया जाना

2232. श्री त्रिदिव कुमार चौधरी : क्या **रेलवे मन्त्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गत मई के महीने में आन्ध्र और पूर्व तटीय (मेल ट्रैक) पर तूफान आने के बाद विभिन्न जोनल रेलों द्वारा दूसरे मार्ग से गाड़ियां चलाये जाने के कारण लम्बी यात्रा के लिये उत्तर से दक्षिण और दक्षिण से उत्तर जाने वाले यात्रियों तथा माल का लदान करने वाले दोनों प्रकार के रेलवे उपभोक्ताओं को अधिक किराया देने पर विवश किया गया था; और

(ख) प्राकृतिक विपदा के कारण रेल उपभोक्ताओं से अधिक किराया लिये जाने के क्या कारण हैं और इस सम्बन्ध में नियम क्या हैं ?

रेलवे मन्त्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) और (ख). मई, 1969 में तूफान के कारण आंध्र प्रदेश और पूर्वी तट की रेलवे लाइन टूट-फूट के परिणामस्वरूप उत्तर से दक्षिण और दक्षिण से उत्तर का सीधा और सबसे छोटा मार्ग मरम्मत होने तक बन्द हो गया था और इस बीच उत्तर से दक्षिण और दक्षिण से उत्तर का यातायात अनिवार्यतः उपलब्ध चालू मार्ग से ले जाना पड़ा । यह सामान्य सिद्धांत है कि सामान्य मार्ग बन्द हो जाने की दशा में यातायात पर उन दरों पर भाड़ा लेना पड़ता है जो उस मार्ग पर लागू है, जिससे होकर यातायात ढोया जाता है, ताकि परिचालन सम्बन्धी उच्चतर लागत के लिए रेलों की क्षतिपूर्ति की जा सके । प्राकृतिक आपदाओं के कारण रेलें अपने रेल-पथ और स्थित संस्थापनाओं की क्षति की लागत सहन करती हैं । अतएव यह उचित नहीं होगा कि सीधे मार्ग के लिए लागू दर पर वे चक्करदार रास्ते से यातायात ले जायें और इस प्रकार और भी नुकसान उठावें ।

इस विषय में सम्बन्धित नियम ये हैं :—

(i) भारतीय रेल सम्मेलन कोचिंग दर-सूची सं० 19—भाग I—नियम 224

(ii) भारतीय रेल सम्मेलन माल दर-सूची सं० 32—भाग I—नियम 125

उडीसा के औद्योगिक एककों को लोहे तथा इस्पात की कतरनों की सप्लाई

2233. **श्री रवि राय :**
श्री चिन्तामणि पाणिग्रही :

क्या **इस्पात तथा भारी इंजीनियरिंग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उनका ध्यान उड़ीसा के उद्योग मन्त्री के इस वक्तव्य की ओर, जो कि 19 मई, 1969 के स्टेट्समेन (कलकत्ता संस्करण) में प्रकाशित हुआ था, दिलाया गया है कि भारत सरकार का इस्पात तथा भारी इंजीनियरी मन्त्रालय उड़ीसा के औद्योगिक एककों को लोहे तथा इस्पात की कतरनों की सप्लाई करने की समस्याओं पर गम्भीरता से विचार कर रहा है; और

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड के प्रधान इस सम्बन्ध में पहले ही उड़ीसा सरकार को बचन दे चुके हैं और यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है ?

इस्पात तथा भारी इंजीनियरिंग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कृष्ण चन्द्र पन्त) (क) जी, हां ।

(ख) सूचना एकत्र की जा रही है, और सभा पटल पर रख दी जायेगी ।

हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड के कारखानों में बिक्री योग्य इस्पात में कमी

2234. **श्री रवि राय :** क्या **इस्पात तथा भारी इंजीनियरिंग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उनका ध्यान 8 जून, 1969 के स्टेट्समेन के कलकत्ता संस्करण में प्रकाशित इन समाचारों की ओर दिलाया गया है कि हिन्दुस्तान स्टील के तीनों कारखानों में 5,400 टन बिक्री योग्य इस्पात का कम उत्पादन हुआ है; और

(ख) यदि हां तो क्या सरकार ने उत्पादन में कमी की जांच कराई है और स्थिति को सुधारने के लिए क्या कार्यवाही की गयी है ?

इस्पात तथा भारी इंजीनियरिंग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कृष्ण चन्द्र पन्त) (क) जी, हां । परन्तु समाचार पत्र में हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड के तीन सर्वतोमुखी इस्पात कारखानों का अप्रेल और मई 1969 के महीनों का विक्रेय इस्पात का जो उत्पादन दिखाया गया है वह गलत है । इन कारखानों का अप्रेल और मई 1969 का विक्रेय इस्पात का उत्पादन क्रमश: 2,29,400 टन और 2,23,000 टन था । मई के महीने में 6400 टन कम उत्पादन हुआ ।

(ख) अधिक कमी दुर्गापुर इस्पात कारखाने के उत्पादन में हुई, जिसका मुख्य कारण यह था कि वहां मालिक-मजदूर सम्बन्ध सन्तोषजनक नहीं थे ।

विदेशी गैर-सरकारी कम्पनियों द्वारा पश्चिम बंगाल में नयी परियोजनाओं का स्थापित न किया जाना

2235. **श्री देवकीनन्दन पाटोदिया** : क्या औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मैसर्स फिलिप पैट्रोलियम कम्पनी हल्दिया के लिये अपने सहयोग के प्रस्ताव को वापस लेने के पश्चात एक बिलेट का कारखाना जो कि पश्चिम बंगाल में स्थापित किया जाना था अब बिहार में स्थापित किया जा रहा है क्योंकि पश्चिम बंगाल राज्य में मजदूर सम्बन्ध तनावपूर्ण है; और

(ख) यदि हां, तो उन गैर-सरकारी विदेशी कम्पनियों के नाम क्या हैं जिन्हें केन्द्रीय सरकार ने पश्चिम बंगाल में मध्यावधि चुनाव के पूर्व नई परियोजनाएं स्थापित करने के लिये व्यावहारिक सर्वेक्षण करने की अनुमति दी थी तथा तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है और उनकी संस्था तथा उनका विवरण क्या है जिन्होंने पश्चिम बंगाल में कारखाने न स्थापित करने का निर्णय किया है ?

औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) पश्चिमी बंगाल में बिलेट संयंत्र की स्थापना का कोई प्रस्ताव नहीं है। अतएव बिहार में स्थापना स्थल बदलने का प्रश्न ही नहीं उठता है।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता।

भारत-रूस संयुक्त उपक्रम

2236. **श्री देवकीनन्दन पाटोदिया :**
श्री य० अ० प्रसाद :
श्री हिम्मतसिंहका :

क्या **औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उनकी रूस यात्रा के दौरान, रूस की सहायता से किसी अन्य भिन्न देश में परियोजनाएं आरम्भ करने के प्रश्न पर विचार किया गया था;

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में रूस सरकार की क्या प्रतिक्रिया थी; और

(ग) क्या इस विचार विमर्श के परिणामस्वरूप कोई ठोस प्रस्ताव सामने आया है ?

औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) से (ग). जून, 1964 में मास्को में रूसी अधिकारियों के साथ चर्चा के दौरान भारी बिजली उपकरण संयंत्र, हरिद्वार में बनाई जा सकने वाली मशीनों और उपकरणों को अन्य देशों की परियोजनाओं के लिये निर्यात करने में रूसी सहायता की आवश्यकता का प्रश्न

भी उठाया गया था। रूस इस सम्बन्ध में सहायता देने को सहमत हो गया था। अन्य देशों की परियोजनाओं के लिये, रुसी सहयोग से भारत में स्थापित अन्य भारी इंजीनियरिंग कारखानों में निर्मित उपकरणों तथा मशीनों के निर्यात को बढ़ाने के लिये रुसी सहायता के प्रश्न पर भी सामान्य रुप से चर्चा की गई थी और रुस यथा संभव सहायता देने के लिये सहमत हो गया था। अग्रेतर ब्यौरा सम्बन्धित उपक्रमों द्वारा रुस से परामर्श करने के बाद तैयार किया जायेगा।

हिन्दुस्तान मशीन टूल्स के कर्मचारियों के लिये विदेशों में प्रशिक्षण

2237. **श्री तुलसीदास दासप्पा** : क्या औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या हिन्दुस्तान मशीन टूल्स का विचार भारतीयों को उन पुर्जों के निर्माण में प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु बाहर भेजने तथा तत्पश्चात् उन भारतीयों को उनके निर्माण में लगाने की कोई योजना बनाने का है जिनकी सप्लाई में निर्माता देशों में श्रमिक विवाद के कारण गड़बड़ी हो गई है; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय – कार्य मन्त्री (श्री फखरूद्दीन अली अहमद) : (क) अपने तकनीशियनों और टूल डिजाइनरों को अपने सहयोगियों की फैक्टरियों में हिस्से पुर्जों की सुपुर्दगी के काम की स्थिति में सुधार के काम के लिए (जोकि श्रमिकों की अत्यधिक कमी और मशीन टूल्स की बड़ी मांग के कारण अस्तव्यस्त हो गई है) भेजने का प्रस्ताव विचाराधीन है।

(ख) ब्यौरा तैयार किया जा रहा है।

हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड का उत्पादन कार्यक्रम

2238. **श्री हिम्मतसिंहका** : क्या इस्पात तथा भारी इंजीनियरिंग मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1969–70 के लिये तथा चौथी पंचवर्षीय योजना के लिये वित्तीय परिव्यय सहित हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड के उत्पादन-कार्यक्रम का ब्यौरा क्या है; और

(ख) चौथी पंचवर्षीय योजना के अन्तर्गत प्रत्येक वर्ष के उपर्युक्त कार्यक्रम के चलाये जाने से देश में इस्पात की विभिन्न मदों के सम्बन्ध में इस उद्योग की कितनी मांगें पूरी हो सकेंगी ?

इस्पात तथा भारी इंजीनियरिंग मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री कृष्ण चन्द्र पन्त) : (क) हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड के तीनों सर्वतोमुखी इस्पात कारखानों में कम्पनी द्वारा स्वीकृत उत्पादन–कार्यक्रम के अनुसार वर्ष 1969–70 में 1.125 मिलियन टन कच्चा लोहा और 3.540 मिलियन टन विक्रेय इस्पात के उत्पादन का लक्ष्य है। चतुर्थ योजना

काल में अधिकतम उत्पादन की अवस्था में इन इस्पात कारखानों में लगभग 5.6 मिलियन टन कच्चे लोहे और लगभग 20.4 मिलियन टन विक्रेय इस्पात के उत्पादन की आशा है। परन्तु भिलाई इस्पात कारखाने की वर्तमान 2.5 मिलियन टन इस्पात पिण्ड की क्षमता बढ़ाकर 3.2 मिलियन टन करने के प्रस्तावित विस्तार-कार्यक्रम के पूरा हो जाने पर 600,000 टन कच्चे लोहे को इस्पात उत्पादन के काम में लाया जायेगा। चतुर्थ योजना काल के लिए अनुमानित अतिरिक्त लागत 1110 मिलियन रुपये है जिसमें भिलाई का विस्तार बैलेन्सिंग साज-सामान और अतिरिक्त फिनिशिंग सुविधाएं लगाने, उत्पादन में विविधता लाने और तकनीकी सुधारों की व्यवस्था है।

(ख) चतुर्थ योजना काल में विभिन्न उद्योगों को लोहे और इस्पात की आवश्यकताओं की पूर्ति न केवल हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड के कारखानों से अपितु निजी क्षेत्र के कारखानों तथा बोकारो इस्पात कारखाने से भी की जायेगी। यद्यपि मांग और उत्पादन का वर्ष-वार अनुमान तैयार नहीं किया गया है फिर भी 1973-74 के लिए ब्यौरा तैयार किया गया है और यह विवरण संलग्न है। [पुस्तकालय में रखा गया/देखिये संख्या एल० टी० 1532/69] हिन्दुस्तान स्टील कुल मांग का दोतिहाई भाग पूरा करेगा।

दक्षिण पूर्व रेलवे के स्टेशनों पर रेल कर्मचारियों के लिए क्वार्टर

2239. **श्री चिन्तामणी पाणिग्रही :** क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को पता है कि दक्षिण पूर्व रेलवे के खुर्दा रोड़, तपांग, कालूपना घाट, निराकारपुर, भुखंडपुर तथा बालुगांव स्टेशनों पर रेल कर्मचारियों के लिये क्वार्टरों की कमी है;

(ख) यदि हां, तो उपर्युक्त स्थानों पर विभिन्न वर्गों के कर्मचारियों के लिये क्वार्टरों की कमी को दूर करने के लिए वर्ष 1969-70 में क्या व्यवस्था की गई है; और

(ग) उसका ब्यौरा क्या है ?

रेलवे मन्त्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) से (ग), माननीय सदस्य द्वारा उल्लिखित स्टेशनों पर जितने कर्मचारियों के रहने की व्यवस्था है उसका प्रतिशत इस प्रकार है:-

खोरधा रोड़	50%
तापंग	100%
निराकारपुर	50%
भुखण्ठपुर	100%
कालूपाड़घाट	96.5%
बालूगांव	74%

भारतीय रेलों पर केवल 37 प्रतिशत कर्मचारियों को रेलवे क्वार्टर दिये गये हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए ऊपर लिखे स्टेशनों पर स्थिति संतोषजनक समझी जाती है।

फिर भी रेलवे के 1969–70 के निर्माण कार्यक्रम में निम्नलिखित क्वार्टरों के निर्माण की व्यवस्था की गयी है:–

खोरधा रोड़ टाइप I – 15 यूनिट
टाइप II – 7 यूनिट
और 30 व्यक्तियों के लिए 1 बैरक ।

आय-कर अपीलें तथा निदेश

2240. श्री वेणी शंकर शर्मा : क्या विधि तथा समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1967-68 तथा 1968-69 में कलकत्ता तथा बम्बई स्थित आयकर अपील अधिकरणों तथा उच्च न्यायालयों में आयकर विभाग तथा निर्धारितियों ने कितनी अपीलें तथा निदेश दायर किये और विभाग द्वारा दायर की गई अपील तथा निदेश में कर की कम से कम कितनी राशि अन्तर्वलित है;

(ख) क्या यह सच है कि आजकल आयकर निर्धारण करने वाले प्राधिकारियों ने उन अल्प राहत-रकमों के बारे में भी पूछताछ आरम्भ कर दी है जो अपीलीय सहायक आयुक्तों ने निर्धारितियों को दी हुई थी जिसके परिणामस्वरूप निर्धारितियों के लिये भी यह परेशानी है तो दूसरी ओर अपीलीय प्राधिकारी भी अनावश्यक रूप से परेशान होते हैं और असमन्जस में पड़ जाते है; और

(ग) इस प्रकार की छोटी; उलझन वाली और परेशान करने वाली अपीलों की संख्या कम करने के लिये क्या कार्यवाही की गई ?

विधि मन्त्रालय तथा समाज कल्याण विभाग में उप-मन्त्री (श्री मु० यूनुस सलीम) : (क) आवश्यक जानकारी संग्रहित की जा रही है और सदन के पटल पर रख दी जाएगी ।

(ख) और (ग), इस विभाग को प्राप्त जानकारी के अनुसार यह सही नहीं है । अधिकरण में अपीलें दायर करने के मामले में प्रवरणशील दृष्टिकोण अपनाने के लिए और बढ़ा-चढ़ाकर किए गए निर्धारणों को रोकने का उपबन्ध करने के लिए केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने आयकर आयुक्तों को समुचित अनुदेश दिए हैं ।

इन्टीग्रल कोच फैक्टरी, पेराम्बूर

2241. श्री वेणी शंकर शर्मा : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इन्टीग्रल कोच फैक्टरी, पेराम्बूर की पूरी क्षमता कितनी है और गत तीन वर्षों में उसकी कितनी प्रतिशत क्षमता का प्रयोग किया गया है;

(ख) यदि कारखाने में इन वर्षों में पूरी क्षमता के अनुसार कार्य नहीं किया गया तो इसके क्या कारण हैं और इसकी पूरी क्षमता का उपयोग करने के लिए उनका मन्त्रालय क्या कार्यवाही कर रहा है;

(ग) क्या यह सच है कि न्यूजीलैंड तथा ईराकी रेलवे से 6 करोड़ रुपये के मूल्य के सवारी डिब्बों के क्रयादेश प्राप्त हुए हैं अथवा प्राप्त होने की आशा है; और

(घ) यदि हां, तो क्या उसे अधिक लागत पर अथवा कम लागत पर सप्लाई किया जायेगा और इस व्यापार में कितना लाभ अथवा हानि होने की आशा है ?

रेलवे मन्त्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) पेराम्बूर के सवारी डिब्बा कारखाने की वार्षिक क्षमता बड़ी लाइन के तीसरे दर्जे के 700 डिब्बे बनाने की है, और पिछले तीन वर्षों की अवधि में उपलब्ध क्षमता का पूर्णतः उपयोग किया गया है।

(ख) सवाल नहीं उठता।

(ग) अभी तक कोई आर्डर नहीं मिला है; यद्यपि दोनों देशों को दरें भेजी जा चुकी हैं।

(घ) बताये गये मूल्य इस प्रकार रखे गये है ताकि हमारे टेण्डर स्पर्धात्मक रहें। सही स्थिति की जानकारी आर्डर मिल जाने के बाद ही होगी।

दक्षिण-पूर्व रेलवे के रेल कर्मचारियों का वेतन

2242. **श्री वासुदेवन नायर** : क्या रेलवे मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उनका ध्यान 21 जून, 1969 के 'ब्लिट्ज' में प्रकाशित इस समाचार की ओर दिलाया गया है कि दक्षिण-पूर्व रेलवे के दो स्थायी कर्मचारी 25 वर्ष की सेवा करने के बाद भी 25 पैसे प्रतिदिन अर्थात् 6 रुपये प्रति मास वेतन प्राप्त कर रहे थे;

(ख) क्या इस मामले की जांच की गई है;

(ग) यदि हां, तो जांच में किन तत्थों का पता चला है; और

(घ) क्या इन कर्मचारियों के वेतन में वृद्धि करने के लिये कोई कार्यवाही की गई है ?

रेलवे मन्त्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) जी हां।

(ख) जी हां।

(ग) दक्षिण-पूर्व रेलवे के दो यात्री हाल्टों पर रेल सेवा और यातायात बहुत कम है, ट्रेन समय के दौरान प्लेटफार्म के लेम्पों को जलाने के लिये दो अल्पकालिक कर्मचारी रखे गये थे। उनका 6 रु० प्रति मास मानदेय दिया जाता था। वे रलवे कर्मचारी नहीं थे। इस कार्य के लिये जब से एक ठेकेदार नियुक्त किया गया है, अल्पकालिक कर्मचारियों द्वारा लेम्पों का जलाया जाना बन्द कर दिया गया है।

(घ) प्रश्न ही नहीं उठता।

गैर-सरकारी क्षेत्र में केबल फैक्टी की स्थापना

2243. **श्री चिन्तामणि पाणिग्रही** : क्या औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) केबल फैक्टरी स्थापित करने के लिये गैर-सरकारी क्षेत्र के व्यापार गृहों को अनुमति देने का कोई प्रस्ताव है; और

(ख) यदि हां, तो केबल उद्योग के सम्बन्ध में औद्योगिक नीति संकल्प से हटने के क्या कारण हैं ?

औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मन्त्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) जी हां। एक प्रस्ताव विचाराधीन है कि क्या चतुर्थ योजना अवधि में डाक तथा तार विभाग की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विद्यमान गैर सरकारी क्षेत्र में केबल्स बनाने वाले एकों को दूर-संचार केबल्स के बनाने के लिए आज्ञा दी जाये ? किन्तु अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

(ख) औद्योगिक नीति सकल्प के पैरा 8 में ऐसा अनुबन्ध है कि राष्ट्रीय हित में यदि आवश्यक हो तो सूची 'क' में अंकित उद्योगों दूर-संचार केबल्स उनमें सम्मिलित हैं की क्षमता बढ़ाने के लिए गैर सरकारी क्षेत्र का सहयोग प्राप्त किया जा सकता है।

उत्तर रेलवे में स्टेनोग्राफरों की वरिष्ठता

2244. **श्री एन० शिवप्पा :**
श्री गाडिलिंगन गौड :

क्या रेलवे मन्त्री उत्तर रेलवे के स्टेनोग्राफरों की वरिष्ठता के बारे में 25 मार्च, 1969 के अतारांकित प्रश्न संख्या 4307 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या जानकारी एकत्र कर ली गई है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो विलम्ब के क्या कारण हैं ?

रेलवे मन्त्री (डा० राम सुभग सिंह) : इस मामले की अभी जांच की जा रही है।

दिल्ली और फिरोजपुर डिवीजनों के सहायक स्टेशन मास्टरों की संयुक्त वरीयता सूची

2245. **श्री गाडिलिंगन गौड :** क्या रेलवे मन्त्री फिरोजपुर डिवीजनों के सहायक स्टेशन मास्टरों की संयुक्त वरीयता सूची के बारे में 15 अप्रैल, 1969 के अतारांकित प्रश्न संख्या 6403 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या जानकारी एकत्र कर ली गई है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो विलम्ब के क्या कारण हैं ?

रेलवे मन्त्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) से (ग) : अपेक्षित सूचना अनुबन्ध क' में दी गयी है । [पुस्तकालय में रखा गया । देखिये संख्या एल० टी० 1533/69]

उत्तर रेलवे में अधिक वेतनक्रम के पदों पर जूनियर स्टेनोग्राफरों की पदोन्नति

2246 **श्री गाडिलिंगन गौड** : क्या रेलवे मन्त्री उत्तर रेलवे में अधिक वेतनक्रम के पदों पर जूनियर स्टेनोग्राफरों की पदोन्नति के बारे में 25 मार्च, 1969 के अतारांकित प्रश्न संख्या 4308 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या जानकारी एकत्र कर ली गई है; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

रेलवे मन्त्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) और (ख) : इस मामले की जांच की जा रही है ।

अधिक वेतनक्रम के लिये स्टेनोग्राफरों का चयन

2247 **श्री गाडिलिंगन गौड** : क्या रेलवे मन्त्री अधिक वेतन के लिये स्टेनोग्राफरों के चयन के बारे में 25 मार्च, 1969 के अतारांकित प्रश्न संख्या 4310 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह जानकारी इस बीच इकट्ठी कर ली गई है; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

रेलवे मन्त्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) और (ख). इस मामले की जांच की जा रही है ।

आन्ध्र प्रदेश में नयी रेलवे लाइनें

2248. **श्री गाडिलिंगन गौड** : क्या रेलवे मन्त्री 25 मार्च, 1969 के अतारांकित प्रश्न संख्या 4250 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि सिकन्दराबाद से नडीकुडि तक नई बड़ी लाइन बनाने और गुंटूर-मचेरला मीटर लाइन को बड़ी लाइन में बदलने के लिये इंजीनियरी तथा यातायात सर्वेक्षण लगभग किस तारीख तक पूरा हो जायेगा और साथ ही भद्राचलम रोड-कोबूर रेल सम्पर्क सम्बन्धी सर्वेक्षण प्रतिवेदन को अद्यतन बनाने का कार्य कब तक पूरा हो जायेगा ?

रेलवे मन्त्री (डा० राम सुभग सिंह) : आशा है सिकन्दराबाद-नाडिकुडे लाइन का सर्वेक्षण और गुन्टूर-मचेरला लाइन के आमान परिवर्तन का काम दिसम्बर, 1969 के अन्त तक पूरा हो जायेगा । अन्य अत्यावश्यक कामों के कारण भद्राचेलम रोड-कब्बूर का सर्वेक्षण आस्थगित रखा गया है, जिसे शीघ्र ही प्रारम्भ किया जायेगा ।

खाद्यान्नों पर आधारित उद्योगों के लिये संयुक्तराष्ट्र संघ द्वारा सहायता

2249 **श्री एन० शिवप्पा :**
श्री देवकीनन्दन पाटोदिया :

क्या **औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या संयुक्त राष्ट्र संघ खाद्य तथा कृषि संगठन छोटे पैमाने के क्षेत्र में खाद्यान्नों पर आधारित उद्योग स्थापित करने में सहायता देने के लिये सहमत हो गया है;

(ख) यदि हां, तो वे उद्योग कौन-कौन से हैं और ये कहां-कहां स्थापित किये जायेंगे;

(ग) खाद्य तथा कृषि संगठन द्वारा किस रूप में सहायता दी जायेगी; और

(घ) क्या प्रस्तावित उद्योग निर्यात प्रधान होंगे या वे देश की खपत को पूरा करेंगे ?

औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मन्त्री (श्री फखरूद्दीन अली अहमद) : (क) जी नहीं ।

(ख) वे उद्योग ऐसे होंगे जिनके लिये भारत में काफी गुंजाइश है । कार्य क्रम पर अभी संयुक्त राष्ट्र संघ के खाद्य तथा कृषि संगठन से विचार विमर्श किया जाना है ।

(ग) खाद्य तथा कृषि संगठन के अधिकारियों ने भारत में इन उद्योगों के विकास में सहायता करने के लिये सलाहकार तथा विशेषज्ञ प्रदान करने का निश्चय किया है ।

(घ) इन विवरणों का विस्तृत ब्यौरा तैयार करना तथा खाद्य एवं कृषि संगठन के अधिकारियों से बात चीत करना बाकी है ।

Supply of wagons to Food Corporation of India for transporting Wheat

2250. **Shri Nathu Ram Ahirwar** : Will the Minister of Railways be pleased to state :

(a) the number of wagons asked for by the Food Corporation of India for transporting wheat procured in various States to its destinations (upto the 30th June 1969);

(b) the number of wagons made available to the Corporation for this purpose;

(c) the number of covered and un-covered wagons among them; and

(d) the reasons for making uncovered wagons available to the Corporation for the said purpose ?

The Minister of Railways (Dr. Ram Subhag Singh) : (a) During the current Rabi Season, wheat was procured by the Food Corporation of India mostly from Punjab and Haryana. Procurement from Uttar pradesh was negligible. For movement of this procured wheat to different storage depots and consuming areas in other States, they gave an advance programme indicating their requirements of 26,896 broad gauge and 3,050 metre gauge wagons during May and June 1969.

(b) As against these requirements, 40,I33 broad gauge and 3,786 metre gauge wagons were actually loaded during these two months. The loading was thus in excess of the forecast given by the Food Corporation of India by 13,237 broad gauge and 736 metre gauge wagons.

(c) 31,876 covered and 8,257 open wagons on the broad gauge and 3,634 covered and 152 open wagons on the metre gauge were loaded during May and June 1969.

(c) Immediately after the harvesting of Rabi crop in Haryana and Punjab the use of uncovered wagons to a certain extent was unavoidable because of large scale central procurements even though the Railway was committed to use covered wagons for the purpose. However, wherever such wagons were used they were covered with tarpaulines and the R. P. F. escorts was also provided.

Murder cases in running trains

+

2251. **Shri Nathu Ram Ahirwar :**
Shri Vilmiki Choudhary :

Will the Minister of Railways be pleased to state :

(a) the number of persons murdered in running trains during the last three months;

(b) the number of Railway employees among them and the Railway line on which the maximum number of murders were committed;

(c) the steps taken by Government to check such murders; and

(d) the number of persons arrested in this connection and that of those found guilty and punished ?

The Minister of Railways (Dr. Ram Subhag Singh) : (a) Eleven; during April, May, June.

(b) Two Railway employees were murdered. Maximum number of murder cases occured on Kasganj-Kanpur (Anwarganj) and Tundla-Farrukhabad Sections.

(c) the following precautionary measures are being taken :

(i) Important night passenger trains are being escorted by Armed personel of the Government Railway Police.

(ii) Surprise checking by Government Railway police supervisory staff is done during night.

(iii) Railway Protection Force escorts are being provided on a number of goods trains during night.

(iv) Close liaison is maintained with Government Railway Police and Civil Police to keep surveillance over the bad characters of the sections.

(v) Co-ordination meetings at all levels are also held with Government Railway Police and State Police Officials.

(d) Fourteen persons were arrested. All cases are reported to be under Police investigation.

Detention of Manikpur-Jhansi Passenger Train

2252. **Shri Nathu Ram Ahiwar :** Will the Minister of Railways be pleased to state :

(a) whether it is a fact that Manikpur-Jhansi Passenger train is detained daily at the outer signal of the Jhansi Railway station;

(b) if so, the number of times the said train was so detained there during the last three months;

(c) whether it is also a fact that the passengers miss their train connections due to the aforesaid train waiting near the outer-signal and all passengers travelling without tickets get down there; and

(d) the steps taken by the Government to remedy this situation ?

The Minister of Railways (Dr. Ram Subhag Singh) : (a) and (b) . During the 3 months April to June, 1969, 524 Up and 522 Up Manikpur-Jhansi Passengers were detained at Jhansi outer signal on 39 and 41 occasions respectively.

(c) Yes, occasionally. Some ticketless passengers do get down from the trains when they are detained at the outer signal.

(d) Detentions to Manikpur-Jhansi Passengers at the outer signal of Jhansi are caused by out of path running of other trains arriving Jhansi from the Kanpur, Agra and Bina directions, resulting in dislocation of plateform berthing schedules.

Every feasible affort is being made to ensure the punctual running of trains at Jhansi and to eliminate detentions to trains outside signals for plateform.

माल ढोने के लिये रेलवे स्थान पर ट्रकों आदि का प्रयोग बढ़ाना

2253. **श्री नीतिराज सिंह चौधरी :** क्या रेलवे मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि रेलवे की बजाये ट्रकों आदि द्वारा माल ढोये जाने के ये कारण हैं : (एक) भारतीय रेलों की विभिन्न शाखाओं में समन्वय का अभाव; (दो) 48 घन्टों से अधिक समय तक यार्डों में मालडिब्बों को रोका जाना; और (तीन) माल की ढुलाई में लापरवाही बर्ती जाना;

(ख) यदि हां, तो माल यातायात को पुनः प्राप्त करने हेतु रेलवे द्वारा अब तक क्या कार्यवाही की गई है अथवा करने का विचार है; और

(ग) यदि माल ढोने के लिए रेलवे के स्थान पर ट्रकों आदि का प्रयोग बढ़ने के उपरोक्त कारण नहीं है तो इसके अन्य कारण क्या हैं ?

रेलवे मन्त्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) भारतीय रेलों की विभिन्न शाखाओं के संचालन में समन्वय है और माल यातायात का रेलवे की बजाय सड़क द्वारा भेजा जाना इस समन्वय के अभाव के कारण नहीं हैं। कभी-कभी यार्डों में माल डिब्बे रुक जाते हैं और पारवहन के दौरान परेषणों के ठीक से न चढाने-उतारने की घटनाएं हो जाती हैं। माल यातायात को रेलवे की बजाय सड़क द्वारा भेजे जाने का एक विशेष कारण है।

(ख) और (ग) माल यातायात को रेलवे की बजाय सड़क से भेजे जाने का मुख्य कारण यह है कि सड़क परिवहन को घर से घर तक माल पहुंचाने का अन्तर्निहित लाभ प्राप्त है और इससे छोटे-मोटे परेषणों का अधिक शीघ्रता के साथ परिवहन होता है। पिछले कुछ वर्षों में देश की सड़कों का नियोजित ढग से विकास हुआ है और सड़क वाहनों के उत्पादन में वृद्धि हुई है। अत: माल यातायात को रेलवे की बजाय सड़क से भेजा जाना एक स्वाभाविक जटिलता है जिसका मुकाबला देश में कृषि एव औद्योगिक उत्पादनों की पूर्णतया वृद्धि द्वारा करना है, ताकि दोनों तरह के परिवहन के लिए पर्याप्त यातायात उपलब्ध हो सके और यह प्रतिस्पर्धा उनकी कार्य-कुशलता के लिए उत्साहवर्धक सिद्ध हो।

माल यातायात को रेलवे की बजाय सड़क से भेजे जाने की इस प्रवृत्ति के कारण रेलवे ने अपने सेवा की किस्म में सुधार करने के उपाय किये हैं। हर रेलवे पर एक विपणन और बिक्री सगठन की स्थापना की गयी है ताकि ग्राहकों की तुष्टि के लिए महत्वपूर्ण रेलवे सचालन के सभी पहलुओं पर काफी ऊंचे स्तर पर निगाह रखी जा सके। कुछ पहलू जिन पर लगातार ध्यान दिया जा रहा है, ये हैं:- माल डिब्बों की समय पर सप्लाई, यार्डों में अवरोधन को दूर करना, और पारवहन समय में सुधार। तेज परिवहन के लिये द्रुत पारवहन और सेवाएं सुपर एक्सप्रेस माल गाड़ियां चालू की गयी है। सुरक्षा उपायों और परेषणों की संभलाई की व्यवस्था को कड़ी करके पारवहन के दौरान खोने और क्षतिग्रस्त होने से रोकने के लिए विभिन्न उपाय किये जाते हैं। जहां कहीं भी उचित और व्यावहारिक होता है, पैकिंग सम्बन्धी शर्तों को ज्यादा आसान और कम खर्चीला बनाया जाता है। एक स्टेशन से दूसरे स्टेशन के लिए कम की गयी दरें भी दी गयी हैं। आउट एजेन्सियां और सिटी बुकिंग एजेन्सियां खोली जाती हैं और ग्राहकों को समेकित रेल एवं सड़क परिवहन व्यवस्था सुलभ करने के लिए सडक से एकत्र और सड़क पर वितरण करने वाली सेवाएं संगठित की गई हैं। घर से घर तक सेवा व्यवस्था सुलभ करने, पैकिंग महगी न होने देने और पारवहन में क्षति तथा उठाईगीरी से बचाव करने की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्टेशनों के बीच कन्टेनर सेवाएं चालू की जा रही हैं।

इटारसी तथा जबलपुर के बीच यात्री तथा डाक एक्सप्रेस गाड़ियों के फासला तय करने का समय

2254. श्री नीति राज सिंह चौधरी : क्या रेलवे मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि इटारसी तथा जबलपुर के बीच यात्री, डाक तथा एक्सप्रेस गाड़ियों के फासला तय करने का समय अब इसलिए अधिक रखा जा रहा है ताकि यह दिखाया जा सके कि गाड़ियां गंतव्य स्थान पर समय पर पहुँच जाती हैं;

(ख) क्या जब इस सेक्शन पर एक ही पटरी थी तब उक्त गाड़ियों के चलने में बहुत कम समय अर्थात् लगभग तीन घन्टे कम लगते थे; और

(ग) गाड़ियों का फासला तय करने का समय कब तक कम किया जायेगा और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

रेलवे मन्त्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) जी नहीं।

(ख) 1-10-61 से (जब इटारसी-जबलपुर इकहरी लाइन खण्ड था) लागू होने वाली समय-सारणी की तुलना में डाक/एक्सप्रेस गाड़ियों के चालन समय में 3 मिनट से 55 मिनट तक और सवारी गाड़ियों के सम्बन्ध में । घटे से 2 घंटे तक का अन्तर पड़ा है ।

डाक/एक्सप्रेस गाड़ियों के चालन-समय में थोड़ी वृद्धि होने का मुख्य कारण यह है कि दोहरी लाइन के बिछाने के सम्बन्ध में इन्जीनियरिंग कार्य के लिए अतिरिक्त समय की छूट दी जाती है ।

1-10-61 से पहले इस खण्ड पर सवारी गाड़ियों की निर्धारित रफ्तार 87 किलोमीटर प्रति घंटा थी। चार पहियों वाले मालडिब्बों को ले जाने वाली सवारी गाड़ियों की अधिकतम अनुमत रफ्तार को सुरक्षा की दृष्टि से 1961 में कम करके 72 किलोमीटर प्रति घण्टा कर दिया गया था जिसके परिणामस्वरूप निर्धारित रफ्तार घट कर 60 किलोमीटर प्रति घंटा हो गयी। सवारी गाड़ियों के चालन समय में वृद्धि निर्धारित रफ्तार में कमी और दोहरी लाइन बिछाने के सम्बन्ध में इन्जीनियरिंग कार्य के लिए अतिरिक्त समय की छूट देने के कारण हुई है ।

(ग) दोहरी लाइन सम्बन्धी निर्माण कार्य के पूरा होने पर जैसे ही ये इन्जीनियरिंग प्रतिबन्ध हटा लिये जाते हैं, वैसे ही वर्तमान चालन-समय में कुछ कमी करना सम्भव हो पायेगा ।

हाकी टीमों में चुने जाने के लिए रेलवे कर्मचारियों को प्रशिक्षण

2255. **श्री नीतिराज सिंह चौधरी** : क्या रेलवे मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1967 और 1968 में हाकी टीमों में चुने जाने के लिए भारतीय रेल ने अपने कितने कर्मचारियों को प्रशिक्षण के लिए जालंधर भेजा था; और

(ख) हाकी खेलने के लिए उनमें से कितने व्यक्तियों की सेवाएं प्राप्त की गई ?

रेलवे **मन्त्री (डा० राम सुभग सिंह)** : (क) वर्ष 1967 की अवधि में जालंधर में दो प्रशिक्षण शिविर चलाये गये—एक 2 अप्रैल, 1967 से और दूसरा 1 सितम्बर, 1967 से। प्रत्येक शिविर में 8—8 रेलवे हाकी खिलाड़ी भेजे गये ।

वर्ष 1968 की अवधि में, जालंधर में 28 जून से 18 जुलाई, 1968 तक एक प्रशिक्षण शिविर चलाया गया जिसमें 7 रेलवे हाकी खिलाड़ी भेजे गये।

(ख) वर्ष 1967 की अवधि में प्रशिक्षण शिविरों में रेलवे के जो खिलाड़ी भेजे गये थे, उनमें से पांच खिलाड़ियों को मई, 1967 में मेड्रिड में हुए अन्तर्राष्ट्रीय हाकी टूर्नामेंट में देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया और छः रेल कर्मचारी उस टीम के अंग थे जिसने अक्तूबर, 1967 में लंदन में हुए अन्तर्राष्ट्रीय हाकी टूर्नामेंट में भाग लिया।

अक्तूबर, 1968 में हुए उन्नीसवीं विश्व ओलिम्पिक खेलकूद में भाग लेने के लिए 1968 में पांच रेल कर्मचारियों को भारतीय हाकी टोली के लिए अन्तिम रूप से चुना गया।

लखनऊ-बम्बई और बम्बई-कोचीन पत्तन के बीच सीधी रेलगाड़ियां चलाया जाना

2256. **श्री नीतिराज सिंह चौधरी** : क्या रेलवे मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या लखनऊ-बम्बई और बम्बई-कोचीन पत्तन के बीच सीधी रेल गाड़िया चलेंगी

(ख) यदि हां, तो कब तक;

(ग) अमृतसर एक्सप्रेस में जो पहले पठानकोट एक्सप्रेस कहलाती थी बम्बई से लखनऊ के लिए कितने सवारी डिब्बे लगाए जाते थे; जिन्हें अब नहीं लगाया जाता है; और

(घ) पंजाब मेल में ऐसे सवारी डिब्बे कितने लगे होते हैं जो लखनऊ के लिए होते हैं और जिनको झांसी में इस गाड़ी से अलग कर दिया जाता है तथा ऐसे कितने डिब्बे इस गाड़ी में झांसी से जोड़े जाते हैं जो लखनऊ से बम्बई के लिए जाने वाले होते हैं ?

रेलवे मन्त्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) और (ख) लखनऊ और बम्बई तथा बम्बई और कोचीन के बीच सीधी रेल गाड़ियां चलाने का अभी कोई विचार नहीं है ।

(ग) दो डिब्बे ।

(घ) पांच डिब्बे ।

रेलवे कर्मचारियों को दक्षता पुरस्कार

2257. **श्री नीति राज सिंह चौधरी** : क्या रेलवे मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों में कितने रेलवे कर्मचारियों को दक्षता पुरस्कार, प्रशंसा-पत्र आदि दिये गये;

(ख) उनमें से कितने कर्मचारियों को बाद में बेइमानी के आरोप में दण्डित किया गया अथवा मुकदमा चलाया गया या दण्ड दिया गया; और

(ग) ऐसे व्यक्तियों को पुरस्कृत किये जाने के क्या कारण हैं ?

रेलवे मन्त्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) से (ग) : सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा-पटल पर रख दी जायेगी ।

ट्रैक्टरों के मूल्यों में वृद्धि

2258. **श्री नन्द कुमार सोमानी** : क्या औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या शुल्क आयोग ने सिफारिश की है कि टायरों, ट्यूबों, पुर्जों तथा कच्चे माल के मूल्यों में वृद्धि को देखते हुए ट्रैक्टरों के मूल्य बढ़ाये जाने चाहियें;

(ख) देश में ट्रैक्टरो की गम्भीर कमी को देखते हुए मूल्य कब बढ़ाये जा रहे हैं;

(ग) ब्रिटेन, अमरीका आदि जैसे उन्नत देशों में उन्हीं मार्कों के ट्रैक्टरों की तुलना में भारतीय ट्रैक्टरों के मूल्य कैसे हैं;

(घ) क्या पहियों, रिमों, पिस्टनों, लाइनरों, फ्यूल इन्जैक्टरों, टायरों, बैयरिंग आदि जैसी वस्तुओं की अनियमित तथा अपर्याप्त सप्लाई के बारे में ट्रैक्टर उद्योग से शिकायतें मिली हैं; और

(ङ) सम्भरण की स्थिति में सुधार करने के लिए क्या कार्यवाही की जा रही है ?

औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मन्त्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) प्रशुल्क आयोग ने टायरों, ट्यूबों तथा बैटरी लेकिन पुर्जों या कच्चे माल की नहीं) की कीमतों में विभिन्नता चाहे वैकल्पिक किस्मों के प्रतिष्ठापन के कारण हो या कीमतों की विभिन्नता अन्य कारणों से हो उसे आवश्यकतानुसार ट्रैक्टरों की सिफारिश की गई कीमतों के अनुसार समंजित किया जाय ।

(ख) कुछ ट्रैक्टर निर्माताओं द्वारा अपने बनाए हुए ट्रैक्टरों के मूल्य में वृद्धि करने की प्रार्थना पर सरकार विचार कर रही है ।

(ग) ट्रैक्टर (मूल्य नियन्त्रण) आदेश, 1967 के अन्तर्गत भारतीय ट्रैक्टरों का विक्रय-मूल्य अधिसूचित कर दिया गया है, जिसे भारत के असाधारण राजपत्र में अधिसूचना सं० एस० ओ०-1955 दिनांक 3 जून को प्रकाशित किया गया हैं । ब्रिटेन, अमरीका आदि देशों में बनाए गये ट्रैक्टरों के मूल्य-ढांचे के बारे में सरकार के पास कोई सूचना नहीं है । विदेशी ट्रैक्टरों के उन्हीं मार्कों की लागत तथा भाड़ा सहित कीमत देश में आयात करने के पश्चात् भी साधारणतः भारतीय ट्रैक्टरों के विक्रय-मूल्य से कम ही होती है ।

(घ) और (ङ) ट्रैक्टर निर्माता भारतीय सहायक उद्योग से पुर्जों के नियमित तथा पर्याप्त सम्भरण में आने वाली अपनी कठिनाईयों से सरकार को सूचित करते रहते हैं । ऐसी सूचना प्राप्त होने पर सरकार सम्बन्धित सम्भरण कर्ताओं से मामले पर बातचीत करती है जिससे कि उनकी सम्भरण स्थिति ठीक बनाए रखने में आई कठिनाइयों पर सफलता प्राप्त करने में सहायता दी जा सके । अब कभी ट्रैक्टरों के निर्बाध उत्पादन के प्राप्त करने में सहायता उद्योग से पर्याप्त मात्रा में संभरण नहीं हो पाता है तो ट्रैक्टर निर्माताओं को आवश्यक सम्बन्धित हिस्से पुर्जे आयात करने की आज्ञा दी जाती है ।

मैलानी, उत्तर प्रदेश में अखबारी कागज़ का कारखाना

2259. **श्री नन्द कुमार सोमानी** : क्या **औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मैलानी, उत्तर प्रदेश में अमरीका तथा पश्चिम जर्मनी के सहयोग से लगाये जाने वाले अखबारी कागज़ के कारखाने सम्बन्धी प्रस्ताव की स्वीकृति सरकार ने दे दी है;

(ख) यदि हां, तो इस परियोजना का ब्यौरा क्या है, भारतीय प्रायोजकों के नाम क्या हैं और उत्पादन का कार्यक्रम क्या है; और

(ग) विदेशी मुद्रा की कितनी आवश्यकता है और उसकी व्यवस्था किस प्रकार की जाऐगी ?

औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मन्त्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) जी नहीं।

(ख) और (ग) प्रश्न ही नहीं उठता।

जूट व्यापार में सट्टेबाजी

2260. **श्री रामावतार शर्मा** : क्या औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को जूट के मामले में सट्टेबाजी न करने देने के बारे में भारतीय जूट मिल संघ की ओर से कोई अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार की उसके प्रति क्या प्रतिक्रिया है ?

औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मन्त्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) जी हां।

(ख) अभ्यावेदन विचाराधीन है।

तालचेर-विमलगढ़ रेल सम्पर्क

2261. **श्री सुरेन्द्र नाथ द्विवेदी** : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को पता है कि चौथी पंचवर्षीय योजना के मसौदे में रूरकेला के पारादीप पत्तन को मिलाने के लिये जोरेरी क्षेत्रों की खानों के क्षेत्र तक तालचेर-विमलगढ़ रेल सम्पर्क की योजना को सम्मिलित न करने के कारण उड़ीसा में बहुत असन्तोष है; और

(ख) यदि हां, तो अन्तिम मसौदे में इस परियोजना को सम्मिलित करने के लिये क्या कार्यवाही की जा रही है ?

रेलवे मन्त्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) तालचेर-विमलगढ़ रेल सम्पर्क (इसमें कोइरा घाटी तक विस्तार शामिल है) जो चौथी पंचवर्षीय योजना में शामिल करने के लिए अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं।

(ख) चौथी योजना में नयी लाइनों के प्रस्तावों को अभी अन्तिम रूप नहीं दिया गया है। इस लाइन के सम्बन्ध में चालू वर्ष (1969-70) में सर्वेक्षण शुरु किया जा रहा है। सर्वेक्षण पूरा हो जाने और उसका परिणाम मालूम हो जाने के बाद ही इस लाइन के निर्माण के सम्बन्ध में कोई निर्णय किया जायेगा।

विमलगढ़ तथा तालचेर के बीच रेल सम्पर्क

2262. **श्री सेरन्द्र नाथ द्विवेदी** : क्या रलवे मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दक्षिण पूर्व रेलवे में विमलगढ़ और तालचेर के बीच रेलवे लाइन का सर्वेक्षण करने की भी अनुमति योजना आयोग ने अभी तक नही दी है;

(ख) क्या यह सच है कि रेल मत्रालय ने उस क्षेत्र में सर्वेक्षण करने के लिये इन्जीनियरों का एक दल पहले ही नियुक्त कर दिया है;

(ग) क्या किसी समय योजना आयोग के स्तर पर अथवा सरकारी स्तर पर एक मिश्रित योजना पर चर्चा की गई थी कि इस रेलवे लाइन को निकट के खान क्षेत्र से मिला दिया जाये और इस लाइन से ही पारादीप, पत्तन होकर विदेशों को लौह–अयस्क तथा इस्पात का सामान निर्यात किया जाये; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

रेलवे मन्त्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) तालचेर–विमलगढ़ रेल सम्पर्क (जिसमें कोइरा घाटी तक लाइन को बढ़ाना शामिल है) के सर्वेक्षण सम्बन्धी अनुमान विचाराधीन है। सर्वेक्षण के लिए योजना आयोग का अनुमोदन आवश्यक नहीं है।

(ख) जी नहीं।

(ग) और (घ) . जी हां। इस सम्बन्ध में सरकारी स्तर पर विचार विमर्श किया गया था। विचार विमर्श के फलस्वरूप लाइन को कोइरा घाटी तक बढ़ाने के लिए भी जांच–पड़ताल करने का विनिश्चय किया गया है।

तालचेर और बिमलगढ़ के बीच रेल लाइन

2263. श्री सुरेन्द्रनाथ द्विवेदी : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या चतुर्थ पंचवर्षीय योजना में दक्षिण पूर्व रेलवे में तालचेर और बिमलगढ़ के बीच की लगभग 90 मील की दूरी को मिलाने तथा इसके सर्वेक्षण और निर्माण सम्बन्धी प्रस्ताव को अन्तिम रूप दिया जा चुका है ; और

(ख) वास्तविक सर्वेक्षण कार्य कब आरम्भ होने की सम्भावना है ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) . (क) और (ख) . तालचेर-बिमलगढ़ रेल सम्पर्क (जिसमें कोइराघाटी तक लाइन को बढ़ाना शामिल है) के सर्वेक्षण सम्बन्धी अनुमान विचाराधीन हैं। नई लाइनों के लिए चौथी योजना के प्रस्तावों को अभी अन्तिम रूप नहीं दिया गया हैं। इसके निर्माण के सम्बन्ध में कोई विनिश्चय, लाइन का सर्वेक्षण, जो चालू वर्ष (1969-70) में शुरु किया जा रहा है, पूरा हो जाने और उसका परिणाम मालूम हो जाने के बाद ही दिया जा सकेगा।

हरिजनों के लिये पेय जल के नल कूप

2264. श्री भोगेन्द्र झा : क्या विधि तथा समाज कल्याण मत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गांधी शताब्दी वर्ष में देश भर में हरिजनों के प्रत्येक मोहल्ले में पेय जल के कम से कम एक नलकूप की व्यवस्था करने का कोई प्रस्ताव है ; और

(ख) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है ?

विधि मंत्रालय तथा समाज कल्याण विभाग में उप मंत्री (श्री मुथ्थाल राव) : (क) तथा (ख) . संविधान के अधीन अस्पृश्यता का उन्मूलन कर दिया गया है तथा सार्वजनिक कुओं से पानी न लेने देना अस्पृश्यता (अपराध) अधिनियम, 1955 के अधीन दण्डनीय अपराध है, इसलिए सभी गावों में केवल हरिजनों के लिए कुंओं की व्यवस्था करने का सरकार ने कोई विस्तृत कार्यक्रम शुरु नहीं किया है ।

पूर्वोत्तर रेलवे में रेल कर्मचारियों का स्थायीकरण

2265. **श्री भोगेन्द्र झा** : क्या रेलवे मंत्री 22 अप्रैल, 1969 के अतारांकित प्रश्न संख्या 7221 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पूर्वोत्तर रेलवे के पांच वर्षों से अधिक समय से काम कर रहे कर्मचारियों के स्थायीकरण के बारे में जानकारी इस बीच प्राप्त कर ली गई है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या उनको स्थायी करने के आदेश जारी किये जा रहे हैं; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) से (घ) अपेक्षित सूचना अनुबन्ध 'क' में दी गयी है । [पुस्तकालय में रखा गया। देखिये संख्या एल० टी० 1534/69]

कोलरून स्टेशन (दक्षिण रेलवे) के निकट दुर्घटना

2266. **श्री नम्बियार** : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दक्षिण रेलवे पर कोलरून स्टेशन के निकट एक पुल पर 4 फरवरी, 1969 को हुई जनता एक्सप्रेस की एक दुर्घटना की, जिसमें पुल से टकरा कर 36 यात्री मर गये थे, जांच कराई गई थी ;

(ख) यदि हां, तो उसकी उपपत्तियां क्या हैं ;

(ग) क्या डिवीजनल सुपरिन्टैन्डेन्ट ने खतरे वाले पुल में से गाड़ी को गुजरने योग्य बनाने तथा मद्रास के स्वर्गीय मुख्य मंत्री की अन्त्येष्टि के दिन यात्रियों को छतों पर यात्रा करने से रोकने के लिए पुलिस की सहायता प्राप्त करने की सावधानी बरती थी ;

(घ) यदि हां, तो क्या इस पुल के निकट, जहां भयानक दुर्घटना हुई, पुलिस तैनात की गई थी ;

(ङ) ऐसी दुर्घटनाओं की पुनरावृति को रोकने के लिये क्या औपचारिक कार्यवाहियां की गई हैं ; और

(च) ऐसी भयानक दुर्घटना का कारण बनने वाली भारी लापरवाही के लिये जिम्मेदार अधिकारी के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) और (ख). बंगलूरू के रेल संरक्षा के अपर आयुक्त ने इस दुर्घटना की कानूनी जांच की थी। उनके अन्तिम निष्कर्ष के अनुसार दुर्घटना छत पर यात्रा करने वालों द्वारा सवारी डिब्बों और इंजन की छतों पर चढ़ कर यात्रा करने की जिद के कारण घटी और वे सब स्वयं इसके लिए पूर्णत. जिम्मेदार थे। उन्होंने यह भी कहा है कि रेल प्रशासन और रेल कर्मचारियों को इस दुर्घटना के लिए दोष नहीं दिया जाना चाहिए।

(ग) और (घ) तामिल नाडु के स्वर्गीय मुख्य मंत्री के दाह संस्कार में शामिल होने के लिए 3 और 4 फरवरी, 1969 को बहुत से स्टेशनों पर मद्रास जाने वालों की अचानक अभूतपूर्व भीड़ हो गयी, इसे देखते हुए स्टेशनों पर कानून और व्यवस्था कायम रखने और गाडियों को स्टेशन से गुजरने के लिए पुलिस की सहायता मांगी गयी और वह सहायता मिली। विशेषरूप से पुलों पर पुलिस की सहायता लेने का अनुरोध नहीं किया गया था। रेल कर्मचारियों को इस बात की हिदायत है कि वे यात्रियों को छत पर यात्रा न करने के लिए समझायें और गाड़ी तभी चलायें जब यात्री छत पर से उतर जायें। इस हिदायत के अनुसार 4-2-1969 को कोलरून स्टेशन पर यात्रियों को छत से उतारने के लिए स्टेशन और गाड़ी के कर्मचारियों ने कोशिश की। लेकिन उपद्रवी भीड़ कोई दलील सुनने के लिए तैयार न थी और ज्यों ही छत पर यात्रा करने वालों को गाड़ी से नीचे स्टेशनों पर उतारा गया, गाडी के छूटते ही वे फिर सवारी डिब्बों की छत पर चढ़ गये। रास्ते के छोटे स्टेशनों पर गाड़ी के रुकने पर रेल कर्मचारियों और गाड़ी कर्मचारियों के साथ हाथा-पायी की गयी और उन्हें डराया-धमकाया भी गया और गाड़ी के ड्राइवर को उसकी पीठ पर छुरा रख कर धमकाया गया और उसे गाड़ी चलाने के लिए मजबूर किया गया और कहा गया कि यदि गाड़ी न चलायी गयी तो भीड़ गाड़ी का कार्य भार अपने हाथ में ले लेगी और प्रत्यक्षत: उसने एक स्थान पर इंजन के रेगुलेटर पर कब्जा करके ऐसा कर भी लिया था।

(ङ) इस आशय की हिदायत मौजूद है कि भीड़ के समय जहां सभव हो लाउड स्पीकरों के जरिये एलान किया जाना चाहिए कि छत पर यात्रा करना खतरनाक होने के साथ-साथ कानून के अन्तर्गत एक अपराध भी है। इस आशय की भी हिदायत मौजूद है कि जब कभी मेलों आदि के अवसर पर लोग छतों पर चढ़ कर यात्रा करते हों और जिस गाड़ी की छत पर यात्री बैठें हों, जब कभी उसे कोई स्थिर संरचना से गुजरना हो, और यदि यात्रियों को छत से नीचे उतारने का प्रयत्न विफल हो जाये, तो स्थिर संरचना से पहले के स्टेशन पर गाड़ी न चलायी जाये। लेकिन थोड़े से रेल कर्मचारियों के लिए ऐसे उपद्रवी लोगों की भीड़ को काबू में करना संभव नहीं है जो गाड़ियों की छत पर फिर चढ़ जाते हैं : इसके अलावा यह हिदायत भी जारी की गयी है कि यदि कुछ गैर-जिम्मेदार और उपद्रवी लोग गाडी की छत पर हों, तो गाड़ियों को अतिलंघा करने वाली संरचना से पहले रोक देना चाहिए, फिर चेतावनी की सीटी देने के बाद बिल्कुल धीमी रफ्तार से गाड़ी को आगे बढ़ाना चाहिए और इसे सामान्य रफ्तार में तभी लाना चाहिए जबकि पूरी गाड़ीअतिलघन करने वाली संरचना को पार

कर ले। रेलवे इससे अधिक कुछ नहीं कर सकती और चेतावनी देने और मना करने के बावजूद जो लोग कानून तोड़ कर गाड़ियों की छत पर यात्रा करने का आग्रह करते हैं, उनकी सुरक्षा के लिए रेलवे की जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता।

(च) उपर्युक्त भाग (क) और (ख) के उत्तर को देखते हुए सवाल नहीं उठता।

विधवाओं तथा निराश्रय महिलाओं के लिए पेंशन

2267. **श्री निहाल सिंह :**
श्री अदिचन :

क्या **विधि तथा समाज कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या विधवाओं तथा अन्य निराश्रय महिलाओं को पेंशन/राज्य सहायता देने की कोई योजना है ;

(ख) यदि हां, तो प्रत्येक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में यह पेंशन/राज्य सहायता किस हिसाब से दी जाती है ; और

(ग) प्रत्येक राज्य संघ राज्य क्षेत्र में इस प्रकार की पेंशन किन शर्तों पर दी जाती है ?

विधि मंत्रालय तथा समाज कल्याण विभाग में राज्य मंत्री (डा० (श्रीमती) फूलरेणु गुह) : (क) नहीं, श्रीमान।

(ख) तथा (ग) : प्रश्न नहीं उठते।

तलारा रेलवे स्टेशन पर नलकूप

2268. **श्री विक्रम चन्द महाजन :** क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या तलारा रेलवे स्टेशन (पठानकोट–जोगिन्द्र नगर लाइन) पर नलकूप लगाने के लिये छिद्रण कार्य किया गया था;

(ख) क्या वहां पानी मिला था और यदि हां, तो किस स्तर पर ; और

(ग) यदि पानी मिला था तो वहां नलकूप क्यों नहीं लगाया गया ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) जी हां।

(ख) 40.5 मीटर गहराई बोरिंग की गयी थी लेकिन उस सतह तक पानी नहीं मिला।

(ग) ऊपर भाग (ख) के उत्तर को देखते हुए सवाल नहीं उठता।

पठानकोट-जोगेन्द्र नगर रेलवे लाइन पर यात्री क्षमता

2269. **श्री विक्रम चन्द महाजन :** क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पठानकोट–जोगेन्द्र नगर रेलवे लाइन (हिमाचल प्रदेश) पर पहले, दूसरे तथा तीसरे दर्जे में प्रतिदिन कुल कितने यात्री यात्रा कर सकते हैं ; और

(ख) प्रत्येक दर्जे के रेल डिब्बे में प्रतिदिन औसत कितने यात्री यात्रा करते हैं ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) पठान कोट-जोगिन्द्र नगर खण्ड पर चलने वाली सवारी गाड़ियों में एक कैलेण्डर दिन के चक्र में सीटों की औसत संख्या नीचे दी गयी है । ये आंकड़े हाल की गणना पर आधारित है :—

	I	II	III
पठान कोट और बैजनाथ-पपरोला के बीच	109	91	1419
बैजनाथ-पपरोला और जोगिन्दर नगर के बीच	40	29	296

(ख) हाल की उसी गणना के आधार पर प्रत्येक दर्जे के यात्रियों की दैनिक औसत संख्या नीचे दी गयी है :—

पठानकोट और बैजनाथ–पपरोला के बीच	55	53	1208
बैजनाथ-पपरोला और जोगिन्दर नगर के बीच	3	2	156

काठगोदाम रेल कर्मचारियों की शिकायतें

2270. **श्री मधुलिमये** : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को काठगोदाम के रेलवे कर्मचारियों की शिकायतों के बारे में कोई टिप्पण/ज्ञापन/पत्र मिला है ;

(ख) उनकी क्या शिकायतें हैं ; और

(ग) उनकी शिकायतें दूर करने के लिये क्या कार्यवाही की गई है ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) और (ख) . पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन को सहायक स्टेशन मास्टरों और पूछताछ और आरक्षण क्लर्कों की ओर से काम के घंटे विनियमों के अन्तर्गत उनके वर्गीकरण में परिवर्तन से सम्बद्ध एक अभ्यावेदन मिला था ।

(ग) सहायक स्टेशन मास्टरों के मामले में उनका वर्गीकरण 'अनिवार्यतः आवश्यक' से बदल कर 'सतत' करने के काम को अन्तिम रूप दिया जा चुका है । जहां तक पूछताछ और आरक्षण कर्मचारियों का सम्बन्ध है, उनकी डयूटी का कार्य विश्लेषण किया जा रहा है और कार्य-विश्लेषण के परिणामों को देखते हुए आवश्यक कार्रवाई की जायेगी ।

हल्दीबाड़ी तथा जलपाईगुड़ी के बीच रेलवे संचार पुनः चालू करना

2271 **श्री चपला कान्त भट्टाचार्य** : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पूर्वोत्तर सीमा रेलवे पर पश्चिम बंगाल में हल्दीबाड़ी तथा जलपाइगुड़ी नगर के बीच रेल संचार पुनः चालू करने के बारे में उनके मंत्रालय को हल्दीबाड़ी के लोगों से अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं ; और

(ख) यदि हां, तो इस मामले में क्या कार्यवाही की गई है ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) जी हां ।

(ख) चूंकि मानसून प्रारम्भ हो चुका है, इसलिए जलपाईगुड़ी और हल्दीबाड़ी स्टेशनों के बीच लाइन को फिर से चालू करने का काम वर्षा ऋतु के बाद ही प्रारम्भ किया जा सकेगा । आशा है कि इस समय तक सिंचाई और बिजली मंत्रालय द्वारा नियुक्त तकनीकी समिति की रिपोर्ट मिल जायेगी; जिससे सम्पूर्ण स्थिति की बेहतर जानकारी प्राप्त हो जायेगी ।

Import of Steel Goods

2272. Shri Bhola Nath Master : Will the Minister of Steel and Heavy Engineering be pleased to state :

(a) whether Government have granted permission for the import of steel goods consisting mostly of plates, sheets and rods worth eight crores of rupees for consumption in the engineering industry this year;

(b) whether these items are manufactured indigenously; and

(c) if not, the steps being taken to manufacture them indigenously so that the import thereof is discontinued ?

The Minister of State in the Ministry of Steel and Heavy Engineering (Shri K. C. Pant): (a) No, Sir. but in the liberalised policy for imports, provision existe for import of plates and sheets for actual users. The position is under review and proposals for bulk import will be considered as circumstances require and resources permit.

(b) and (c). The quantity manufactured in the country is not adequate to meet the domestic and export demands. Efforts are being made to step up production of these items in the country.

नियंत्रण कार्यालय का सोनपुर से समस्तीपुर (पूर्वोत्तर रेलवे) में स्थानान्तरण

2273. **श्री द्वा० ना० तिवारी** : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि नियंत्रण कार्यालय के सोनपुर (पूर्वोत्तर रेलवे) से समस्तीपुर तथा बनारस स्थानान्तरित किये जाने के बाद नियंत्रण व्यवस्था अस्तव्यस्त हो गई है और अभी भी ठीक तरह काम नहीं कर रही है जिससे देरी तथा गलत कनेक्शन हो रहें हैं और परिणामतः यात्रियों को बड़ी असुविधा हो रही है ; और

(ख) इस अनुभव को ध्यान में रखते हुए क्या नियंत्रण कार्यालय को पुनः सोनपुर ले जाने का कोई प्रस्ताव हैं ताकि यह व्यवस्था ठीक तरह काम कर सकें ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) जी नहीं ।

(ख) सवाल नहीं उठता ।

पहलेजा घाट (पूर्वोत्तर रेलवे) पर कोयले तथा अन्य वस्तुओं की चोरी

1274. **श्री द्वा० ना० तिवारी** : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि डी० एम० ई० तथा यातायात कार्यालयों के सोनपुर से समस्तीपुर स्थानान्तरित किये जाने के बाद वहां नियंत्रण कम हो जाने के कारण पहलेजा घाट (पूर्वोत्तररेलवे) में कोयला तथा अन्य वस्तुओं की चोरी काफी बढ़ गई है ; और

(ख) पहलेजा घाट पर रेलवे सम्पत्ति तथा लोगों द्वारा बुक किये गये माल की हुई हानि का मूल्य क्या है ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) जी नहीं ।

(ख) पहलेजा घाट पर लोगों द्वारा बुक किये गये किसी माल की हानि के सम्बन्ध में अभी तक कोई दावा भुगतान नहीं किया गया है ।

बाल कल्याण सम्बन्धी गंगाशरण सिन्हा समिति

2275. **श्री क० प्र० सिंह देव :**
श्री वि० नरसिम्हा राव :
श्री हिम्मतसिंहका :

क्या **विधि तथा समाज कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत में बच्चों की समस्याओं पर विचार करने के लिये सरकार द्वारा नियुक्त गंगाशरण सिन्हा समिति ने अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत कर दिया है ;

(ख) यदि हां, तो उस समिति द्वारा की गई सिफारिशों की मुख्य रूपरेखा क्या है ;

(ग) क्या सरकार ने समिति की सिफारिशों को स्वीकार कर लिया है ;

(घ) यदि हां, तो उनकी कार्यान्विति के लिये सरकार ने क्या कार्यवाही की है; और

(ङ) यदि उपर्युक्त भाग (ग) का उत्तर नहीं हो तो इसके क्या कारण हैं ?

विधि मंत्रालय तथा समाज कल्याण विभाग में राज्य मंत्री (डा० (श्रीमती) फूलरेणु गुह) : (क) हां, श्रीमान् ।

(ख) समिति ने एक विस्तृत रिपोर्ट में स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा तथा बच्चों के कल्याण सम्बन्धी विशेष तथा साधारण सेवाओं की समस्याओं के बारे में 109 सिफारिशें की हैं। रिपोर्ट की 6 प्रतियां संसद पुस्तकालय में उन सदस्यों की सुविधा के लिए रखी गई है जो इन सिफारिशों का अध्ययन करना चाहते हैं ।

(ग), (घ) तथा (ङ) . इस समिति की रिपोर्ट का परीक्षण किया जा रहा है और उसमें की गई सिफारिशों पर विचार करने के लिए उसे राज्य सरकारों/संघ-शासित क्षेत्र प्रशासनों तथा भारत सरकार के सम्बन्धित मंत्रालयों को भेज दिया गया है। राज्य सरकारों, इत्यादि के विचार प्राप्त होने पर उन्हें कार्यान्वित करने के बारे में निश्चय किए जाएंगे ।

रेलवे बस्ती, गोल्डन राक, दक्षिण रेलवे में रेलवे प्लाटों के लाइसेंस धारक

2276. **श्री नम्बियार :** क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि ठेका किये गये तथा पिछले 35 वर्षों से लागू विनियमों से सर्वथा भिन्न नये विनियमों को लागू करके दक्षिण रेलवे की गोल्डन राक रेलवे बस्ती में रेलवे प्लाटों के लाइसेंस धारिकों को दो वर्ष का अधिग्रहण शुल्क देने के लिये बाध्य किया जा रहा है ;

(ख) क्या इन लाइसेंस धारिकों ने अपने एकमात्र ढांचे इन आवंटित खाली प्लाटों पर बने थे ;

(ग) क्या दो वर्ष का अधिग्रहण शुल्क अग्रिम लेने की प्रक्रिया केवल उन लाइसेंस धारिकों पर लागू होती है जिनके पास केवल रेलवे इमारतें हैं :

(घ) क्या दक्षिण रेलवे को इस बस्ती में लागू वर्तमान नियमों से कोई घाटा हुआ था;

(ङ) यदि कोई हानि नहीं होती, तो इस रेलवे में प्रक्रिया में परिवर्तन करने के क्या कारण हैं ; और

(च) क्या लाइसेंसधारिकों से दो वर्ष की पेशगी की नई शर्तों के आधार पर इमारतें बलात खाली कराई जा रही है ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) सभी रेलों पर लागू होने वाली अप्रैल, 1967 से चालू नयी प्रक्रिया के अनुसार गोल्डन राक रेलवे बस्ती के लाइसेंसधारों को नोटिस जारी किये गये थे कि वे एक वर्ष की कब्जा फीस पेशगी दें और उतनी ही रकम जमानत के रूप में जमा करायें ।

(ख) जी हां ।

(ग) जी नहीं । यह प्रक्रिया सभी मामलों में लागू होगी ।

(घ) जी नहीं ।

(ङ) यह प्रक्रिया सभी रेलों पर लागू की गया थी ताकि किरायों के भारी बकाये इकठ्ठे न हो जायें और किरायों की वसूली न होने की दशा में रेलों को सम्भावित हानि न हो।

(च) इस सम्बन्ध में गोल्डन राक रेलवे बस्ती के लाइसेंसदारों द्वारा किये गये अभ्यावेदन पर विचार किया जा रहा है ।

उड़ीसा में नमक का उत्पादन

2277. **श्री चिन्तामणि पाणिग्रही :** क्या **औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उड़ीसा में गंजम जिले के नमक क्षेत्र में नमक बंधों आदि की मरम्मत के लिये 1967-68, 1968-69 और 1969-70 में सरकार ने कोई वित्तीय सहायता दी है ;

(ख) यदि हां, तो कितनी और किस को ;

(ग) उड़ीसा में नमक उत्पादन की वर्तमान स्थिति क्या है , और

(घ) चौथी पंचवर्षीय योजना में उड़ीसा में नमक का उत्पादन बढ़ाने के लिये बनाये गये कार्य-क्रमों का ब्यौरा क्या हैं ?

औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय कार्य मंत्री (श्री फ़खरुद्दीन अली अहमद) : (क) तथा (ख) . 1967–68 की अवधि में उड़ीसा की गंजाम जिले के नमक वाले क्षेत्र में नमक तटबंध इत्यादि की मरम्मत करने के बारे में कोई वित्तीय सहायता नहीं दी गई। 1968–69 तथा 1969–70 की अवधि में इस क्षेत्र में नमक लाइसेंस प्राप्त कर्ताओं को दी गयी वित्तीय सहायता का ब्यौरा बनाने वाला एक विवरण संलग्न है। [पुस्तकालय में रखा गया। देखिये सख्या एल० टी० 1535/69]

(ग) 1967–68 में45,000 मी० टन तथा 1966–67 में 47,000 मी० टन की अपेक्षा 1968–69 की अवधि में उड़ीसा में नमक का उत्पादन 77,600 मी० टन हुआ।

(घ) नमक विभाग ने राज्य सरकार के एक उपक्रम ईस्ट कास्ट साल्ट एण्ड केमिकल इण्डस्ट्रीज लिमिटेड को नमक का उत्पादन करने के लिए कुल 2400 एकड़ भूमि पट्टे पर दी है। चौथी पंचवर्षीय योजना की अवधि में 7 वर्ष में उनके 1,25,000 मी० टन का लक्ष्य प्राप्त करने की आशा है। प्राइवेट साल्ट वर्क्स ने पहले ही अपना उत्पादन लक्ष्य 50,000 मी० टन प्राप्त कर लिया है।

कोलायत से जैसलमेर तक रेलवे लाइन

2278 **डा० कर्णी सिंह** : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार कोलायत रेलवे स्टेशन से जैसलमेर तक एक नई रेलवे लाइन बनाने के लिए कोई कार्यवाही करने का है ;

(ख) क्या सरकार को पता है कि बीकानेर तथा जयपुर के बीच चलने वाली रेल-गाड़ियों में शायिकाओं की व्यवस्था करने के लिए जनता द्वारा बार-बार मांग की गई है; और

(ग) इस मामले में सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) जी नहीं।

(ख) और (ग) : जयपुर के रास्ते आगरा किला और बीकानेर के बीच साधारण तीसरे दर्जे के सीधे डिब्बे चलते हैं जो 207/208 आगरा किला–जोधपुर एक्सप्रेस और 95/96 बीकानेर-मारवाड़ डाक गाड़ियों में लगाये जाते हैं। इनमें से एक सीधे डिब्बे के स्थान पर 3 टियर वाला एक शयनयान, जिसमें जयपुर के लिए अलग से कोटा निर्धारित किया गया हो, चलाने के प्रश्न पर विचार किया जा रहा है।

बीकानेर डिवीजन में यात्री सुविधायें

2279. डा० कर्णी सिंह ; क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि निम्नलिखित शीर्षकों के अन्तर्गत वर्ष 1967 से 31 मार्च, 1969 तक उत्तर रेलवे के बीकानेर डिवीजन में यात्री सुविधाओं पर कितनी धनराशि व्यय की गई ;

(एक) इंजन, डिब्बों आदि में पंखों, संडास आदि की सुविधाएं ;

(दो) स्टेशनों का नवीकरण ;

(तीन) प्रतीक्षाघरों में सुधार ; और

(चार) प्लेटफार्मों, उपरि पुलों आदि का निर्माण अथवा सुधार ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (1) मानक सुविधाओं की व्यवस्था सभी डिब्बों में बिना इस बात को ध्यान में रखे की जाती है कि उन्हें किस मण्डल में काम में लाया जाता है। समय-समय पर होने वाली कमी को सामान्य रूप से मरम्मत लाइनों और कारखानों में ठीक कर दिया जाता है।

(2) लगभग 10,000 रुपये।

(3) लगभग 35,500 रुपये।

(4) लगभग 1,37,800 रुपये।

बीकानेर डिवीजन में रेलवे कर्मचारियों का निलंबन

2280. **डा० कर्णी सिंह** : क्या **रेलवे मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 19 सितम्बर, 1968 की हड़ताल के सम्बन्ध में बीकानेर डिवीजन में कितने रेल कर्मचारी निलंबित किए गए;

(ख) उनमें से कितने कर्मचारी वापिस ले लिए गए हैं और कितनों पर मुकदमा चलाया जा रहा; और

(ग) उनका मंत्रालय इन मामलों का निपटारा कब तक कर लेगा ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह : (क) 932

(ख) 904 कर्मचारियों को काम पर वापस लिया गया, और शेष 28 कर्मचारी अभी निलम्बन में हैं। 932 कर्मचारियों में से अभी तक निलम्बन में चले आ रहे 28 कर्मचारियों सहित 496 कर्मचारियों के विरुद्ध विभिन्न अपराधों के लिए न्यायालय में मुकदमे चल रहे है।

(ग) अभी तक निलम्बन चले आ रहे 28 कर्मचारियों को काम पर लेना न्यायालय के मुकदमों के परिणाम पर निर्भर करता है, क्योंकि उनके विरुद्ध आरोप गंभीर है और पुनर्विचार करने पर यह विनिश्चय किया गया है कि अभी उन्हें काम पर वापस न लिया जाये।

चालान सम्बन्धी शेष मामलों को अन्तिम रूप देना न्यायालय के निर्णय पर निर्भर करता है ।

बीकानेर-जयपुर-जोधपुर के बीच मुख्य रेलगाड़ियों के साथ भोजनयान का जोड़ना

2281. **डा० कर्णी सिंह** : क्या **रेलवे मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को पता है कि बीकानेर तथा जयपुर और जोधपुर तथा बीकानेर के बीच चलने वाली मुख्य रेलगाड़ियों के साथ भोजनयान जोड़े जाने के बारे में जनता द्वारा बार-बार मांग की गई है; और

(ख) इस मामले में सरकार का क्या उपाय करने का विचार है ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) बीकानेर और जयपुर के बीच कोई सीधी गाड़ी नहीं चलती, अतः ऐसी किसी गाड़ी के साथ भोजनयान लगाये जाने की मांग का सवाल ही नहीं उठता । बीकानेर और जोधपुर के बीच एक सीधी गाड़ी आती-जाती है, लेकिन इनका चलने का समय ऐसा है कि उनमें भोजन की व्यवस्था करने की आवश्यकता नहीं पड़ती । इसलिए इन गाड़ियों के साथ कोई भोजनयान नहीं लगाया जाता और न ऐसा भोजनयान लगाये जाने के लिए कोई खास मांग ही की गयी है ।

(ख) बीकानेर और जयपुर तथा बीकानेर और जोधपुर के बीच स्थित स्टेशनों पर यात्रियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए खान-पान सम्बन्धी पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध हैं ।

केन्द्रीय समाज कल्याण बोर्ड का पुनर्गठन

2282. **श्री ई० के० नायनार** : क्या **विधि तथा समाज कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि केन्द्रीय समाज कल्याण बोर्ड का, जिसका गठन केन्द्रीय सरकार द्वारा तीन वर्ष के लिए किया गया था, इस वर्ष पुनर्गठन किया गया है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ;

(ग) क्या केन्द्र द्वारा नामांकित व्यक्तियों के आधार पर इस बोर्ड का पुनर्गठन किया गया है; और

(घ) इस वर्ष पुनर्गठित होने से पूर्व केन्द्रीय समाज कल्याण बोर्ड के सदस्य कौन-कौन थे, पुनर्गठित बोर्ड के सदस्य कौन-कौन हैं और उनमें कौन-कौन नये सदस्य नामांकित हैं ?

विधि मंत्रालय तथा समाज कल्याण विभाग में राज्य मंत्री (डा० (श्रीमती) फुलरेणु गुह) : (क) तथा (ख) : केन्द्रीय समाज कल्याण बोर्ड को 1 अप्रैल, 1969 से कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 25 के अधीन पुण्यार्थ कम्पनी के रूप में परिवर्तित किए जाने पर इस वर्ष इस कम्पनी के एसोसिएशन के अनुच्छेदों में की गई व्यवस्था के अनुसार इस कम्पनी की जनरल बोडी का इस वर्ष गठन कर दिया गया है ।

(ग) कम्पनी की जनरल बोडी में राज्य सरकारों/संघ शासित क्षेत्रों और केन्द्रीय सरकार द्वारा नामित व्यक्ति तथा लोक सभा अध्यक्ष तथा राज्य सभा अध्यक्ष शामिल हैं।

(घ) इस वर्ष कम्पनी के रूप में रजिस्टर किए जाने से पूर्व केन्द्रीय समाज कल्याण बोर्ड के सदस्यों के नाम बोर्ड के (कम्पनी) के जनरल बोडी के सदस्यों के नाम तथा (बोर्ड के) नए सदस्यों के नाम संलग्न विवरणों में दिए गए हैं (अनुबन्ध 1, 2 और 3) **[पुस्तकालय में रखा गया। देखिये संख्या एल० टी० 1536/69]**

धन के केन्द्रीकरण तथा एकाधिकार की वृद्धि को समाप्त करने के लिए किये गये उपाय

2283. **श्री धीरेश्वर कालिता** : क्या **औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करगे कि :

(क) देश में धन के केन्द्रीकरण तथा एकाधिकार की वृद्धि को रोकने के लिये बड़े व्यापारीयों पर प्रातबन्ध लगाने के चौथी योजना में किय गये सुझाव को कार्यान्वित करने के लिए सरकार ने कोई उपाय किये हैं; और

(ख) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है ?

औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) तथा (ख). सरकार के, एकाधिकार की वृद्धि को नियन्त्रित करने की बाबत, दिनांक 5 सितम्बर, 1966 के सकल्प, जो दिनांक 6 सितम्बर, 1966 को सदन के पटल पर प्रस्तुत किया गया, की ओर, तथा ससद के समक्ष, वर्तमान में अनिर्णीत, एकाधिकार एवं निर्बन्धात्मक व्यापार प्रक्रिया विधेयक के उपबन्धों की ओर भी, ध्यान आकर्षित किया जाता है। 14 शीषस्थ बैंकों का राष्ट्रीयकरण भी इसी दिशा में एक पग है।

कुमाऊं एक्सप्रेस का दुर्घटनाग्रस्त होना

2284 **श्री जनार्दन :**
श्री अदिचन :
श्री न० रा० देवघरे :
श्री विश्वनाथ पण्डेय :
श्री बाल्मीकि चौधरी :

क्या **रेलवे मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पूर्वोत्तर रेलवे के रती का-नागला स्टेशन के बाहरी सिगनल के पास 2 जुलाई, 1969 को 4 अप कुमाऊं एक्सप्रेस पटरी से उतर गई थी;

(ख) यदि हां, तो इस दुर्घटना में कितने व्यक्ति हताहत हुए;

(ग) क्या दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिये कोई जांच की गई है;

(घ) यदि हां, तो उसका क्या परिणाम निकला; और

(ङ) उस पर क्या कार्यवाही की गई ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) 2-7-1969 को पूर्वोत्तर रेलवे पर हाथरस रोड और रती का नागला स्टेशनों के बीच 11 डाउन कुमाऊं एक्सप्रेस पटरी से उतर गयी थी।

(ख) इस दुर्घटना में ड्राइवर और 2 फायरमैन मारे गये और एक व्यक्ति को गम्भीर चोटें आयी।

(ग) और (घ): रेल संरक्षा के अपर आयुक्त द्वारा इस दुर्घटना की जांच की गई है। उनके अनन्तिम निष्कर्ष के अनुसार दुर्घटना किसी अज्ञात व्यक्ति या व्यक्तियों द्वारा रेलवे लाइन से अनधिकृत रूप से छेड़-छाड़ करने के कारण हुई।

(ङ) अन्तिम रिपोर्ट मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

पूर्वोत्तर तथा पूर्वोत्तर सीमान्त रेलवे में डिवीजनल अधीक्षक के कार्यालय स्थापित करना

2285 **(श्री द्वा० ना० तिवारी)** : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल राज्यों के प्रशासनिक क्षेत्राधिकार में पूर्वोत्तर और पूर्वोत्तर सीमान्त रेलवे के नवनिर्मित डिवीजनल अधीक्षक के कार्यालय किस आधार पर स्थापित किए गए हैं;

(ख) क्या विभिन्न राज्य सरकारों से इस सम्बन्ध में सलाह ली गई थी;

(ग) क्या व्यापारी समाज और यात्री संगठनों से सलाह ली गई थी; और

(घ) यदि हां, तो इस समय जिन स्थानों में डिवीजनल अधीक्षक के ये कार्यालय स्थापित किए गए हैं; उसके बारे में उनकी प्रतिक्रिया क्या रही हैं ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) पूर्वोत्तर तथा पूर्वोत्तर सीमा रेलों के मण्डल प्रधान कार्यालयों के स्थान निर्धारण के सम्बन्ध में निर्णय खर्च में किफायत के साथ साथ परिचालन सम्बन्धी जरूरतों के आधार पर किये गये हैं। स्थानों के चुनाव पर राज्यों की सीमाओं का कोई प्रभाव नहीं हैं।

(ख) और (ग) : राज्य सरकारों या व्यापारिक तथा सार्वजनिक संगठनों के साथ कोई औपचारिक परामर्श नहीं किया गया था लेकिन मंडलीकरण योजनाओं को अन्तिम रूप देने से पहले इस सम्बन्ध में सभी ओर से मिले अभ्यावेदनों पर समुचित विचार किया गया था।

(घ) मंडल प्रधान कार्यालय किसी अन्य स्थान पर बनाये जाने के सम्बन्ध में प्रारम्भ में कुछ सुझाव और दावे प्राप्त हुए थे। लेकिन अब आमतौर पर इन स्थानों को स्वीकार कर लिया गया है।

बस्ता, अमरदा रोड और हल्दीपाडा स्टेशनों (दक्षिण पूर्वी रेलवे) पर रोशनी का प्रबन्ध

2286 **श्री स० कुण्डू** : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दक्षिण-पूर्वी रेलवे में बस्ता, अमरदा रोड और हल्दीपाड़ा रेलवे स्टेशनों पर नव निर्मित प्लेटफार्मों पर रोशनी का कोई प्रबन्ध नहीं है; और

(ख) यदि हां, तो इन प्लेटफार्मों पर पर्याप्त रोशनी का प्रबन्ध करने तथा जालेसबार स्टेशन पर रोशनी के प्रबन्ध को सुधारने के लिए क्या कार्यवाही की जा रही है ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) जी हां ।

(ख) इन प्लेटफार्मों पर रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था करने का काम प्रगति पर है और आशा है कि अगस्त, 1969 तक यह काम पूरा हो जायेगा । जलेस्वर स्टेशन पर रोशनी का वर्तमान प्रबन्ध पर्याप्त समझा जाता है ।

कागज निगम की स्थापना

2287. **श्री रामावतार शर्मा :**
श्री शशि भूषण :

क्या **औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कागज निगम स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; और

(ख) यदि हां, तो इसके कार्य क्या होंगे और कब तक इसके स्थापित हो जाने की सम्भावना है ?

औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) और (ख) : जी, हां । एक कागज निगम की स्थापना का प्रस्ताव है जो कि सरकारी क्षेत्र में स्थापित की जाने वाली नई कागज / अखबारी कागज की मिलों के प्रबन्ध की उत्तरदायी होगी । अभी तक इस मामले में अन्तिम निर्णय नहीं लिया गया है ।

मोटर गाड़ी के टायर तथा ट्यूब बनाने वाले कारखाने में विदेशी पूंजी निवेश

2288. **श्री स० मो० बनर्जी**
श्री जि० मा० विस्वास :
श्री सूरज पाण्डेय :

क्या **औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिनांक 26 नवम्बर, 1968 के भारत सरकार के प्रेस नोट के अनुसार रबड़ का सामान बनाने वाले कारखानों में, जिनमें मोटर गाड़ी के टायर तथा ट्यूब बनाने के कारखाने भी शामिल हैं, में नए एकक स्थापित करने के लिये विदेशी पूंजी निवेश की अनुमति नहीं है :

(ख) क्या यह भी सच है कि एक कम्पनी को, जिसे मोटरगाड़ी के टायर तथा ट्यूब बनाने के लिए एक नया कारखाना स्थापित करने के लिये आशय-पत्र जारी किया गया था, विदेशी पूंजी विनियोजना बोर्ड ने उक्त कम्पनी को यह अनुमति दी है कि वह प्रस्तावित कम्पनी के साम्य पूंजी में 25 प्रतिशत तक विदेशी सहयोग प्राप्त कर सकती है; और

(ग) यदि हां, तो क्या यह बात उपरोक्त प्रेस नोट में उल्लिखित सरकारी नीति के प्रतिकूल नहीं है ?

औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) जी हां ।

(ख) मामला विचाराधीन है ।

(ग) प्रश्न ही नहीं उठता ।

ओलवाकोट तक रेलगाडी का चलाया जाना

2289. **श्री ई० के० नायनार : क्या रेलवे मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या उस रेलगाड़ी को ओलवाकोट तक ले जाने का सरकार का विचार है जिसे दक्षिणी रेलवे के अधिकारी मद्रास और कोयम्बतूर के बीच वृन्दावन एक्सप्रेस की भांति चलाने का विचार कर रहे हैं ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : इस क्षेत्र में एक तेज गाड़ी चलाने की आवश्यकता की जांच करते समय इस प्रश्न पर समुचित विचार किया जायेगा ।

पालघाट में प्रिसीजन टूल फैक्टरी की स्थापना के लिए भूमि का आवंटन

2290. **श्री इ० के० नायनार : क्या औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को पता है कि पालघाट (केरल राज्य) में प्रिसीजन टूल फैक्टरी के लिए आवंटित की गई भूमि चित्तर चीनी मिल अधिकारियों को गन्ने की खेती करने के लिए दे दी गई है; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने पालघाट में प्रिसिजन टूल फैक्टरी के निर्माण की स्वीकृत योजना समाप्त कर दी है ?

औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) जी हां, । मैकेनिकल इन्स्ट्रूमेन्ट संयंत्र, पालघाट को आवटित जमीन, सहकारी चीनी मिल, चित्तूर को गन्ने की खेती करने के लिये इन शर्त पर दे दी गई है कि आवश्यकता पड़ने पर वह जमीन कम्पनी को लौटा दी जायेगी ।

(ख) चतुर्थ पंच वर्षीय योजना के दौरान, इन्स्ट्रूमेन्टेशन लि० के पालघाट एकक का कार्यान्वयन स्थगित किये जाने तथा पालघाट एकक में औजारों का उत्पादन करने के लिये

अतिरिक्त विनियोजन सहित कोटा एकक में सम्मिलित कर लिये जाने का निश्चय किया गया है। इससे कम्पनी के बोकारो इस्पात तथा थरमल पावर संयंत्र की आवश्यकतायें पूरा करने में सहायता मिलेगी।

पालघाट, मैकेनिकल इंस्ट्रूमेन्टस संयंत्र की स्थापना की पूरी स्थिति पर चतुर्थ पंचवर्षीय योजना के अन्त में प्रयोग करने वाले उद्योगों की अतिवृद्धि तथा मांगों के संदर्भ में पुनः विचार किया जायेगा।

पूर्वी रेलवे में तांबे के तारों की चोरी

2291. **श्री चपलाकांत भट्टाचार्य** : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पूर्वी रेलवे में तांबे के तारों की चोरी के मामले बहुत बढ़ गए हैं;

(ख) यदि हां, तो गत जून में ऐसे कितने मामले हुए;

(ग) तार चोरों का कार्य करने का ढंग और तरीका क्या है; और

(घ) क्या इसमें रेलवे कर्मचारी भी शामिल हैं ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) 1969 में मार्च और अप्रैल के महीनों में तांबे के तारों की चोरी के मामलों की संख्या बढ़ गयी थी लेकिन बाद में उनकी संख्या घट रही है।

(ख) दस।

(ग) ऐसे अलग-अलग स्थानों पर जहां रेलवे सुरक्षा दल के सैनिक या अन्य कर्मचारी तैनात नहीं रहते, वहां अपराधी तारों को लोहे की आरी की पत्तियों या रबर के आवरण युक्त मूठ वाले तेज औजारों से काट देते हैं और तार उठा ले जाते हैं।

(घ) 1969 के मामलों में जून, 1969 तक जितने मामलों की सूचना मिली है उनमें केवल दो रेल कर्मचारियों पर सन्देह किया गया।

रेलवे को लकड़ी के स्लीपरों की सप्लाई

2292. **श्री गा० शं० मि ा** : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि लकड़ी के स्लीपरों पर मध्य प्रदेश सरकार या उसके वनविभाग को रेलवे द्वारा बिक्री-कर न दिये जाने के कारण रेलवे को स्लीपरों की सप्लाई 1967-68 से बन्द कर दी गई है;

(ग) क्या यह भी सच है कि मध्य प्रदेश के वनों के ठेकेदारों ने, जो रेलवे की आवश्यकता के लिये लकड़ी के स्लीपर मध्य प्रदेश सरकार को दिया करते थे, रेलवे से यह अनुरोध किया है कि वे रेलवे को स्लीपरों की सप्लाई टेन्डरों, या बातचीत द्वारा सौदों के आधार पर करेंगे;

(ग) क्या यह भी सच है कि रेलवे ने लकड़ी के स्लीपरों की सप्लाई के लिए एक पार्टी को बिक्री कर तथा निरीक्षण व्यय समेत ऊंची दरों पर, क्रमादेश दिया है; और

(घ) यदि हां, तो यदि अन्य यात्रियों द्वारा बताये गये मूल्यों में से सब से कम मूल्य वाला प्रस्ताव स्वीकार किया जाता तो रेलवे को कितनी बचत होती ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) रेलों ने कानूनी तौर पर देय बिक्री कर की अदायगी करने से इन्कार नहीं किया । रेलों और मध्य प्रदेश राज्य वन विभाग के बीच राज्य और केन्द्रीय बिक्री कर अधिनियमों के अन्तर्गत लगाये जाने वाले बिक्री कर से सम्बद्ध वास्तविक वैध दायित्व के बारे में मतभेद उत्पन्न हो गया जिसके परिणामस्वरूप रेलों को सप्लाई करने के लिए स्लीपरों का प्रथागत लदान किये बिना मध्य प्रदेश सरकार ने अपने वन पातनांशों (forest coupes) को नीलाम कर देने का निश्चय किया और रेलों से कहा कि सीधे व्यापारियों से स्लीपर लेने के लिए वे स्वतंत्र हैं ।

(ख) रेलों को इस बात की जानकारी नहीं है कि मध्य प्रदेश में वन के ऐसे कौन-कौन ठेकेदार हैं, जो राज्य सरकार को लकडी के स्लीपर सप्लाई करते थे क्योंकि स्लीपरों की सप्लाई सीधे एक सरकार द्वारा दूसरी सरकार को की जाती थी । जैसाकि ऊपर भाग (क) में बताया गया है, एक सरकार द्वारा दूसरी सरकार की स्लीपर सप्लाई करने की व्यवस्था भंग हो जाने के बाद सप्लाई के लिए व्यापारियों से टेन्डर मंगाने पड़े ।

(ग) जी नहीं ।

(घ) सवाल नहीं उठता ।

मैसर्स हिन्द गाल्वेनाइजिंग एण्ड इंजीनियरिंग कम्पनी (प्राइवेट) लिमिटेड को इस्पात की चादरों का आवेदन

2293. **श्री स० मो० बनर्जी** : क्या **औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने 13 जनवरी, 1964 की अधिसूचना के द्वारा यह घोषित किया था कि किसी भी कच्चे माल का, जिसकी सप्लाई बहुत ही कम है, देशी साधनों से अथवा किसी फर्म को आयात लाइसेंस जारी करके आंवटन नहीं किया जायेगा, यद्यपि सरकार ने उन सभी औद्योगिक उपक्रमों को, जिनकी स्थायी परिसम्पत्ति 2.5 लाख रुपये से अधिक नहीं है, उद्योग (विकास तथा नियमन) अधिनियम, 1951 के लाइसेंस सम्बन्धी उपबन्धों से छूट दे रखी है;

(ख) यदि हां, तो सरकार ने मैसर्स हिन्द गाल्वेनाइजिंग एण्ड इंजीनियरिंग कम्पनी (प्राइवेट) लिमिटेड को इस्पात की चदरों का, जो कि हमेशा और अब भी कम मिलने वाला पदार्थ है, आंवटन कैसे किया है और अभी भी कैसे कर रही हैं;

(ग) क्या यह बात उपरोक्त भाग (क) में उल्लखित अधिसूचना में घोषित नीति के प्रतिकूल नहीं है;

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) 13 जनवरी, 1964 की अधिसूचना कुछ विशिष्ठ उद्योगों, औद्योगिक उपक्रमों जिनकी स्थायी परिसम्पत्ति 25 लाख रुपये से अधिक नहीं है के अलावा अनुसूचित उद्योगों पर औद्योगिक (विकास तथा विनियमन) अधिनियम, 1951 के अधीन लाइसैंसिंग अनुबधों के लागू न होने के विषय में है । इस अधिसूचना में देशी या आयातित कच्चे माल के आबंटन का कोई संदर्भ नहीं है ।

(ख) से (घ) : प्रश्न ही नहीं उठता ।

भोपाल में हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड के कर्मचारियों द्वारा सामूहिक छुट्टी

2294. श्री रा० कृ० सिंह : क्या औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भोपाल में हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, कारखाने के कर्मचारियों ने 4 जुलाई 1969 को सामूहिक छुट्टी ली थी;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण थे; और

(ग) उनकी मांग को पूरा करने के लिए क्या कार्यवाही की गई है ?

औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) जी, हां । कर्मचारियों ने (विशेष रूप से कारीगर) अपनी द्वितीय पाली में 4 जुलाई, 1969 में आधे दिन की आकस्मिक छुट्टी ले ली थी ।

(ख) यह कदम कारीगर समिति के आह्वान पर उनकी पदोन्नति तथा वेतन क्रम में सुधार की मांग को कारगर ढंग से प्रस्तुत करने के उद्देश्य से उठाया गया ।

(ग) उनकी मागें कम्पनी के प्रबन्धकों के विचाराधीन हैं ।

उत्तर प्रदेश में हरिजनों के लिए आवास की सुविधायें

2295. श्री विश्वनाथ पाण्डेय : क्या विधि तथा समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश में हरिजनों के लिये आवास की सुविधाएं प्रदान करने के लिए क्या केन्द्रीय सरकार ने अथवा राज्य सरकार ने कोई योजना बनाई है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और इसके लिए कितनी केन्द्रीय सहायता दी गई है; और

(ग) यदि नहीं, तो क्या केन्द्रीय सरकार का ऐसी कोई योजना बनाने का अथवा राज्य सरकार को इसके लिए कहने का विचार है ?

विधि मंत्रालय तथा समाज कल्याण विभाग में उप मंत्री (श्री मुथ्थालराव) (क) से (ग) : पिछड़े वर्ग कल्याण क्षेत्र में दो आवास योजनाएं हैं :—

(1) केन्द्रीय सहायता के साथ चलाए जाने वाले राज्य क्षेत्र कार्यक्रमों के अधीन अनुसूचित जातियों/अनुसूचित आदिम जातियों द्वारा मकान बनाए जाने के लिए उपदान; तथा

(2) केन्द्र द्वारा प्रायोजित कार्यक्रमों के अधीन भंगियों और मेहतरों के आवास के लिए राज्य सरकारों को सहायक अनुदान देना।

केन्द्र द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम पर हुआ सारा खर्च केन्द्रीय सरकार उठाती है, जबकि राज्य क्षेत्र कार्यक्रम पर हुआ खर्च केन्द्रीय तथा राज्य सरकारों द्वारा 60 : 40 के अनुपात से उठाया जाता है।

इन योजनाओं के अधीन लाभ प्राप्त करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को 900 रुपये से 1500 रुपये तक की सरकारी सहायता दी जाती है। केन्द्र द्वारा प्रायोजित उपरोक्त योजना लाभ प्राप्तकर्ताओं को मकान की पूरी लागत का 12½% उपदान के रुप में देकर निर्माण, आवास और नगरीय विकास विभाग की गंदी बस्तियां सफाई योजना तथा कम आय वर्ग आवास योजना को, जब वे चलाई जा रही हों, अनुपूर्ति करती है।

आगरा-कानपुर यात्री गाड़ी पर डाकुओं का हमला

2296. **श्री विश्वनाथ पाण्डे** : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 29 जून, 1969 को उत्तर पश्चिम रेलवें में कानपुर से 30 मील दूर बिल्होर स्टेशन के पास आगरा कानपुर यात्री गाडी के तीसरे श्रेणी के डिब्बे में यात्रियों पर डाकुओं द्वारा गोली चलाए जाने से एक रेलवे कर्मचारी मारा गया तथा तीन अन्य घायल हो गए; और

(ख) यदि हां, तो सरकार की इस पर क्या प्रतिक्रिया है ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) जी हां; एक यात्री (रेल कर्मचारी) गोली लगकर मर गया और तीन अन्य जिनमें दो बच्चे भी थे घायल हो गये।

(ख) फर्रुखाबाद की सरकारी रेलवे पुलिस ने भारतीय दड संहिता की धारा 394, 302 के अधीन एक मामला अपराध सं० 66 दर्ज कर लिया था। इस मामले से सम्बद्ध तीन अभियुक्तों में से दो को गिरफ्तार कर लिया गया है और तीसरा व्यक्ति चलती गाड़ी से भागने का प्रयत्न करते हुए मारा गया।

चौथी पचवर्षीय योजना में इस्पात कार्यक्रम

2297. **श्री हिम्मतसिंहका** : क्या इस्पात तथा भारी इंजीनियरिंग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या चौथी पंचवर्षीय योजना में इस्पात-विस्तार कार्यक्रम को तैयार करने के लिए अपनाई जाने वाली नीति के प्रश्न पर उनके मंत्रालय में गम्भीर मतभेद उत्पन्न हो गया है;

(ख) यदि हां, तो मतभेद के क्या कारण हैं;

(ग) मतभेद को दूर करने और कार्यक्रम को अन्तिम रूप से तैयार करने के लिए क्या कार्यवाही की गई है; और

(घ) यदि कार्यक्रम को अन्तिम रूप दे दिया गया है तो उसकी मुख्य बातें क्या है ?

इस्पात तथा भारी इंजीनियरिंग मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) जी, नहीं ।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठते ।

(घ) लोक सभा में 29 जुलाई, 1969 को दिए गये तारांकित प्रश्न संख्या 189 के उत्तर की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है । प्रश्न के भाग (घ) के उत्तर में चौथी योजना अवधि के परिकल्पित कार्यक्रम की मुख्य-मुख्य बातें दी गई हैं ।

साधारण निर्वाचनों में मताधिकार के लिये न्यूनतम आयु

2298. **श्री हिम्मतसिंहका** : क्या **विधि तथा समाज कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या युवकों को अधिक प्रतिनिधित्व दिलाने के उद्देश्य से साधारण निर्वाचनों में मताधिकार के लिए वर्तमान न्यूनतम आयु को घटाने का प्रस्ताव है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार ने इस मामले में यदि कोई निर्णय किया है, तो वह क्या है ?

विधि मंत्रालय तथा समाज कल्याण विभाग में उप मंत्री (श्री मु० यूनुस सलीम) : (क) जी, नहीं ।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता ।

रानीगंज के निकट सैनिक रेलगाड़ी पर हमला

2299. **श्री वीरेन्द्र कुमार शाह** : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उन्होंने 8 जुलाई, 1969 को पश्चिम बंगाल विधान सभा में श्री ज्योति बसु द्वारा दिए गए वक्तव्य को देखा है जो उन्होंने रविवार, 6 जुलाई, 1969 को रानीगंज के समीप एक सैनिक रेलगाड़ी पर हुए हमले के बारे में दिया है;

(ख) क्या यह सच है कि आसनसोल तक उक्त रेलगाड़ी की सुरक्षा करने वाले रेलवे सुरक्षा बल में केवल दो ही व्यक्ति थे जिनके पास केवल लाठियां थीं और आसनसोल से आगे कोई भी सुरक्षा कर्मचारी नहीं था ।

(ग) क्या रेलवे की ऐसी परम्परा है कि वह मार्ग में शस्त्र तथा गोलाबारूद की आवश्यक सुरक्षा प्रदान करने का पूर्ण उत्तरदायित्व स्वीकार करती है; और

(घ) उक्त मामले में सर्वथा अपर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की जाने के क्या कारण थे ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) जी हां ।

(ख) सैनिक विशेष गाड़ी 4.7.1969 को बिना सैनिक सुरक्षा संगचल कर्मचारियों के पुल गांव से रवाना हुई । हां, 6.7.1969 को अनारा से आसनसोल तक इस गाड़ी के साथ रेलवे सुरक्षा दल के दो निहत्थे रक्षक चले चूंकि इस विशिष्ट सैक्शन में हाल ही में कई चोरियां हुई थीं और पूर्वोपाय के रूप में सभी माल गाड़ीयों के साथ सुरक्षा कर्मचारी चलते थे ।

(ग) इस माल के प्रेषण के लिये सैनिक प्रशुल्क में दिये गये उपबन्धों के अनुसार रेलवे अपनी जिम्मेदारी निभाती है । सैनिक शस्त्रास्त्रों के देश के एक भाग से दूसरे भाग में ले जाने के लिये सुरक्षा कर्मचारी चलाने के लिये रेलवे के पास संसाधन नहीं है ।

(घ) इस मामले में जहां तक रेलवे का सम्बन्ध है, सुरक्षा व्यवस्था की कोई कमी नहीं थी ।

लारसन और टौबरे कम्पनी के मामले

2300. **श्री मधु लिमये : क्या औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय कार्य** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार को एक संसद सदस्य से लारसन और टौबरे कम्पनी के उस मामले में एक पत्र मिला है, जिसमें प्रबन्ध और कार्यकारी निदेशकों का पारिश्रमिक बढ़ाने का प्रयत्न किया गया था,

(ख) क्या उन कम्पनियों की बैठक में, जीवन बीमा निगम और यूनिट ट्रस्ट आदि के लिए, जिसमें इन निकायों ने अपना धन लगाया हुआ है उनके मत देने के अधिकार का प्रयोग करने के लिए मार्गदर्शक सिद्धान्त निर्धारित करने का कोई मामला उठाया गया है ; और

(ग) यदि हां, तो सरकार की इन सुझावों के प्रति क्या प्रतिक्रिया है ?

औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय कार्य-मन्त्री (श्री फकरुद्दीन अली अहमद) : (क) प्रबन्ध अभिकरण के समाप्त हो जाने के फलस्वरूप, कुछ निदेशकों को प्रबन्ध का प्रभारी नियुक्त करने के लिए. मैसर्स लारसन एण्ड टोबाको के कुछ प्रस्तावों की बाबत, एक पत्र प्राप्त हुआ था ;

(ख) उस पत्र में उल्लिखित सामान्य वादपद यह थे कि :

(1) उन वित्तीय सिद्धांतों को, जिन्होंने, कम्पनियों को हिस्सा पूंजी में नियोजन किया है, अपने विवेक से, अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अनुमति दी जायेगी ।

(2) सरकार इस प्रकार के वित्तीय संस्थानों के लिए, कम्पनियों के प्रस्तावों के लिए सहमति अथवा अनुमोदन देने के विषय में, तथा साधारण बैठकों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए पथ-प्रदर्शक सिद्धान्त निर्धारित करे।

(ग) जीवन बीमा निगम तथा वित्तीय संस्थानों को, परिनियमों द्वारा, कम्पनियों के हिस्सों में, नियोजन तथा अन्य प्रतिभूतियों के लिये तथा इस प्रकार की कम्पनियों में अपनी हिस्सेदारिता के हितों के अग्रसर करने के लिये, अपने हिस्सेधारी के अधिकारों का प्रयोग करने की अनुमति दे दी गई है।

Shares of British Concern

2301 Shri Onkar Lal Berwa : Will the Minister of **Industrial Development, Internal Trade and Company Affairs** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that Government have refused to purchase the shares of a British concern;

(b) whether it is also a fact that the State Government have agreed to purchase those shares; and

(c) the reasons for the refusal by the Central Government ?

The Minister of Industrial Development, Internal Trade and Company Affairs (Shri F. A. Ahmed) : (a) to (c) : There were as many as 363 British companies working in India as on 31st March, 1968. To Which particular company the Hon'ble Member is referring is not clear from the question. It is, therefore, not possible to furnish the information called for.

मनीपुर के चोंगथू आदिम जाति को अनुसूचित आदिम जाति सूची में सम्मिलित करना

2302. **श्री एम. मेघचन्द्र** : क्या **विधि तथा समाज कल्याण** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मनीपुर की चोंगथू आदिम जाति की ओर से इस आशय का कोई अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है कि अनुसूचित आदिम जातियों की सूची में उनका नाम भी सम्मिलित किया जाये;

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ;

(ग) क्या मनीपुर सरकार ने यह सिफारिश की है कि उक्त आदिम जाति का नाम उपरोक्त सूची में सम्मिलित किया जाये; और

(घ) यदि नहीं, तो उस सरकार ने क्या सिफारिश की है ?

विधि मन्त्रालय तथा समाज कल्याण विभाग में उप मन्त्री (श्री मुथ्यालराव) : (क) हां।

(ख), (ग) तथा (घ) : अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों की सूचियों के पुनरीक्षण का समूचा प्रश्न इस समय अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियां आदेश (संशोधन) विधेयक, 1967 के सम्बद्ध संयुक्त समिति के सामने है।

गैर-सरकारी उद्योगों के मामलों की जांच

2303. **श्री यशपालसिंह** : क्या **औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय कार्य** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने बिरला, टाटा, डालमिया-जैन जैसे बड़े बड़े ओद्योगिक गृहों के गैर सरकारी क्षेत्र के कुछ उद्योगों के कार्य संचालन के बारे में जांच कराने का निर्णय किया है ;

(ख) यदि हां, तो उन उद्योगों के नाम क्या हैं ; और

(ग) इस मामले की जांच के लिए नियुक्त किये गये अथवा नियुक्त किये जाने वाले प्रस्तावित आयोग के सदस्य कौन होंगे और उसके निर्देश-पद क्या होंगे ?

औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय कार्य मन्त्री (श्री फकरुद्दीन अली अहमद) : (क) से (ग) . बिड़ला समूह से सम्बन्धित कम्पनियों की बाबत, माननीय सदस्य का ध्यान, 29 जुलाई, 1969 को दिये गये अतारांकित प्रश्न संख्या 1361 के उत्तर की ओर, आकर्षित किया जाता है ।

दूसरों की बाबत, अभी सरकार के पास कोई प्रस्ताव नहीं है ।

चित्तरंजन लोकोमोटिव वर्कशाप में डिग्री कालेज

2304. **श्री देवेन सेन** : क्या **रेलवे** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या चित्तरंजन लोकोमोटिव वर्कशाप में डिग्री कालेज खोलने की मांग है ; और

(ख) क्या यह सच है कि यदि ऐसा कालेज खोला जाये तो उसके लिए हिन्दुस्तान केबल्स लिमिटेड के प्रबन्धक ने वित्तीय सहायता देने का प्रस्ताव किया है ?

रेलवे मन्त्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) जी हां ।

(ख) जी नहीं ।

चित्तरंजन लोकोमोटिव वर्कशाप में प्रोत्साहन योजना

2305. **श्री देवेन सेन** : क्या रेलवे मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या चित्तरजन लोकोमोटिव वर्कशाप में कोई प्रोत्साहन योजना लागू है ;

(ख) यदि हां, इसके अन्तर्गत कौन सी श्रेणियां आती हैं ;

(ग) इस योजना का लाभ कितने प्रतिशत कर्मचारी उठा रहे हैं ; और

(घ) क्या सरकार का विचार चित्तरंजन के लोकोमोटिव वर्कशाप के सभी श्रमिकों तथा कर्मचारियों पर इस योजना को लागू करने की वांछनीयता का विचार करने का है ?

रेलवे मन्त्री (डा० राम सुभग सिंह) . (क) जी हां ।

(ख) सीधे उत्पादन कारखाने में काम करने वाले अकुशल कर्मचारियों से लेकर चार्जमैन 'ए' तक सभी ट्रेड और ग्रेड के कर्मचारी इस योजना के अन्तर्गत आ जाते हैं।

(ग) लगभग 80 प्रतिशत कारखाना कर्मचारी इस योजना का लाभ उठा रहे हैं (इनमें भंडार शाखा, टाउनशिप कर्मचारियों सहित इंजीनियरिंग शाखा, टाउनशिप बिजली सप्लाई एवं अनुरक्षण तथा प्रशासनिक कार्यालयों के कर्मचारी शामिल नहीं है।)।

(घ) इस समय ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

मिदनापुर संसदीय निर्वाचन-क्षेत्र से उप निर्वाचन

2306. **श्री बे० कृ० दास चौधरी** : क्या विधि तथा समाज कल्याण मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि लोक सभा के लिये मिदनापुर निर्वाचन-क्षेत्र के उप-निर्वाचन में डाले गये मतपत्रों को गिनते समय यह देखा गया कि उनके पिछली ओर कुछ गालियां लिखी हुई थीं।

(ख) क्या इस सम्बन्ध में कोई जांच कराई गई है और यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) इस सम्बन्ध में सरकार ने क्या कार्यवाही की है अथवा क्या कार्यवाही करने का विचार किया है ?

विधि मंत्रालय तथा समाज कल्याण विभाग में उप मन्त्री (श्री मु० यूनुस सलीम) : (क) से (ग) : जानकारी संगृहित की जा रही है।

हैवी इलेक्ट्रीकल्स लिमिटेड

2307. **श्री बे० कृ० दास चौधरी** : क्या **औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय कार्य** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारी बिजली उद्योगों की विकास परिषद ने सरकार से अनुरोध किया है कि यथार्थवादी आधार पर अग्रेतर योजना बनाई जावे ताकि बाद में मशीनरी और उपकरणों का आयात रोका जा सके ; और

(ख) यदि हां, तो इसके बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय कार्य मन्त्री (श्री फकरुद्दीन अली अहमद) : (क) और (ख) : भारी वैद्युत उद्योग की विकास परिषद की 25 सितंबर, 1967 को हैदराबाद में हुई बैठक में यह निश्चय किया गया कि यदि केन्द्रीय जल तथा विद्युत आयोग और विभिन्न राज्यों के राज्य बिजली बोर्ड जनित्रण, ट्रांसमिशन, वितरण तथा अन्य सम्बद्ध उपकरण की आवश्यकता को देखते हुए यथार्थवादी आधार पर कोई अग्रिम योजना बनाए तो यह अधिक उपयोगी होगा। यह मामला केन्द्रीय जल तथा विद्युत आयोग

को भेजा गया था । आयोग ने यह बताया है कि विभिन्न राज्य बिजली बोर्डों को वार्षिक योजना के आधार पर लिया गया है और वे साधनों की सीमाएं तथा उनके अध्ययन के अधीन सीमित हैं और जैसा कि विकास परिषद द्वारा उपेक्षित है । सम्पूर्ण आर्थिक स्थिति, साधनों तथा सुविधाओं आदि के आधार पर यथा समय उन पर योजना आयोग द्वारा कार्यवाही की जायेगी । योजना के प्रारूप पर बिना विचार किये हुए केन्द्रीय जल तथा विद्युत आयोग और राज्य बोर्डों द्वारा कोई पृथक निर्धारण करना यथार्थ नहीं होगा । इस दृष्टिकोण से परिषद ने जब तक चौथी योजना पर अन्तिम रूप से निर्णय नहीं हो जाता तब तक इस मामले को आगे विचार विमर्श करने के लिए रोक दिया है । इस अवधि के वैद्युत उपकरण की मांग के अस्थाई निर्धारण को चौथी योजना के प्रलेख में शामिल कर लिया गया है ।

रेलवे के फालतू कर्मचारी

2308. **श्री भगवानदास :**
श्री ज्योतिर्मय बसु :
श्री प० गोपालन :
श्री पी० पी० एस्थोस :

क्या रेलवे मन्त्री रेलवे के फालतू कर्मचारियों के सम्बन्ध में 1 अप्रैल, 1969 के अतारांकित प्रश्न संख्या 4135 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इस बीच सूचना एकत्रित कर ली गई है ; और

(ख) यदि नहीं, तो विलम्ब के क्या कारण हैं और इसे कब तक उपलब्ध कराये जाने की सम्भावना है ?

रेलवे मन्त्री (डा० राम सुभग सिंह) . (क) जी हां । कृपया अनुबन्ध 'क देखें । [पुस्तकालय में रखा गया । देखिए संख्या एल० टी० 1537/69]

(ख) सवाल नहीं उठता ।

पश्चिम रेलवे के अन्य रेलवे यातायात लेखा कार्यालय, दिल्ली में सीधी भर्ती वाले स्नातकों के लिए आरक्षित पद

2309. **श्री के० एम० अब्राहम :**
श्री ई० के० नायनार :
श्री राममूर्ति :
श्री उमानाथ :

क्या रेलवे मन्त्री पश्चिम रेलवे के अन्य रेलवे यातायात, लेखा कार्यालय दिल्ली में सीधी भरती वाले स्नातकों के लिए आरक्षित पदों के सम्बन्ध में 18 मार्च 1969 के तारांकित प्रश्न संख्या 566 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 30-11-57 से 20 प्रतिशत स्नातक अभ्यंश में की गई नियुक्तियों के बारे में कोई अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है ;

(ख) यदि हां, तो इस पर क्या निर्णय किया गया है ; और

(ग) अगर कोई विलम्ब हुआ है तो इसके क्या कारण हैं और कब तक इस पर निर्णय किये जाने की सम्भावना है ?

रेलवे मन्त्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी ।

पश्चिम रेलवे में शफाई वालों को सर्दियों की वर्दी

2310. श्री अ० कु० गोपालन :
श्री मुहम्मद इस्माईल :
श्री ज्योतिर्मय बसु :
श्री पी० पी० एस्थॉस :

क्या रेलवे मन्त्री पश्चिम रेलवे में सफाई वालों की सर्दियों की वर्दी के सम्बन्ध में 18 मार्च, 1969 के अतारांकित प्रश्न संख्या 3470 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या रेलवे कर्मचारियों की वर्दी सप्लाई करने के प्रश्न पर इस बीच पुनः विचार किया गया है ; और

(ख) यदि नहीं, तो विलम्ब के क्या कारण हैं और कब तक इसे अन्तिम रूप दिये जाने की सम्भावना हैं ?

रलवे मन्त्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) और (ख) : रेलवे बोर्ड द्वारा नियुक्त एक वर्दी समिति रेल कर्मचारियों की विभिन्न कोटियों को वर्दी देने के प्रश्न की समीक्षा कर रही है । वर्दी समिति द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत करते ही इस प्रश्न हर अन्तिम निर्णय कर लिया जायेगा ।

रेलवे लेखा विभाग के कर्मचारियों का अभ्यावेदन

2311. श्री प० गोपालन :
श्री सत्यनारायणसिंह :
श्री अ० कु० गोपालन :
श्री पी० पी० एस्थॉस :

क्या रलवे मन्त्री लेखा विभाग के कर्मचारियों के अभ्यावेदन के सम्बन्ध में 1 अप्रैल, 1969 के अतारांकित प्रश्न संख्या 4936 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उन्होंने अपने अर्ध सरकारी पत्र संख्या एम आर/2117-ए/69 दिनांक 18 अप्रैल, 1969 के द्वारा इस मामले में पुनः जांच करने का आश्वासन दिया था ;

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में क्या निर्णय किया गया है ; और

(ग) अगर इसमें कोई विलम्ब है तो इसके क्या कारण हैं और कब तक इस विषय में निर्णय हो जाने की सम्भावना है ?

रेलवे मन्त्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) जी हां ।

(ख) इस मामले में आगे विचार किया गया है । इसमें वेतन बढ़ाकर लाभ देना स्वीकार्य नहीं है. क्योंकि वरिष्ठ व्यक्ति को निचले पदक्रम में कनिष्ठ से अधिक वेतन लेना

चाहिये, की निर्धारित शर्तें पूरी नहीं होती । इसकी भी सूचना माननीय सदस्य को 16 जुलाई, 1969 के पत्र द्वारा दी गई है ।

(ग) सवाल नहीं उठता ।

दुर्गापुर इस्पात कारखाने की तकनीकी समस्याएं

2312. **श्री गेणीशंकर शर्मा :** क्या इस्पात तथा भारी इंजीनियरिंग मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दुर्गापुर इस्पात कारखाने की तकनीकी समस्याओं को हल करने के लिए क्या कार्यवाही की गई है ;

(ख) अब तक इसमें कितनी सफलता मिली है ;

(ग) क्या यह सच है कि हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड को होने वाले घाटे का आधा घाटा इसी कारखाने के कारण होता है ; और

(घ) यदि हां, तो इसे ठोस आर्थिक आधार पर चलाने के लिए क्या कार्यवाही की गई है ?

इस्पात तथा भारी इंजीनियरिंग मन्त्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क), (ख) और (घ) : दुर्गापुर इस्पात कारखाने के कार्यकरण के सभी पहलुओं की जांच करने के लिए 1966 में श्री जी० पाण्डे के अधीन एक एक-सदस्यीय विशेषज्ञ समिति नियुक्त का गई थी । इस समिति की सिफारिशों के आधारपर कुछ प्रत्युपाय पहले ही किये जाचुके हैं । ब्रिटिश स्टील कारपोरेशन के एक तकनीकी दल ने भी गत वर्ष के आरम्भ में कारखाने का दौरा किया था और इसके कार्यकरण का पुनरीक्षण किया तथा कई सिफारिशें की थी । इस दल की सिफारिशों के अनुसार कारखाने के कार्यकरण में सुधार लाने के लिए कदम उठाये जा रहे हैं । इस सबके बावजूद उत्पादन की दृष्टि से वास्तविक सुधार बहुत हद तक दुर्गापुर इस्पात कारखाने में सामान्य औद्योगिक सम्बन्ध के पुनः स्थापन पर निर्भर करती है ।

(ग) वर्ष 1968-69 के अन्त तक दुर्गापुर इस्पात कारखाने का कुल घाटा 69 करोड़ रुपये था । उस तारीख तक हिन्दुस्तान स्टील लि० का कुल घाटा 164 करोड़ रुपये था । केवल 1967-68 में दुर्गापुर इस्पात कारखाने को 18 करोड़ रुपये का घाटा हुआ, जबकि उस वर्ष हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड को कुल 40 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था । वर्ष 1968-69 में दुर्गापुर इस्पात कारखाने को लगभग 19 करोड़ रुपये का घाटा होगा जबकि हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड को कुल मिलाकर 42 करोड़ रुपये का घाटा रहेगा ।

ठेके पर निर्मित होने वाली परियोजनाओं का क्रियान्वयन

2313. **श्री वीरेन्द्र कुमार शाह :** क्या इस्पात तथा भारी इंजीनियरिंग मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि ;

(क) क्या यह सच है कि हैवी इंजीनियरिंग कारपोरेशन को बेलाडिल्ला विस्तार (लोह-ग्रयस्क निक्षेप संख्या 5) के लिए ठेके पर निर्माण कार्य मिलने की सम्भावना नहीं है, जिसकी आशा पहले थी, क्योंकि राष्ट्रीय खनिज विकास निगम ने इसे स्वयं ही करने का निर्णय किया है ;

(ख) क्या हैवी इंजीनियरिंग कारपोरेशन के किरीबुरू लोह अयस्क परियोजना और भवनाथपुर चूना-पत्थर परियोजना के विस्तार से सम्बन्धित काम के आदेश भी नहीं मिलते; और

(ग) हैवी इंजीनियरिंग कारपोरेशन में हाल ही में ठेके पर निर्मित होने वाली परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए जो परियोजना प्रभाग खोला गया था क्या उसे बन्द करना पड़ेगा ?

इस्पात तथा भारी इंजीनियरिंग मन्त्रालय में राज्यमन्त्री (श्री कृष्ण चन्द्र पन्त): (क) सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार भारी इंजीनियरी निगम सम्पूर्ण कार्य नहीं करेगा परन्तु प्रायोजना के लिए कुछ ऐसे उपस्कर की पूर्ति करेगा जिनका निर्माण यह कर सकता है। यह निर्णय प्रायोजना की पूर्ति की समय सूची तथा भारी इंजीनियरी निगम के पास उपलब्ध कर्मचारियों और तकनीकी कुशलता के आधार पर किया गया था।

(ख) यहां भी भारी इंजीनियरी निगम केवल ऐसे साज सामान की पूर्ति करेगा जिसका निर्माण यह कर सकता है।

(ग) इस प्रकार के किसी प्रायोजना प्रभाग का गठन नहीं किया गया है, अतः उसे बन्द करने का प्रश्न ही नहीं उठता।

उत्तर रेलवे के दिल्ली डिवीजन में कनिष्ठ सहायक स्टेशन मास्टरों और युद्ध सेवा वालों की पदोन्नति

2314. **श्री सूरजभान** : क्या रेलवे मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि रेलवे के दिल्ली डिविजन में कनिष्ठ सहायक स्टेशन मास्टरों एवं युद्ध सेवा वालों को, 1 जून 1942 से पहले भरती हुए उनसे वरिष्ठ कर्मचारियों की अवहेलना करके, स्टेशन मास्टरों के रूप में पदोन्नत किया गया है ;

(ख) उत्तर रेलवे दिल्ली के महाप्रबन्धक द्वारा अप्रैल, 1968 में जो वरिष्ठता सूची जारी की गई थी, क्या वह रेलवे बोर्ड के पत्र सख्या पी टी एन/48/192 दिनांक 13 अगस्त 1948 तथा महाप्रबन्धक, उत्तर रेलवे के पत्र संख्या 757 ई 24-4 (ई० आई० बी०) दिनांक 14 जून, 1965 के अनुरूप है. और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ;

(ग) क्या दिल्ली के मुख्य लेखापरीक्षक द्वारा इस सम्बन्ध में 1966 में जारी की गई लेखा परीक्षा टिप्पणी अभी तक नहीं निपटाई गई ; और यदि हां तो इसके क्या कारण हैं ;

(घ) उत्तर रेलवे, नई दिल्ली के महाप्रबन्धक ने जो वरिष्ठता सूची 1968 में जारी की थी, क्या कर्मचारियों ने उसको चुनौती दी है ; क्या उन्हें इस सम्बन्ध में कोई उत्तर दिया गया है और यदि नहीं तो इसके क्या कारण हैं ; और

(ङ) क्या सी० पी० ओ० दिल्ली के साथ एस० पी० ओ०, डी० पी० ओ० तथा ए० पी० ओ० की दिल्ली में अक्टूबर, 1968 में जो बैठक हुई थी क्या उसमें यह निर्णय किया गया था कि सहायक स्टेशन मास्टरों की वरिष्ठता और उनके स्थायीकरण के बारे में, 31 दिसम्बर 1968 तक निर्णय कर लिया जाये ; और क्या उसे अन्तिम रूप दिया गया है, और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

रेलवे मन्त्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) जी नहीं।

(ख) से (घ) : कर्मचारियों के लम्बे झगड़ों के कारण उत्तर रेलवे द्वारा दिल्ली डिविजन के सहायक स्टेशन मास्टरों की वरिष्ठता के प्रश्न को अन्तिम रूप नहीं दिया जा सका। रेलवे प्रशासन द्वारा 1968 में प्रकाशित वरिष्ठता सूची पर भी कुछ सम्बन्धित कर्मचारी वर्गों द्वारा आपत्ति उठाई गई थी। अतः रेलवे बोर्ड ने मामले पर पुनर्विचार किया है और वरिष्ठता सूची को अन्तिम रूप देने और स्थायीकरण के आवश्यक आदेश जारी करने के लिए मई, 1969 में अग्रेतर अनुदेश इस बीच जारी कर दिए गए हैं। मामले को शीघ्र निपटाने के लिए रेलवे प्रशासन ने कार्य आरम्भ कर दिया है।

(ङ) जी हां। वरिष्ठता सूची को अन्तिम रूप दिये जाने तक।

उत्तर रेलवे के दिल्ली डिविजन में स्टेशन मास्टरों द्वारा दंड किराया (पीनल रैंट) जमा किया जाना

2315. **श्री सूरजभान** : क्या रलवे मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि रेलवे के दिल्ली डिविजन में स्टेशन मास्टरों को यह आदेश दिया गया है कि स्थायी तबादले की अवस्था में उन्हें सामान्य क्वार्टर पूंज से बाहर मिले हुए क्वार्टरों को अपने पास रखने के लिए दण्ड किरया जमा कराना होगा, जबकि उनके क्वार्टर उनके पूर्ववर्ती स्टेशन मास्टरों द्वारा सक्षम अधिकारी की अनुमति लिये बिना 3 महिने या उससे अधिक समय में खाली न किये जायें ; और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ;

(ख) तबादला होने पर स्टेशन मास्टरों को लिखित अनुरोध करने पर तब तक क्वार्टर अपने पास रखने की अनुमति न दिये जाने के क्या कारण हैं, जब तक उनके पूर्ववर्ती स्टेशन मास्टर अपने क्वार्टर खाली न कर दें ; और

(ग) क्या कुछ स्टेशन मास्टरों की कार्यालय की लापरवाही के कारण दो महीने तक ट्रांस्फर बैंगन पास न मिलने के कारण दंड-किराया जमा कराना पड़ा है, जबकि उक्त पास के लिए उन्होंने ठीक समय पर प्रार्थना-पत्र दे दिया था। और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

रलवे मन्त्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) और (ख) . स्टेशन मास्टरों को पूल से बाहर के निवास-स्थान की व्यवस्था सुरक्षा और समग्र रूप से स्टेशन के कुशल संचालन के हित में की जाती है। स्थायी स्थानान्तरणों के मामले में, ऐसे क्वार्टर कार्यारम्भ काल तक सामान्य किराया देकर रखे जा सकते हैं। परन्तु ऐसे मामलों में जहां उनकी आवश्यकता

उनके उत्तराधिकारियों को न हो तो सक्षम अधिकारी की अनुमति से उनको लम्बी अवधि तक रखा जा सकता है। यदि स्टेशन मास्टरों को तैनाती के उनके पुराने स्टेशनों पर क्वार्टर रखने की अनुमति दे दी जाय तो अन्य स्टेशनों पर क्वार्टर रखने की एक श्रृंखला बन जायेगी, जिससे स्टेशन मास्टरों को पूल से बाहर क्वार्टर देने का उद्देश्य ही विफल हो जायगा।

(ग) उपलब्ध रिकार्ड से माननीय सदस्य द्वारा उल्लिखित ढंग के किसी मामले का पता नहीं लग सका।

रैलवे के ड्राइंग कर्मचारियों का ग्रेड बढ़ाया जाना

2316. **श्री सूरजभान :** क्या रलवे मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 1956 में रेलवे के ड्राइंग कर्मचारियों की किसी भी श्रेणी का ग्रेड नहीं बढाया गया था ;

(ख) क्या तीसरी श्रेणी के कर्मचारियों के एक वर्ग का ग्रेड बढ़ाये जाने का प्रश्न विचाराधीन है : और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

रलवे मन्त्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) जी हां।

(ख) और (ग) : जो कर्मचारी अपने वेतनमान के अधिकतम पर पहुंच चुके हैं, उन्हें राहत देने के प्रश्न की जांच की जा रही है और इस सम्बन्ध में शीघ्र ही कोई निर्णय कर लिया जायेगा।

रेलवे कर्मचारियों के वेतनमानों में संशोधन

2317. **श्री सूरजभान :** क्या रेलवे मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) रेलवे कर्मचारियों की किन-किन श्रेणियों के वेतनमानों में रेलवे बोर्ड द्वारा संशोधन किया गया है, जिनके बारे में 1956 में वेतने आयोग ने सिफारिश नहीं की थी ;

(ख) क्या भारतीय रेलवे ड्राइंग स्टाफ एसोसिएशन [पंजीकृत] ने रेलवे ड्राइंग स्टाफ के वेतनमानों में संशोधन किये जाने के लिए ऐसी मांग की थी ; और

(ग) यदि हां, तो उनकी मांग को अब तक स्वीकार न किये जाने के क्या कारण हैं ?

रेलवे मन्त्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) 1956 में कोई वेतन आयोग नहीं था। 23-2-1956 को तत्कालीन मन्त्री द्वारा अपने बजट भाषण में की गई घोषणा के फलस्वरूप तृतीय श्रेणी सेवा के निचले सोपानकों में काम करने वाले बहुत से कर्मचारियों के बढ़ते हुए कार्यभार और उनकी भारी जिम्मेदारियों को देखते हुए विभिन्न पदक्रमों में पदों का पुनः वितरण करने का आदेश दिया गया ताकि कार्यालय क्लर्कों, गाड़ी क्लर्कों और अन्य कर्मचारियों के लिए निम्नतम पदक्रमों के पदों की संख्या में उल्लेखनीय कमी और उच्चतर

पदक्रमों के पदों में तदनुरूप वृद्धि की जा सके। सहायक स्टेशन मास्टरों और स्टेशन मास्टरों जैसी कुछ अन्य कोटियों के वेतनमानों में भी उपयुक्त मामूली समंजन किये गये।

(ख) और (ग) : ड्राइंग स्टाफ एसोसिएशन से इस समय कोई अभ्यावेदन प्राप्त नहीं हुआ था। लेकिन कुछ समय पहले ड्राइंग स्टाफ एसोसिएशन ने वेतनमानों में संशोधन करने के लिए अभ्यावेदन दिए हैं। चूंकि इन कर्मचारियों के वर्तमान वेतनमान दूसरे वेतन आयोग की सिफारिशों के आधार पर निर्धारित किये गये थे और जैसा कि उपर्युक्त भाग (क) के उत्तर में बताया गया है। 1956 से किये गये पुनर्वितरण और पुनसंवर्धन के बाद निर्धारित किये गये थे और साथ ही ये वेतनमान, उनके पदों से सम्बद्ध कार्यों और जिम्मेदारियों के अनुरूप हैं, इसलिए उनमें संशोधन करना संभव नहीं समझा गया।

रेलवे के ड्राइंग कर्मचारी

2318. **श्री सूरजभान** : क्या रलवे मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मैकेनिकल संकेत तथा दूर संचार और इलैक्ट्रीकल विभागों में आरम्भ के दो वेतनमानों में ड्राइंग कर्मचारियों की वरिष्ठता मिल-जुली है ?

(ख) क्या यह भी सच है कि उत्तर रेलवे में सिविल इंजीनियरिंग विभाग में ऐसे कर्मचारियों की वरिष्ठता मिली जुली नहीं है ;

(ग) यदि हां, तो क्या सिविल इंजीनियरिंग विभाग की वरिष्ठता को भी साथ मिलाने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन है ; और

(घ) यदि नहीं, तो इस भेदभाव के क्या कारण हैं ?

रलवे मन्त्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) से (घ). सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा पटल पर रखदी जायेगी।

उड़ीसा राज्य में कसिंगा में उपरि पुल

2319. **श्री अ० दीपा** : क्या रलवे मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उड़ीसा राज्य में कसिंगा में एक और पुल बनाने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ;

(ख) क्या यह सच है कि इस प्रस्ताव का प्रारम्भिक कार्य, जो पहले ही शुरु हो चुका था और जिसके अन्तर्गत बहुत से मकान तोड़े जा चुके थे रोक दिया गया है ; और

(ग) यदि हां तो इसके क्या कारण हैं और सरकार इस मामले में कब तक कार्यवाही करेगी ?

रलवे मन्त्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) जी हां। कसिंगा में पैदल चलने वालों के लिए एक ऊपर का पुल बनाने का विचार है।

(ख) कार्य आरम्भ करने से पूर्व दिसम्बर, 1968 में लाइसेंसों की अवधि समाप्त हो जाने पर लाइसेंसशुदा भूमि पर बने कुछ मकानों को, रास्ते के जो बीच में आते थे, तोड़ा गया था ।

(ग) इस पुल का निर्माण वर्षा ऋतु के बाद आरम्भ होगा ।

उड़ीसा में तितलागढ़ रलवे पुल

2320. **श्री अ० दीपा** : क्या रलवे मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को कोई ऐसा अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है कि उड़ीसा राज्य में तितलागढ़ रेलवे पुल बनाया जाये ; और

(ख) यदि हां तो इस संबंध में क्या निर्णय किया गया है ?

रलवे मन्त्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) जी हां ।

(ख) वर्तमान नियमों के अनुसार वर्तमान समपारों के स्थान पर सड़क ऊपरी/निचले पुलों के निर्माण प्रस्ताव राज्य सरकारों द्वारा आयोजित किये जाने चाहिये । उन्हें उस काम की सगत अग्रता और वह वर्ष भी बताना चाहिये जिसमें वह इस काम की लागत में सड़क प्राधिकरण के हिस्से की रकम की व्यवस्था कर सकेंगे ।

तितलागढ़ में वर्तमान समपार के स्थान पर सड़क ऊपरी/निचला पुल बनाने का कोई प्रस्ताव अभी तक उड़ीसा सरकार द्वारा आयोजित नहीं किया गया ।

ट्रैक्टरों के मूल्य निर्धारण

2321. **श्री चं० चु० देसाई** : क्या औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय कार्य मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) हिन्दुस्तान ट्रैक्टर, मैस्सी-फर्गुसन ट्रैक्टर, एस्कोर्ट्स या किसी अन्य मैंक के विभिन्न प्रकार के ट्रैक्टरों के मूल्य किस आधार पर निर्धारित किये जाते है ;

(ख) क्या यह सच है कि हिन्दुस्तान ट्रैक्टर्स लिमिटेड ने इस बात की शिकायत की है कि अन्य ट्रैक्टरों, मुख्य रूप से मैस्सी-फर्गुसन के 35 अश्वशक्ति और एस्कोर्ट्स के 47 डबल्यू ट्रैक्टर की तुलना में उनके ट्रैक्टरों का मूल्य निर्धारित करने के मामले में भेदभाव किया गया ; और

(ग) यदि हां, तो भेदभाव सम्बन्धी शिकायत को दूर करने के लिए सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मन्त्री (श्री फकरुद्दीन अली अहमद) : (क) ट्रैक्टर बनाने वाले प्रत्येक कारखानों में हुई लागत की विस्तृत रूप से जांच कर लेने के पश्चात प्रशुल्क आयोग द्वारा प्रस्तुत की गई रिपोर्ट के आधार पर विभिन्न किस्मों के ट्रैक्टरों के मूल्य का निर्धारण किया गया है ।

(ख) और (ग) : हिन्दुस्तान मशीन टूल्स लिमिटेड के बहुत से अभ्यावेदन मिले हैं जिसमें उसके द्वारा बनाये गये ट्रैक्टरों के मुल्यों को निश्चित करने के मामले में अन्याय बरते जाने का आरोप लगाया गया है । उनसे यह बता दिया गया है कि इस मामले में किसी प्रकार का अन्याय या भेदभाव नहीं बरता गया है तथा विभिन्न मौकों के ट्रैक्टरों के मूल्यों का किये गये वास्तविक विनियोजन, आयातित पुर्जों की लागत, देश में तैयार किए पुर्जों की लागत आदि, जो एक कारखाने से दूसरे कारखाने में बिल्कुल भिन्न है, पर विचार कर लेने के पश्चात ही किया गया है ।

सरकार ने अभी तक एस्कार्ट-47 ट्रैक्टर के मूल्य का निर्धारण नहीं किया है । इस ट्रैक्टर की लागत जांच अभी हाल ही में वित्त मन्त्रालय के लेखा शाखा (ब्रांच) द्वारा पूरी हुई है तथा उनकी रिपोर्ट पर विचार किया जा रहा है ।

दरभंगा जामनगर रेल लाइन पर एक और रेलगाड़ी का चलाना

2322. **श्री शिव चन्द्र झा** : क्या रेलवे मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने दरभंगा (या समस्तीपुर) और जयनगर के बीच एक और रेलगाड़ी चलाने का निर्णय लिया है ;

(ख) यदि हां, तो यह रेलगाड़ी कब से चलने लगेगी : और

(ग) क्या यह सच है कि जयनगर फलेजाघाट बोगी जयनगर शाम को (चार बजे) गाड़ी में पुनः लगाई जाने लगी है, और यदि हां तो कब से और यदि नहीं, तो विलम्ब के क्या कारण हैं ?

रेलवे मन्त्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) और (ख) : जी नहीं । लेकिन 1-10-1959 से सकरी जंक्शन के रास्ते निर्मली और जयनगर के बीच एक सीधी गाड़ी चलाने का विचार है ।

(ग) जी हां । 1-6-69 से

नेशनल इंस्ट्रूमेंटस फेक्टरी कलकत्ता का बन्द होना

2323. **श्री इन्द्रजीत गुप्त** : क्या **औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय कार्य मन्त्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि नेशनल इन्स्ट्रूमेंटस फैक्टरी, कलकत्ता, को पिछले कुछ समय से कच्चा देशों की कमी के आधार पर बन्द कर दिया गया है ;

(ख) यदि हां तो ऐसी स्थिति कैसे उत्पन्न हुई है ;

(ग) इस फैक्टरी का उत्पादन प्रतिरक्षा मदों पर किस सीमा तक निर्भर हैं ;

(घ) इस कारखाने में सामान्य व्यवस्था लाने के लिए सरकार ने क्या कार्यवाही की है ; और

(ङ) क्या कर्मचारियों की छंटनी को या उनकी जबरी छुट्टी करने का विचार है ?

औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय कार्य मन्त्री (श्री फकरुद्दीन अली अहमद) : (क) जी नहीं।

(ख) और (घ) : प्रश्न ही नहीं उठता।

(ग) कुछ चीजें जैसे वाइनो व्यूलष, डाईरेक्टर नम्बर 7, प्रिजमेटिक तथा थिआडो लाइट कांच सेना की मांग पूरा करने के लिए सम्मिलित किए जाते हैं।

(ङ) जी, नहीं।

अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय की ओर ध्यान दिलाना

CALLING ATTENTION TO MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE

नागा विद्रोहियों द्वारा कृत्रिम, नागालैंड में सात व्यक्तियों की हत्या के समाचार जिनमें सात सी० आर० पी० के व्यक्ति भी थे

श्री हेम बरुआ (मंगलदायी) : श्रीमन, मैं प्रतिरक्षा मंत्री का ध्यान निम्नलिखित अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय की ओर दिलाता हूं और प्रार्थना करता हूं कि वह इस बारे में एक वक्तव्य दें :—

"नागा विद्रोहियों द्वारा कृत्रिम, नागालैंड में सात व्यक्तियों की, जिनमें सी० आर० पी० के 5 कर्मचारी भी शामिल हैं, हत्या के समाचार"

प्रतिरक्षा मंत्री (श्री स्वर्णसिंह) : हाल में नागालैंड में तीन घटनाएं हुई हैं। पहली 1/2 अगस्त की रात को, दूसरी 2 अगस्त प्रातःकाल को और तीसरी 4 अगस्त प्रातःकाल में।

पहली घटना में विद्रोही नागाओं ने कोहिमा में आसाम राइफल्स की दो चौकियों पर गोलीबारी आरंभ कर दी थी। आसाम राइफल्स के दो व्यक्तियों को चोटें आयीं। सुरक्षा सेना ने उन्हें पकड़ने का प्रयत्न किया परन्तु वे रात के अन्धेरे में भाग निकले।

दूसरी घटना में विद्रोही नागाओं ने सी० आर० पी० की एक मोटरगाड़ी पर घात लगाकर आक्रमण किया और उसमें सात व्यक्तियों को मार दिया।

तीसरी घटना में विद्रोही नागाओं ने कोहिमा से 27 मील की दूरी पर तीन मोटर गाड़ियों पर घात लगाकर आक्रमण किया। पहली गाड़ी तो आगे चली परन्तु पीछे की दो गाड़ियों पर हमला किया गया। इसके फलस्वरूप सुरक्षा सेना के दो व्यक्तियों की मृत्यु हो गई और चार घायल हो गये। विद्रोहियों के विरुद्ध कार्यवाही करने के लिये अधिक संख्या में सैनिक तैनात कर दिये गये हैं।

मार्च और जुलाई, 1969 के बीच 12 विद्रोही मारे गये थे और 449 ने सुरक्षा सेना के समक्ष आत्मसमर्पण किया। उनमें चीन से लौटे व्यक्तियों का गिरोह भी था। अब यह

स्पष्ट है कि उग्रवादियों की कमर टूट चुकी है और शेष जो बचे हैं वे निराशा में ऐसी छुटपुट घटनाएं कर रहे हैं।

नागालैंड में गत चुनाव से स्पष्ट हो गया है कि नागालैंड के लोगों में शान्ति की उत्कट भावना है। हम अराजकता का सख्ती से सामना करने की नीति पर ही चलना चाहते हैं। साथ ही नागालैण्ड की सरकार तथा भारत सरकार चाहती है कि छिपे नागाओं को हिन्सा का मार्ग छोड़ने के पूरे अवसर मिले और वे शान्ति से रहने वाले नागरिक बनकर रहें।

श्री हेम बरुआ : हमें अनेक बार बताया गया है कि नागालैंड में सम्पूर्ण शान्ति है। परन्तु इस प्रकार की घटनाएं कुछ और ही संकेत देती है। ऐसा पता चला है कि मनीपुर के 18 युवक पाकिस्तान में सैनिक प्रशिक्षण प्राप्त कर हाल ही में लौटे हैं। भारत के समूचे पूर्वांचल में अशांति है। मंत्री महोदय शान्ति की कामना कर रहे हैं। पाकिस्तान और चीन नागाओं को प्रोत्साहित कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में क्या सरकार नागाओं से बातचीत करने जा रही है अथवा सैनिक अधिकारियों द्वारा कड़ी कार्यवाही से विद्रोही तत्वों को समाप्त करने पर विचार कर रही है ?

श्री स्वर्णसिंह : बातचीत के बारे में नागालैण्ड की सरकार की सलाह के अनुसार ही सरकार अग्रेतर निर्णय करेगी। हमें नागालैण्ड सरकार को बीच में रखना चाहते हैं। ऐसा बहुत लोग चाहते हैं। यह नीति उचित भी है।

श्री हेम बरुआ : मेरा प्रश्न भिन्न है। नागालैण्ड सरकार ने कोहिमा में कर्फ्यू लगाने का आदेश दिया है। मैं जानना चाहता हूँ कि क्या सरकार एक राजनैतिक समझौते के लिये प्रयत्न करेगी ?

श्री स्वर्णसिंह : हम तो सदैव बातचीत द्वारा समझौते के लिये तैयार रहे हैं परन्तु बातचीत को सफल बनाने के लिये हमें नागालैण्ड की कानूनी सरकार को साथ लेकर चलना है।

हम विद्रोहियों के विरुद्ध कार्यवाही करते रहे हैं और उसी के परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में नागा पकड़े गये हैं। (**व्यवधान**)

श्री हेम बरुआ : सात व्यक्तियों को ट्रक से निकाल कर मार दिया गया है। वे सभी नागा नहीं थे।

श्री स्वर्णसिंह : यह हमारी कार्यवाही का परिणाम है कि वहां, इन घटनाओं को छोड़, शान्ति ही है। यह घटनाएं बहुत खराब हैं। फिर भी हमें अपनी नीति के अनुसार ही चलना होगा।

श्री रा० बरुआ (जोरहाट) : सामान्यतः नागालैण्ड के बारे में प्रश्नों के उत्तर वैदेशिक कार्य मंत्री देते हैं परन्तु आज प्रतिरक्षा मंत्री उत्तर दे रहे हैं। यह एक विशेष बात है।

हमें स्वीकार करना है कि नागा समस्या गम्भीर रूप धारण करती जा रही है। चीन से लौटे नागा वहां बसते जा रहे हैं। वे गड़बड़ी कर रहे हैं। पूरे पूर्वांचल में गड़बड़ी फैलाने का षड़यंत्र रचा जा रहा है। क्या सरकार ने इन बातों को ध्यान में रखते हुए पूरे क्षेत्र में स्थिति से निपटने के लिये कोई योजना बनायी है ?

श्री स्वर्णसिंह : देश के सभी भागों में सुरक्षा की डयूटी सरकार की है। इस बारे में हमने कड़ी कार्यवाही भी की है। इसी कारण कुछ समय से शान्ति बनी हुई थी। यह ठीक है कि यह घटनाएं बहुत गम्भीर हैं। इनमें बड़ी संख्या में व्यक्ति मारे गये हैं। फिर भी हमें घबराना नहीं चाहिय। हमें स्थिति पर शान्ति और ठन्डे दिमाग से विचार करना है।

श्री रणधीरसिंह (रोहतक) : यह निश्चित बात है कि अब विद्रोही नागाओं के दिन और उनकी निन्दनीय कार्यवाहियां समाप्त प्राय: है। हजारों नागाओं को हिरासत में लिया जा चुका है तथा अधिकांश ने आत्म समर्पण कर दिया है। इसका श्रेय माननीय मत्री जी को है जिसके लिए मैं उन्हें बधाई देता हूं। अधिकांश नागा शान्ति चाहते हैं, और कुछेक नागा ऐसे हैं जो अशान्ति पैदा कर रहे हैं। इसके लिए सदन को चिन्ता नहीं करनी चाहिए। इसलिए मत्री महोदय यह बताएं कि उनको कब तक गिरफ्तार किया जाएगा तथा कितने नागा चीन तथा पाकिस्तान में प्रशिक्षण पा रहे हैं और इनमें से कितनों को गिरफ्तार कर लिया है। नागालैण्ड में क्या इन गड़गड़ करने वाले व्यक्तियों की संख्या हज़ारों में है ? उन पर किस प्रकार प्रतिबन्ध लगाया जा सकता है ? यह ठीक है कि ये बातें सैनिक दृष्टि से गोपनीय हैं परन्तु क्या मत्री महोदय सदन को आश्वासन देंगे कि उन विद्रोही नागाओं के इन घृणित कार्यों का सामना करने में सरकार सक्षम है क्योंकि प्रत्येक सप्ताहान्त यही सुना जाता है कि नागाओं ने हमारे जवानों तथा सुरक्षा दल के सदस्यों की हत्या करदी। अत: इन घटनाओं को कम से कम करने के लिए क्यों कोई विशेष व्यवस्था की जायेगी, क्योंकि मैं अनुभव करता हूं कि केवल बात करने से इस समस्या को नहीं सुलझाया जा सकता, अब नागा भी अपने आपको भारतीय मानने लगे हैं और ऐसी स्थिति उत्पन्न की जा रही है, जिससे कि इस समस्या का हल भारतीय संविधान के अन्तर्गत ही निकाला जाए ; और नागाओं में फैली इस अशान्ति को दूर किया जाए।

दूसरे वहां की कुछ स्थानीय मागें हैं और उस क्षेत्र में प्रवेश पाने के लिए कुछ शर्तें हैं। अत: इन पर ध्यान दिया जाए।

उस क्षेत्र में कुछ समाज विरोधी तत्व उत्पन्न हो रहे हैं। वे तत्व लोगों को राष्ट्र विरोधी बातें करने को बढ़ाया देते हैं। पाकिस्तान चीन अथवा हमारे अपने देश में से ही ऐसे राष्ट्र विरोधी तत्त्वों के प्रति जो उस क्षेत्र मे शान्ति तथा व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न कर रहे हैं, क्या मत्री महोदय गुप्तचर विभाग को सतर्क करेंगे ? तथा ऐसे व्यक्तियों के साथ सख्ती बरती जाएगी।

इस सामरिक महत्त्व के क्षेत्र में विकास कार्यों के करने की विशेष आवश्यकता है। मैं यह जानता हूं कि मत्री महोदय प्रतिरक्षा को ध्यान में रखते हुए वहां की उन्नति उसी रूप

में करने को उत्तरदायी हैं। परन्तु वहां संचार के साधन तथा सड़कों की व्यवस्था की जानी चाहिए ताकि यदि फिर ऐसी स्थिति उत्पन्न हो जाए तो इन संचार तथा सड़कों की व्यवस्था के द्वारा सुगमता से इस पर काबू पाया जा सके।

श्री स्वर्णसिंह : हमने इन विद्रोही नागाओं के विरुद्ध कार्यवाही की है। चीन से लौटे हुए, नागाओं को मिलाकर कुल 138 विद्रोही नागा मारे गए हैं, 50 घायल हुए हैं तथा 1886 विद्रोही नागाओं ने आत्म समर्पण किया है। बन्दी किए गए नागाओं की संख्या 1972 है। अभी हाल ही में जिन 85 विद्रोही नागाओं ने आत्म समर्पण किया है उनमें से 7 स्वयंभू विद्रोही नागा अधिकारी हैं जिनके पास तीन लाईट मशीन गने; एक राकेट लांचर, एक मोर्टार, 2 स्टेन गनें, तथा 42 बन्दूकें शामिल हैं। अब तक कुल मिलाकर इन नागाओं से 1842 शस्त्र छीने हैं अथवा सरकार के कब्जे में आए हैं जिनमें तीन मंझली तोपें हैं तीन इंच तथा दो इंच के मोर्टार, राकेट लांचर, हलकी तोपें, बन्दूकें, स्टेन गनें, पिस्तौल आदि आदि हथियार हैं। चीन से लौटे हुए नागाओं से बहुत अधिक मात्रा में गोला बारूद के अतिरिक्त कुल 283 शस्त्र बरामद किए गए हैं।

नागाओं का कोई जत्था प्रशिक्षण प्राप्त करने के उद्देश्य से पाकिस्तान में नहीं हैं। गत वर्ष के अप्रैल मास के पश्चात् नागाओं का कोई दल चीन नहीं गया है। यही वर्तमान स्थिति है।

सामान्य राजनीतिक स्थिति के बारे में समय समय पर इस सम्बन्ध में भी चर्चा की गई है और स्थिति को देखकर यह अनुमान लगाया गया है कि अधिकांश नागा शान्तिमय जीवन व्यतीत करना चाहते हैं। चीन तथा पाकिस्तान से प्रशिक्षण लेकर लौटे कुछ नागा हैं जो यह आन्दोलन चला रहे हैं। अतः हम उनका सामना राजनीति रूप से तथा सुरक्षा दल के प्रयोग से करेंगे।

मैं माननीय सदस्य से इस बात से पूरी तरह सहमत हूं कि वहां उन्नति कार्य करना बहुत महत्वपूर्ण है, और इस दिशा में नागालेण्ड सरकार ने भारत सरकार की सहायता से उस क्षेत्र में अनेक विकास योजनाएं प्रारम्भ करदी हैं।

श्रीमती शारदा मुकर्जी (रतनगिरि) : आज के समाचार पत्र से पता चलता है कि 1966 से अब तक वहां दो बार करफ्यू लगाया गया है। इसके लिए तीन कारण हैं। सर्व प्रथम तो यह है कि जनरल मानकशाह जो वहां कमाण्डर थे अब दिल्ली आगए हैं। दूसरे विद्रोही नागाओं तथा शान्त नागाओं में एक समझौता हो गया है। तीसरा कारण है कि उन्होंने वहां सांविधानिक रूप में सरकार बना ली है। मंत्री महोदय ने बताया है कि उन्होंने विद्रोही नागाओं से पिछले दिनों सीधी बातचीत करने के प्रयत्न किए हैं। यदि केन्द्रीय सरकार विद्रोही नागाओं से सीधी बात करेगी तो इसका तात्पर्य होगा कि केन्द्र झगड़ों को समाप्त करने के लिए वहां की स्थानीय सरकार की सहायता नहीं करना चाहता। अतः स्थानीय सरकार के प्राधिकार को मजबूत करने के हेतु क्या कार्य किया गया है।

श्री स्वर्णसिंह : जनरल मानकशा के स्थल सेना के अध्यक्ष बनकर वहां से दिल्ली चले आने से, इन घटनाओं का कोई सम्बन्ध नहीं है । क्योंकि स्थल सेना का अध्यक्ष नागालैण्ड की सेना को मिलाकर सारी सेना का अध्यक्ष है और जो कुछ भी कार्य किया जा रहा है वह सब सेनाध्यक्ष की देख रेख में हो रहा है क्योंकि उन्हें वहां की तमाम स्थिति का ज्ञान है । वे उस क्षेत्र से सम्बन्ध स्थापित किए हुए हैं तथा वहां की सेना के अध्यक्ष भी इस क्षेत्र को भली भांति जानते हैं ।

जहां तक विद्रोही नागाओं के विभिन्न दलों के बीच मेल मिलाप की बात का सम्बन्ध है, कभी कभी तो उनके गुटों में लड़ाई होती रही है तथा कभी उनमें मेल मिलाप आदि भी होता रहा है । अत. इन सब घटनाओं का प्रभाव अवश्य पडा है ।

इस बात से तो मैं पूरी तरह सहमत हूँ कि राज्य सरकार को सुदृढ़ करना चाहिए । इस सम्बन्ध में राज्य सरकार की सहायता की है, तथा राज्य सरकार के प्राधिकार का मान किया जाए, इस बात को भी हम देखते हैं ।

श्रीमती शारदा मुकर्जी (रतनगिरी) : छुपे हुए नागाओं तथा विद्रोही नागाओं के बल के बारे में सरकार की क्या निर्धारणा है ।

श्री स्वर्ण सिंह : इसका मूल्याकन करना कोई साधारण बात नहीं है परन्तु उनकी संख्या 4000 से 6000 तक है ।

Shri Onkar Lal Berwa (Kota) : From the news published in the news-papers during this year you will find that Railway trains have been bomborded and derailed seven times 19 buses have been looted. There have been encounters between our security forces and the hostile Nagas for 160 times in which 213 persons including 45 Nagas were killed. There were peace talks for the fourth time in this year; and cease fire validity has been extended thrice in the year. 5,900 Nagas have returned here from China and Pakistan after having been trained in the guerilla war-fare and even then the hon. Defence Minister says that they have surrendered. It means that these Nagas have not surrendered so far. The hon. Defence Minister says that this matter does not concerns the Central Government at Delhi and that we should consult Nagaland in this matter as this concerns Nagaland. I want to ask the hon. Minister what for is he in Delhi. Government should impose President rule in Nagaland to control the law and order situation there; and than the underground hostile Nagas should be called to Delhi for having peace talks afresh. Government should also take stern action against the hostile Nagas after cancelling the previous agreements. I also want to know from the hon. Minister, whether Government will be in a position to our power persons like Father Scot who mislead people with antinational propoganda ?

श्री स्वर्णसिंह : अपने सारे वक्तव्य के अन्त में माननीय सदस्य ने जो दो प्रश्न उठाए है । प्रथम प्रश्न के उत्तर में मैं यह कहना चाहता हूं कि सरकार समझौते रद्द नहीं करेगी । दूसरे प्रश्न का उत्तर यह है कि क्योकि सरकार समझौता रद्द नहीं करेगी इसलिए यह प्रश्न ही नहीं उठता । इसके साथ-साथ जहां कहीं शान्ति तथा व्यवस्था का प्रश्न होगा वहां सरकार कड़ी से कड़ी कार्यवाही करके उन कानून विरोधी तत्वों का दमन करेगी ।

संसद में स्वतंत्र पार्टी के कार्यकारी सचिव के विरुद्ध विशेषाधिकार का प्रश्न

Re: QUESTION OF PRIVILEGE AGAINST EXECUTIVE SECRETARY SWATANTRA PARTY IN PARLIAMENT

उपाध्यक्ष महोदय : श्री स० मो० बनर्जी, श्री मोलहू प्रसाद तथा श्री कलिता द्वारा दी गई विशेषाधिकार के प्रश्न की सूचना के बारे में सभा को सूचित करता हूं जो ससद में स्वतत्र दल के कार्यकारी सचिव श्री ए० पी० जैन के विरुद्ध थी क्योकि उन्होंने बैंकिंग कम्पनियां (उपक्रमों का अर्जन तथा हस्तान्तरण) विधेयक पर 25 जुलाई, 1969 को दिए गएं श्री मी० रू० मसानी के भाषण के सारांश के तौर पर कुछ सामग्री समाचार पत्रों को दी थी, जिसमें मुझ पर तथा सभा पर आक्षेप किए गए थे। इस सम्बन्ध में जैसी की रीति है स्वतन्त्र दल को हमने पत्र लिखकर तथ्यों की जानकारी की। तथा हमारे पत्र का उत्तर आ गया है। जिस पर स्वतन्त्र दल के कार्यकारी सचिव श्री ए० पी० जैन के हस्ताक्षर हैं। श्री जैन ने अपने दिनांक 4 अगस्त, 1969 के पत्र में वे परिस्थितियां बताई हैं जिनमें उनके द्वारा यह चूक हुई थी और उन्होंने इसके लिए बिना शर्त माफी मांगी है। मैं इस मामले को समाप्त समझकर बन्द करता हूं।

सभा पटल पर रखे गए पत्र

PAPERS LAID ON THE TABLE

लागत लेखा प्रणाली रिकार्ड (मोटर गाड़ी) नियम, 1969; जैसप एण्ड कम्पनी लिमिटेड कलकत्ता के शेयरों के मूल्य के बारे में मध्यस्थ के द्वारा दिये गए पंचाट तथा औद्योगिक लाइसेंस देने की नीति सम्बन्धी जांच समिति का प्रतिवेदन।

औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : मैं सभा पटल पर निम्नलिखित पत्रों की एक एक प्रति रखता हूं :

(1) कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 642 की उपधारा (3) के अधीन लागत लेखा प्रणाली रिकार्ड (मोटर गाडी) नियम, 1969 की एक प्रति जो दिनांक 21 जून, 1969 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० 1465 में प्रकाशित हुए थे। **[पुस्तकालय में रखी गई। देखिये संख्या एल० टी०- 1509/69]**

(2) बिड़ला उद्योग-समूह के विरुद्ध कुछ आरोपों के बारे में औद्योगिक लाइसेंस देने की नीति सम्बन्धी जांच समिति के प्रतिवेदन की एक प्रति। **[पुस्तकालय में रखी गई। देखिये संख्या एल० टी०- 1510/69]**

(3) जैसप एण्ड कम्पनी लिमिटेड कलकत्ता के भारत सरकार द्वारा खरीदे गये शेयरों के मूल्य के बारे में मध्यस्थ द्वारा 21 अप्रेल, 1969 को दिये गये एवार्ड की एक प्रति। **[पुस्तकालय में रखी गई। देखिये संख्या एल० टी० - 1511/69]**

श्री सु० कु० तापड़िया (पाली): औद्योगिक लाइसेंस देने की नीति सम्बन्धी जांच समिति का प्रतिवेदन 21 जुलाई को सभा पटल पर रखा गया था। परन्तु एक पखवाड़ा व्यतीत होने के पश्चात भी हमें इसकी प्रति नहीं मिली है। मेरे सहयोगियों ने इस प्रतिवेदन से सम्बन्धित व्यक्तव्य भी दिये हैं। यह प्रतिवेदन पांच खण्ड पुस्तकों में है और उसकी केवल एक प्रति ही पुस्तकालय में रखी गई है। यह प्रतिवेदन एकाध घण्टे में पढ़ा नहीं जा सकता। आप मेरी इस बात से सहमत होंगे कि जुलाई के तीसरे सप्ताह में पेट्रियट नामक समाचार पत्र में इस प्रतिवेदन से सम्बन्धित कुछ बातें छप रही है। मुझे आश्चर्य है कि ये सब बातें वहां तक कैसे पहुंची (व्यवधान) जब तक यह सभा पटल पर नहीं रखा जाता तब तक यह गोपनीय होता है। अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि जब तक किसी प्रतिवेदन की पर्याप्त मात्रा में प्रतियां संसद सदस्यों में वितरण करने के लिए उपलब्ध नहीं हो जाती तब तक उसे सभापटल पर नहीं रखना चाहिए। इसके साथ मेरा यह भी अनुरोध है कि आज संध्या तक प्रत्येक माननीय सदस्य को इन प्रतिवेदनों की प्रतियां मिल जानी चाहिये।

उपाध्यक्ष महोदय : मैं सरकार से इसके लिये अनुरोध करूंगा।

श्री फखरूद्दीन अली अहमद : जहां तक प्रथम प्रतिवेदन का मामला है वह तो कई खण्डों में है और हमने इसे छापेखाने में पहले से ही भेज रखा है और छप जाने पर हम तुरन्त इस की प्रतियों को माननीय सदस्यों में वितरित कर देंगे। जहां तक इस प्रतिवेदन के रहस्य के खुलने का सम्बन्ध है। मुझे यह प्रतिवेदन उसी दिन मिला था जिस दिन इसके रहस्य के खुलने की सूचना मिली थी, इसलिए मैं नहीं जानता कि यह कैसे हुआ।

श्री कंवरलाल गुप्त (दिल्ली सदर) : क्या आप इसकी जांच करांएगे (व्यवधान) ?

श्री फ़खरूद्दीन अली अहमद : जहां तक मैंने प्रतिवेदन को देखा है और जो कुछ इसके विषय में समाचार-पत्रों में छपा उसकी सारी बातें प्रतिवेदन से नहीं मिलती। फिर भी यदि आवश्यकता समझी गई तो मैं जांच करवाऊंगा (व्यवधान)।

Shri Madhu Limaye (Monghyr) : I have a point of order. There is no necessity of making any inquiry as this report is not a secret one and everyone can see this report.

उपाध्यक्ष महोदय : यह प्रतिवेदन गोपनीय नहीं है और इसकी एक प्रति प्रत्येक माननीय सदस्य को वितरित की जाएगी। परन्तु प्रश्न है कि समय से पूर्व समाचार पत्रों में इसके कुछ उद्धरण कैसे छपे। यह बात मंत्री महोदय पर निर्भर करती है कि वे जांच करायें अथवा नहीं (व्यवधान)।

श्रीमती शारदा मुकर्जी : कई माननीय सदस्यों ने लिखित रूप में मांग की है कि पुलिस के द्वारा कलकत्ता विश्वान सभा पर आक्रमण से सम्बद्ध मामले पर चर्चा होनी चाहिए।

उपाध्यक्ष महोदय : हम अन्य विषयों पर चर्चा कर रहे हैं। इस मामले पर इस समय कोई बातचीत नहीं होगी।

श्री नन्द कुमार सोमानी (नागौर) : मेरा मध्यस्थ के द्वारा किए गए पचाट, जो सभा पटल पर रखा गया है, के बारे के व्यवस्था का प्रश्न है ।

उपाध्यक्ष महोदय : नियमों के अनुसार आपको यह लिखित रूप में देना चाहिए (**व्यवधान**) । अच्छा, वह प्रश्न कर सकते हैं ।

श्री नन्द कुमार सोमानी : यह पंच निर्णय जो कुछ व्यक्तियों तथा जैसप एण्ड कम्पनी लिमिटेड के मध्य हुआ, एक जटिल बात है । मध्यस्थ ने इस मामले के निर्णय के लिए बहुत समय लिया तथा उसने अपना यह निर्णय, 21 अप्रैल 1969 को सरकार के सम्मुख रखा । मैं जानना चाहता हूं कि सरकार ने इस पंच फैसले को इतने समय तक क्यों रोके रखा ?

श्री फखरूद्दीन अली अहमद : जैसे ही न्यायालय ने इस पंच निर्णय को पास करके आज्ञाप्ति का रूप दिया इसे उसी समय सभा के सम्मुख रखा गया है ।

बिहार गन्ना (सम्भरण तथा खरीद का विनियमन), दूसरा अध्यादेश

खाद्य, कृषि तथा सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहेब शिन्दे) : मैं बिहार राज्य के सम्बन्ध में राष्ट्रपति के रूप में कार्य करते हुए उप-राष्ट्रपति द्वारा दिनांक 4 जुलाई, 1969 को जारी की गई उद्घोषणा के खण्ड (ग) (तीन) के साथ पठित संविधान के अनुच्छेद, 213 (2) (क) के अधीन बिहार गन्ना (सम्भरण तथा खरीद का विनियमन), दूसरा अध्यादेश, 1969, जो बिहार के राज्यपाल द्वारा 20 जुलाई, 1969 को प्रख्यापित किया गया था, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) । सभापटल पर रखता हूं । [**पुस्तकालय में रखी गई । देखिए संख्या एल० टी०- 1512/69**]

राज्य सभा से संदेश

MESSAGE FROM RAJYA SABHA

सचिव : मैं राज्य सभा के सचिव से प्राप्त निम्नलिखित सन्देशों की सूचना देता हूं :

(एक) कि राज्य सभा ने अपनी 4 अगस्त, 1969 की बैठक में इस प्रस्ताव को स्वीकार किया कि अवक्रय विधेयक, 1968 सम्बन्धी संसद की दोनों सभाओं की संयुक्त समिति का प्रतिवेदन पेश करने का समय राज्य सभा के 70वें सत्र के प्रथम दिन तक बढ़ाया जाये ।

(दो) कि राज्य सभा ने अपनी 4 अगस्त, 1969 की बैठक में इस प्रस्ताव को स्वीकार किया कि स्थपित विधेयक, 1968 सम्बन्धी संसद् की दोनों सभाओं की संयुक्त समिति का प्रतिवेदन पेश करने का समय राज्य सभा के 70वें सत्र के अन्तिम दिन तक बढ़ाया जाए ।

(तीन) कि राज्य सभा ने अपनी 4 अगस्त, 1969 की बैठक में इस प्रस्ताव को स्वीकार किया कि न्यायालय अवमान विधेयक, 1968 सम्बन्धी संसद की दोनों सभाओं की संयुक्त समिति का प्रतिवेदन पेश करने का समय राज्य सभा के 70वें सत्र के प्रथम दिन तक बढ़ाया जाए।

पटसन उद्योग में हड़ताल की स्थिति के बारे में वक्तव्य

STATEMENT Re: STRIKE SITUATION IN JUTE INDUSTRY

उपाध्यक्ष महोदय : श्री भगत

वैदेशिक व्यापार तथा पूर्ति मंत्री (श्री ब० रा० भगत) : सदन में इस मामले की पहले ही चर्चा हो चुकी है.....

श्री भु० कु० तापड़िया : इसे सभा पटल पर रखा जाए।

उपाध्यक्ष महोदय : इसे सभा पटल पर रख दिया जायेगा।

श्री ब० रा० भगत : पटसन उद्योग में हड़ताल की स्थिति के बारे में मैं एक विवरण सभा पटल पर रखता हूं

विवरण

1. पटसन उद्योग में कर्मचारियों की हड़ताल में निहित सभी पहलुओं पर इस सभा में पहले ही विचार किया जा चुका है, अतः मैं उन घटनाओं की व्यापक चर्चा करके माननीय सदस्यों को कष्ट देना नहीं चाहूंगा। अतः मैं गत तीन दिनों की घटनाओं के विषय में ही वक्तव्य दूंगा।

2. जैसा कि मैं पहले सभा में बता चुका हूं कि मैंने पश्चिमी बंगाल की सरकार तथा पटसन उद्योग के प्रतिनिधियों के साथ तथा मेरे साथी श्रम मंत्री ने कर्मचारियों के साथ निरन्तर सम्पर्क बनाये रखा। मैंने मुख्य मंत्री जी को सुझाव दिया था कि इस कठिन स्थिति से निकलने का एक रास्ता यह था कि एक समिति नियुक्त की जाये जो कर्मचारियों की मांगों की जांच करे और जिसकी सिफारिशें सभी सम्बन्धित पक्षों को मान्य हों। इस समिति में उद्योग तथा श्रम के बराबर प्रतिनिधि हो और जिसका प्रमुख एक स्वतन्त्र अध्यक्ष हो।

3. शनिवार को मुख्य मंत्री जी द्वारा एक सन्देश भेजा गया था कि उनकी राय में यदि कर्मचारियों को तत्काल नकद सहायता न दी गई तो प्रस्तावित हड़ताल को किसी प्रकार भी नहीं टाला जा सकेगा। अतः मैं सम्बन्धित पक्षों से मिलकर एक

हल निकालने के लिये अपना अन्तिम प्रयास करने हेतु इतवार को कलकत्ता गया ।

4. मैंने ट्रेड यूनियनों तथा उद्योग दोनों के प्रतिनिधियों के साथ कई बार अलग-अलग विचार-विमर्श किया । पश्चिमी बंगाल के मुख्य मन्त्री श्री अजय मुकर्जी ने अधिकांश वार्ताओं में उपस्थित रहने की कृपा की । मैं इस निष्कर्ष पर पहुँचा कि यदि कमचारियों को वेतन मे तत्काल अन्तरिम नगद सहायता दी जाये तभी वे प्रस्तावित हड़ताल वापस लेने को तैयार हैं । मुझे यह भी मालुम हुआ कि मिल-मालिक भी इससे सहमत हैं कि कर्मचारियों के वेतन में कुछ वृद्धि की माग उचित है तथापि उन्होंने यह कहा कि वे तब तक नकद सहायता न दे पायेंगे जब तक कि उन्हें सरकार द्वारा करों में राहत नहीं दी जाती और विशेषकर पटसन माल पर देय निर्यात शुल्कों के मौजूदा स्तर में कोई बड़ा परिवर्तन नहीं किया जाता ।

5. मुझे यह कहना पड़ता है कि उद्योग द्वारा अपनाये गये रुख से मुझे बड़ी निराशा हुई । कर्मचारियों को अन्तरिम सहायता देने के प्रश्न के साथ निर्यात शुल्कों के पुनः समायोजन के प्रश्न को जोड़ने का कोई औचित्य नहीं है । जैसा कि सदन को विदित ही है, निर्यात शुल्क विदेशी आयातकों द्वारा दिया जाता है और निर्यात शुल्क में किसी भी कमी का लाभ उनको ही मिलता है ।

6. पटसन माल के निर्यात शुल्कों की समीक्षा सरकार द्वारा समय समय पर की जाती रही है । इन शुल्कों का स्तर विश्व बाजारों मे पटसन माल की प्रतियोगी स्थिति सम्बन्धी अनुमान पर आधारित होता है । इस अनुमान पर पहुँचने के लिए भारत में उत्पादन की लागतों की, जिसमें कच्चे माल क मूल्य, वेतन, लागत तथा उत्पादन प्रभार भी शामिल हैं, अन्य देशों में समकक्ष लागतों के साथ तुलना की जाती है । उत्पादन लागतों के सम्बन्ध में सरकार उचित निर्णय कर सके, इसलिये टैरिफ आयोग को उचित परिवर्तन लागतों के बारे में सिफारिश करने के लिये कहा गया है । आशा है कि टैरिफ आयोग कुछ सप्ताहों के भीतर ही अपनी रिपोर्ट दे देगा ।

7. यदि उद्योगपति तथा श्रमिकों के बीच विवाद का कोई मैत्रीपूर्ण समझौता हो जाये तो टैरिफ आयोग मंजूरी के स्तर को ध्यान में रख सकेगा ।

8. मैंने सभी सम्बद्धों पर किसी उचित समझौते पर पहुंचने की तुरन्त आवश्यकता पर जोर देने की कोशिश की है । मेरा ख्याल यह है कि यदि श्रमिकों को तत्काल सहायता का आश्वासन दे दिया जाये तो वे हड़ताल को टालने के लिये अनिच्छुक नहीं हैं । किन्तु उद्योग के प्रतिनिधि अडिग रहे । मुझे विश्वास है कि सद्बुद्धि से काम लिया जायेगा और तत्काल नकद सहायता पर अस्थायी सहमति हो जायेगी ताकि मेरे द्वारा प्रस्तावित समिति, मामले पर विचार करके शीघ्र ही अपनी

सिफारिशें प्रस्तुत कर सकें। जहां तक भारत सरकार का सम्बन्ध है, वह उत्पादन लागत का हिसाब लगाते समय तथा निर्यात शुल्कों के सम्बन्ध में स्थिति का पुनरीक्षण करते समय उस तत्काल नकद सहायता पर, जिस पर उद्योगपति तथा श्रमिक सहमत हों, और मजूरी के उस नये स्तर पर, जिसके लिए हमारे द्वारा प्रस्तावित समिति सिफारिश करे, विचार करेगी।

9. मेरे विचार से सिवाय विदेशी प्रतियोगियों के इस हड़ताल से किसी को भी लाभ नहीं होगा। कुछ आयातकों का तो अपनी तत्काल आवश्यकता पूरी करने के लिए पूर्ति में अन्य स्रोतों की ओर पहले ही झुकाव हो गया है। उत्पादन में बाधा पड़ जाने के फलस्वरूप प्रत्येक दिन में देश को लगभग 1 करोड़ रु० के उत्पादन की हानि होती है। जिसका सामान्यतया दो तिहाई भाग विदेशी मुद्रा में परिवर्तित होने की आशा होती है। यदि हड़ताल लम्बी चल गई तो देश तथा उद्योग को विश्व बाजार में और अधिक अवधि तक की हानि उठानी पड़ेगी और यदि राज्य व्यापार निगम द्वारा आरम्भ किये जाने वाले मूल्य समर्थन के परिवर्तन में बाधा पड़ी तो पटसन कृषकों को भी हानि उठानी पड़ेगी। यदि दो लाख श्रमिक बेकार हो जायें और यदि दीर्घकाल तक काम बन्द रहने से उत्पादन तथा निर्यात पर कुप्रभाव पड़े तो श्रमिकों को खुशी नहीं हो सकती। मुझे विश्वास है कि सभा, सभी सम्बधों पर इस बात के लिये जोर देना चाहेगी कि संकीर्ण विचारो से ऊपर उठकर राष्ट्रीय हित को महत्व देने की अत्यावश्यकता है और साथ ही यह आशा व्यक्त करेगी कि अवरुद्ध उत्पादन को और अधिक समय नष्ट किये बिना पुनः आरम्भ किया जाये।

श्री स० मो० बनर्जी (कानपुर) : मैं नियम 376 (2) के अधीन एक व्यबस्था का प्रश्न उठा रहा हूँ। मंत्री महोदय ने अपना वक्तव्य दे दिया है। इसके बारे में नियम 340 के अधीन मैं एक प्रस्ताव रखना चाहता हूं। यह महत्वपूर्ण मामला है इसलिये मैं सदन का स्थगन चाहता हूँ।

उपाध्यक्ष महोदय : इस नियय का अगला परन्तुक भी पढ़िये। यदि समय मिलेगा तो आपको अवसर अवश्य दिया जायेगा।

Shri Atal Bihari Vajpayee (Balrampur) : We want a discussion on the strike in jute mills.

श्री दीनदयाल उपाध्याय की हत्या के बारे में जांच आयोग की नियुक्ति के बारे में वक्तव्य

STATEMENT Re. APPOINTMENT OF COMMISSION OF ENQUIRY IN CONNCETION WITH THE MURDER OF SHRI DIN DAYAL UPADHYAYE

गृह-कार्य मन्त्री (श्री यशवन्त राव चव्हाण) : मैंने अपने 29 जुलाई, 1969 के वक्तव्य में सदन को विश्वास दिलाया था कि जनता को यह नहीं समझना चाहिये कि इस मामले

से सम्बन्धित तथ्यों का पता लगाने में कोई कसर रखी जायेगी । चर्चा के दौरान मैंने यह भी बताया था कि यदि उत्तर प्रदेश की सरकार ने इस मामले की अपील नहीं की तो एक जांच आयोग नियुक्त किया जायेगा ।

उत्तर प्रदेश के मुख्य मन्त्री ने कल विधान सभा में घोषणा की है कि राज्य सरकार अपील नहीं करेगी ।

विभिन्न राजनीतिक दलों की सिफारिशों को ध्यान में रखते हुए हमने निर्णय किया है कि एक जांच आयोग की नियुक्ति की जाय जिसके लिए एक उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की नियुक्ति भारत के मुख्य न्यायाधीश के परामर्श से की जायेगी । आयोग की नियुक्ति तथा उसके विचारार्थ विषयों की घोषणा शीघ्र कर दी जायेगी ।

Shri Atal Bihari Vajpayee (Balrampur) : I congratulate the Government on the appointment of acommission of enquiry and hope that its terms of reference should be such as may help in finding out the facts.

Shri Madhu Limaye (Monghyr) Will the hon. Minister furnish information regarding attack on a Harijan S. S. P. woman M. L. A. in Gaya ?

श्री यशवन्त राव चव्हाण : इस बारे में मुझे अभी तथ्य प्राप्त करने है ।

श्रीमती शारदा मुकर्जी (रत्नगिरी) : हम चाहते हैं कि पुलिस के पश्चिम बंगाल विधान सभा भवन पर हमले पर चर्चा करने का समय दिया जाये ।

उपाध्यक्ष महोदय : पश्चिम बंगाल विधान सभा पर जो हमला किया गया है उस पर सम्भवत: कल चर्चा की जायेगी ।

श्री ज्योतिर्मय बसु (डायमंड हार्बर) : झरिया के निकट की कोयलें की खानों में मजदूरों पर अधिकारियों द्वारा किये जाने वाले अत्यचारों पर भी चर्चा की जानी चाहिये ।

Shri Meetha Lal Meena (Sawai Madhopur) : There are famine conditions in Bihar due to drought in one part and floods in the other. Time should be allotted to discuss the matter in the House.

Shri Hukam Chand Kachwai (Ujjain) . Floods in Madhya Pradesh have created havoec, The matter should be discussed here.

श्री स० कुण्डू (बालासौर) : उड़ीसा में बाढ़ से 50 व्यक्तियों की जानें गई हैं । मैं मन्त्री महोदय से इस पर वक्तव्य देने का अनुरोध करूंगा ।

उपाध्यक्ष महोदय : मैं जानता हूं कि उडीसा में बाढ़ आई हुई है । इस पर अवश्य ध्यान दिया जायेगा ।

संसद सदस्यों के वेतन तथा भत्ते (संशोधन) विधेयक

SALARIES AND ALLOWANCES OF MEMBERS OF PARLIAMENT (AMENDMENT) BILL

संसद-कार्य, और नौवहन तथा परिवहन मन्त्री (श्री रघुरामैया) : मैं प्रस्ताव रखता हूं कि "संसद सदस्यों के वेतन तथा भत्ते अधिनियम 1954 में अग्रेतर संशोधन करने वाले विधेयक पर विचार किया जाये ।"

श्री मधु लिमये : मेरा एक व्यवस्था का प्रश्न है ।

उपाध्यक्ष महोदय : उन्हें प्रस्ताव रखने दे । उसके बाद आपको समय दिया जायेगा ।

श्री रघु रामैया : श्रीमान् मैंने पिछले सत्र में बताया था कि सरकार ने संसद सदस्यों के वेतन और भत्तों सम्बन्धी संयुक्त समिति के प्रतिवेदन पर विचार करने के पश्चात् निर्णय किया है कि सदस्यों को कुछ भत्ते दिये जाये । अतएव इस सम्बन्ध में यह विधेयक पुरः स्थापित कर दिया गया है ।

इस विधेयक के द्वारा दैनिक भत्तें को 31 रुपए से बढ़ा कर 51 रुपए करने तथा कुछ यात्रा सुविधायें बढाने का विचार है । अब जो और एक संशोधन इसमें किया जा रहा है उसके द्वारा सदस्यों के लिए । कुछ यात्रा सुविधाएं और बढ़ाई जा रही है ।

Shri Madhu Limaye : I have a point of order under Rule No. 75 (2) The hon. Minister cannot mention about the amendments at this stage and he should stick to his speech on the motion for consideration.

उपाध्यक्ष महोदय : इस समय मन्त्री महोदय को संशोधनों की चर्चा नहीं करनी चाहिए ।

श्री रघुरामैया : विमान द्वारा यात्रा की सुविधा का उल्लेख मूल विधेयक में ही किया गया था । विधेयक को पुरः स्थापित करते समय कहा गया था कि समिति की सर्वसम्मत सिफारिशों अथवा बहु समर्थित सिफारिशें ही स्वीकार की जाये । एक सिफारिश में कहा गया है कि प्रत्येक सदस्य को अब सचिवीय सहायता दी जाय ।

इसके पश्चात् लोक-सभा मध्यान्ह भोजन के लिये दो बजे म० प० तक के लिये स्थगित हुई ।

The Lok-Sabha then adjoured for Lunch till Fourteen of the clock.

लोक-सभा मध्याह्न भोजन के पश्चात् दो बज कर 30 मिनट म० प० पर पुनः समवेत हुई ।

The Lok-Sabha then reassembled after Lunch at Three minutes past Fourteen of the clock.

[**श्री एम० बी० राणा पीठासीन हुए**
Shri M. B. Rana *in the Chair*]

चंडीगढ़ के सम्बन्ध में समाचार पत्रों में छपें पंजाब के मुख्य मन्त्री के पत्र के बारे में

Re: PUNJAB CHIEF MINISTERS' LETTER ONCHANDIGARH PUBLISHED IN PAPER

Shri Randhir Singh (Rohtak) :: I want to draw your attention towards the published statement of the Chief Minister of Punjab, wherein it was stated that if Chandigarh is not given to Punjab, the State may even secede from the Indian Union. This is a very serious matter. The Government should not be influenced by such blackmailing.

सभापति महोदय : सदस्य को पूर्व सूचना के पश्चात अनुमति मिलने पर ही बोलना चाहिए।

Shri Randhir Singh : If any persons challenges the constitution and talk of secession he should be dealt with under the Unlawful Activities Act.

सभापति महोदय : वे जो कुछ भी कहेंगे उसे कार्यवाही वृत्तांत में शामिल नहीं किया जायेगा।

Shri Randhir Singh : * *

संसद सदस्यों के वेतन तथा भत्ते (संशोधन) विधेयक--जारी

SALARIES AND ALLOWANCES OF MEMBERS OF PARLIAMENT (AMENDMENT) BILL--Contd.

श्री रघुरामैया : संयुक्त समिति का यह सर्व सम्मत सुझाव था कि प्रत्येक संसद सदस्य को अनुसचिवीय सुविधा दी जाय। क्या इसका यह अभिप्राय है हर सदस्य को एक सेक्रेटरी दिया जाये अथवा एक आशुलिपिकों को पूल बनाया जाय ? पहली दशा में व्यय बहुत अधिक करना पड़ेगा और दूसरी में सदस्यों में असंतोष फैल जायेगा। फिर भी हम जितनी भी सर्व-सम्मत सिफारिशों को विधेयक में स्थान दे सकते थे उनको हमने इसमें रखा है। एक सर्वसम्मत सिफारिश यह भी थी कि सदस्यों को 1200 रुपए वार्षिक तक की डाक टिकटें आदि दी जाये।

श्री रबीराय : हम धन नहीं टिकटें चाहते हैं।

---

* * अध्यक्ष पीठ के आदेश से सभा के वृतान्त से निकाल दिये गये।

Not recorded under orders of the Chair.

श्री रघुरामैया : टिकटों पर भी सरकार को धन व्यय करना पड़ता हैं।

सरकार ने जिन सिफारिशों को विधेयक में सम्मिलित किया है उन पर प्रारम्भ में 2.99 लाख रुपये तथा आवर्ती व्यय 52.58 लाख रुपये होगा।

भत्ते में वृद्धि तथा अन्य जिन सुविधाओं का प्रस्ताव किया गया है उन पर जनता के धन का व्यय करना पड़ता है। सदस्यों को अपने व्यवसाय आदि छोड़ने पड़ते हैं इसलिए आवश्यक है कि उन्हें इतना अवश्य मिले कि उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति हो सके।

कुछ सदस्यों ने सुझाव दिया है कि इस मामले को हमें एक बाहर की समिति को सौपना चाहिएँ। इस बारे में हमें सदस्यों की योग्यता पर विश्वास करना चाहिए।

संसद् सदस्य जब देश के विभिन्न वर्गों के वेतन भत्तों का नियतन कर सकते हैं तो सदस्यों के लिए भी कर सकते है। सभी पहलुओं पर विचार करने के पश्चात हमने सदस्यों की न्यूनतम आवश्यकताएं निर्धारित की है।

सभापति महोदय : प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ :

> 'संसद सदस्यों के वेतन तथा भत्ते अधिनियम 1954 में आगे संशोधन करने वाले विधेयक पर विचार किया जाये।"

इस प्रस्ताव पर संशोधन संख्या 1, 9, 10, 20 और 52 पेश किये गये है।

श्री स० मो० बनर्जी (कानपुर) : मै अपना संशोधन संख्या 1 प्रस्तुत करता हूं।

श्री देवेन सेन (आसनसोल) : मैं अपना संशोधन सख्या 9 प्रस्तुत करता हूं।

श्री शिव चन्द्र झा (मधुबनी): मैं अपना संशोधन संख्या 10 प्रस्तुत करता हूं

श्री मी० रू० मसानी (राजकोट) : मैं अपना संशोधन संख्या 20 प्रस्तुत करता हूं।

श्री ओम प्रकाश त्यागी (मुरादाबाद) : मैं अपना संशोधन संख्या 52 प्रस्तुत करता हूं।

Shri Madhu Limaye (Monghyr) : Mr. Chairman, I rise on a point of order. The motion moved by Shri Raghu Ramaih may be rejected as it is not in order. On a previous occasion when it was discussed, the then Speaker Shri Sanjiv Reddy gave a ruling that a Committee on the subject would be constituted and only unanimous recommendations thereof should be accepted and the pay and allowances of Members of Parliament should not be increased. This is a question of principle and not of money. Shri Reddy said that instead of increasing their pay and allowances, more facilities should be provided to them, so that they may discharge their duties more efficiently and easily.

The ruling of Shri Reddy cannot be changed unless the new Speaker is elected. If at all this subject is to be discussed, the hon. Minister should move a new motion

on this subject and this Bill may be circulated for the purpose of eliciting public opinion. We should not do anything against the rules in the House.

श्री अ० सिं० सहगल : (बिलासपुर) : मैं समझता हूं कि यह अध्यक्षपीठ का विनिर्णय नहीं है।

श्री स० मो० बनर्जी (कानपुर) : मेरा एक व्यवस्था का प्रश्न है।

सभापति महोदय : क्या यह नया व्यवस्था का प्रश्न है या आप श्री मधु लिमये के व्यवस्था के प्रश्न पर बोलेंगे ? हम पहले श्री मधु लिमये का व्यवस्था प्रश्न लेंगे। यदि आप इस पर बोलना चाहते हैं, तो आपको इसकी अनुमति मिल सकती है।

श्री स० मो० बनर्जी : मैं उस पर बोलना चाहता हूं और मेरा भी व्यवस्था का प्रश्न है।

Shri Atal Bihari Vajpayee (Balrampur) : Mr. Chairman, the question of Pay and Allowances of the members of Parliament is an issue on which we should try to have unanimity and keeping this fact in view the ex-Speaker gave a ruling that only those recommendations of the Committee would be accepted on which all the parties have agreed, But unfortunately the Minister of Parliamentary Affairs did not try to have the consent of all the parties on this issue. On this subject I have a point of order. Is it proper to get this Bill passed by the majority Votes when there is no unanimity on the subject ? Keeping in view the earlier ruling the discussion on the Bill should be posponed and the hon. Minister of Parliamentary Affairs should discuss this matter with the leaders of various parties and try to have unanimity on it. It will add to the prestige of the House.

सभापति महोदय : व्यवस्था के प्रश्न पर बोलते हुए माननीय सदस्य स्वयं अपने सुझाव भी देने लगे हैं। यह उचित नहीं है। माननीय सदस्य श्री मधु लिमये द्वारा उठाये गये व्यवस्था के प्रश्न पर बोल सकते हैं।

श्री हो० ना० मुकर्जी (कलकत्ता उत्तर-पूर्व) : सभापति महोदय, यह एक अत्यन्त महत्वपूर्ण विषय है जो लम्बी अवधि से अनिर्णीत पड़ा हुआ है। इस पर अनेक स्तरों पर विचार विमर्श किया जा चुका है। वैसे सरकार जिस विधेयक को चाहे बहुमत से पारित करा सकती है किन्तु इस विधेयक के सम्बन्ध में औचित्य के अनेक प्रश्न हैं। एक बार जब यह निर्णय किया जा चुका है कि संसद् सदस्यों के वेतन भत्तों के सम्बन्ध में सर्वसम्मति से ही कोई संशोधन किया जायेगा किन्तु इस निर्णय की कतई अवहेलना की जा रही है जो संसद की प्रतिष्ठा के विरुद्ध है।

श्री वेदव्रत बरुआ (कलियाबोर) : माननीय सदस्य श्री मधु लिमये ने व्यवस्था का प्रश्न उठाया है कि इस सम्बन्ध में भूतपूर्व अध्यक्ष श्री सजीव रेड्डी ने विनिर्णय दिया गया था। चूंकि इस समय अध्यक्ष नहीं हैं; इसलिये इस समय इस पर बहस नहीं की जा सकती है। मैं इस सम्बन्ध में नियम 10 की ओर ध्यान दिलाना चाहता हूं जिसमें कहा गया है कि

अध्यक्ष की अनुपस्थिति उपाध्यक्ष अथवा अन्य किसी अध्यक्षपीठ पर आसीन व्यक्ति को अध्यक्ष के समान ही शक्तियां प्राप्त हैं तथा पीठासीन व्यक्ति का विनिर्णय अध्यक्ष का ही विनिर्णय समझा जायेगा ।

सभापति महोदय : हम श्री मधु लिमये द्वारा उठाये गये व्यवस्था के प्रश्न पर चर्चा कर रहे हैं । इसके बाद यदि कोई सदस्य चाहें तो अपना व्यवस्था का प्रश्न उठा सकते हैं ।

श्री समर गुह (कन्टाई) : इस समिति में प्रजा समाजवादी दल के प्रतिनिधियों को छोड़ कर सभी दलों के सदस्य लिये गये हैं; इसलिए प्रजा समाजवादी दल के सदस्यों को अपने विचार व्यक्त करने की अनुमति दी जानी चाहिए । यदि इस समिति में हमारे दल के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाता तो हम कहते कि संसद्-सदस्यों के वेतन और भत्ते के बारे में निर्णय स्वयं संसद सदस्यों को नहीं अपितु एक स्वतंत्र समिति को करना चाहिए । हमें जनता के विश्वास का दुरुपयोग नहीं करना चाहिए । माननीय सदस्य श्री मधु लिमये द्वारा उठाया गया व्यवस्था का प्रश्न उचित है । भूतपूर्व अध्यक्ष ने कहा था कि समिति की सर्व-सम्मत सिफारिशें ही स्वीकार की जानी चाहिए तथा सदस्यों के वेतन तथा भत्ते इस प्रकार नहीं बढाये जाने चाहिए । अत: मेरा कहना है कि इस विधेयक को अध्यक्ष के विनिर्णय का उल्लंघन करके लाया गया है । यह उचित नहीं है ।

श्री चेंगल राया नायडू (चित्तूर) : श्री पन्ना लाल बारूपाल जब गैर सरकारी सदस्यों का विधेयक लाये थे, अध्यक्ष महोदय ने माननीय सदस्य श्री लिमये द्वारा उल्लिखित विनिर्णय दिया था । इस समिति में लोक सभा और राज्य सभा, दोनों के सदस्य हैं । अध्यक्ष के विनिर्णय को मानना राज्य सभा के सदस्यों के लिए अनिवार्य नहीं है । इस समिति ने कहा था कि संसद् सदस्यों को डाक टिकट, स्टेनोग्राफर आदि के लिये कुछ सहायता दी जानी चाहिए । इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए सरकार यह विधेयक लाई है, श्री पन्ना लाल बारूपाल द्वारा लाये गये विधेयक और इस विधेयक में कोई सम्बन्ध नहीं है । इस विधेयक का मुख्य अभिप्राय यह है कि संसद् सदस्यों का दैनिक भत्ता बढ़ा कर उनकी कुछ सहायता की जाये । यदि विरोधी दलों के सदस्यों को यह स्वीकार नहीं है, तो वे इस सुविधा का लाभ न उठायें और वे जितनी राशि उचित समझें उतनी ही लें ।

श्री सु० कु० तापड़िया (पाली) : यह विधेयक नया है और इसका पहले विधेयक से कोई सम्बन्ध नहीं है । अध्यक्ष महोदय ने पहले विधेयक के बारे में अपने विचार व्यक्त किये थे न कि इस विधेयक के बारे में । अध्यक्ष महोदय अपने विचार व्यक्त कर सकते हैं, किन्तु अध्यक्ष सभा को इस बात के लिये बाध्य नहीं कर सकते कि सभा को क्या कानून बनाना चाहिए और क्या नहीं बनाना चाहिए ।

सभापति महोदय : हम पहले श्री मधु लिमये द्वारा उठाया गया व्यवस्था का प्रश्न निबटा लें और बाद में माननीय सदस्य अन्य प्रश्न उठा सकते हैं ।

संसद कार्य तथा नौवहन तथा परिवहन मन्त्री (श्री रघुरामैया) : विधेयक पुर.स्थापित करते समय मैंने यह स्पष्ट कर दिया था कि राज्य सभा तथा लोक सभा दोनों सभाओं के संसद् सदस्यों की संयुक्त समिति के सामने अध्यक्ष महोदय द्वारा व्यक्त किये गये विचार रखे गये थे और समिति ने यह अनुभव किया था कि वह अपनी इच्छा के अनुसार सिफारिश कर सकती है। इन सिफारिशों के बाद सामान्य प्रयोजन समिति की बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता स्वयं अध्यक्ष महोदय ने की थी और इस बैठक में सभी दलों के सदस्यों ने भाग लिया था। उस समिति ने यह निर्णय किया था कि संयुक्त समिति संसद को अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत कर चुकी है। यह बात सरकार पर छोड़ दी गई कि प्रतिवेदन में उठाई गई बातों के बारे वह स्वय प्रस्ताव तैयार करे। सामान्य प्रयोजन सम्मिति ने यह कहीं नहीं कहा था कि सरकार केवल कुछ मामलों पर ही विचार कर सकती है न कि सब मामलों पर। सरकार द्वारा कोई कानून लाये जाने पर कोई रोक आदेश नहीं हो सकता है।

सभापति महोदय : विभिन्न दलों के नेताओं तथा सरकार द्वारा व्यक्त विचारों को सुनने के बाद मैं इस व्यवस्था के प्रश्न को अस्वीकृत करता हूं।

Shri S. M. Banerjee (Kanpur) . Mr, Chairman, the House cannot discuss this Bill and therefore it should not be discussed, Mr. Chairman, you have just given a ruling because the hon. Minister has stated that there cannot be any injuction against the Government not to bring any legistation. I am not challenging this fact. I am simply making a submission that if this point of order is disallowed, they will get this extra money.

This increase should be made at the time of next election in 1972 and not before that.

सभापति महोदय : यह एक सुझाव है। इससे कोई व्यवस्था का प्रश्न नहीं है।

श्री स० कुण्डू (बालासौर) मैं आपका ध्यान प्रक्रिया नियम संख्या 69 की ओर दिलाना चाहता हूं जिसमें यह व्यवस्था है कि जिस वित्त विधेयक का सम्बन्ध खर्च बढने से हो उसके साथ वित्तीय ज्ञापन जुडा होना चाहिए जिसमें आवर्तक और अनावर्तक खर्च का अनुमान दिया हो और खर्च विषयक खण्डों की ओर उसके द्वारा विशेष रूप से ध्यान दिलाया जाये। दूसरे ऐसे उपबन्धों को मोटी लिखाई या तिरछे अक्षरों में लिखा जाना चाहिए, जिनका सम्बन्ध भारत की संचित नीधि से रुपया निकालने के बारे में हो। यह विधेयक इन शर्तों में से किसी को भी पूरा नहीं करता।

सभापति महोदय : इस सम्बन्ध में मैं सरकार के विचार जानना चाहता हूं।

श्री रघुरामैया : इस विधेयक के साथ वित्तीय ज्ञापन जुडा है। उसमें यह बताया गया है कि दैनिक भत्ते में वृद्धि होने से खर्च में प्रतिवर्ष 42 लाख रुपये की वृद्धि होगी। सदस्यों द्वारा की जाने वाली यात्रा के सम्बन्ध में ब्यौरा देना सम्भव नहीं है।

सभापति महोदय : श्री एस० कुण्डू की बात का स्पष्टीकरण हो गया है। उनकी बात में कोई व्यवस्था का प्रश्न नहीं है। अब विधेयक पर विचार विमर्श होगा।

श्री मी० रू० मसानी (राजकोट) : मैं अपने संशोधन संख्या 20 का समर्थन करता हूं। संशोधन में विधेयक पर 16 अगस्त, 1969 तक जनमत जानने के लिए उसे परिचालित करने की मांग की गई है। इस संशोधन का आशय विलम्ब करना मात्र नहीं है बल्कि उसका आशय है कि इस विधेयक पर विचार के लिए अधिक समय मिल जाये। हमें जल्दी में कोई ऐसा काम नहीं करना चाहिए जिससे इस सभा की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचे। राष्ट्रपति, उच्चतम न्यायालय या मन्त्रियों का पारिश्रमिक भी अन्य संस्थाओं द्वारा तय किया जाता है। उसको वे स्वय तय नहीं करते ; व्यक्ति को अपने बारे में मूल्यांकन करने का अधिकार नहीं होना चाहिए। मेरा कहने का तात्पर्य यह है कि हमें अपने बारे में स्वयं निर्णायक नहीं होना चाहिए। कुछ महीने पहले हमने यह सुझाव दिया था और पुनः यह लिखा है कि इस विधेयक को दो सप्ताह के लिए परिचालित किया जाये। इस बीच अध्यक्ष या उपाध्यक्ष और राज्य सभा का सभापति मिलकर देश के प्रतिष्ठित लोगों को नियन्त्रित करें और इस विषय पर विचार करें। वे संयुक्त समिति के प्रतिवेदन पर विचार करें और संसद् सदस्यों के जीवन-निर्वाह, देश की स्थिति, उनकी आवश्यकताएं और मांगों पर विचार करते हुए निर्णय करें। उनकी जो भी राय या निर्णय हो वह हम सभी को मान्य हो।

यदि हममें से किसी को यह प्रतीत होता है कि ऐसा करना सभा की प्रतिष्ठा के प्रतिकूल है। इस मान्यता के निवारण के लिए मैं बताना चाहता हूँ कि ब्रिटेन में भी संसद सदस्यों के वेतन का निर्धारण वहां का प्राइसिस एण्ड इन्कम्स बोर्ड करता है। इस बोर्ड में देश के तीन प्रतिष्ठित व्यक्ति होते हैं, अन्त में मैं सभा स यह अनुरोध करता हूं कि यह प्रस्ताव स्वीकार कर लिया जाये। मैं विधेयक का विरोधी नहीं हूं परन्तु मैं चाहता हूं कि हमारे परिश्रमिक के बारे में निर्णय और कोई करे। इससे सभा की प्रतिष्ठा बढ़ेगी ?

Shri Madhu Limaye (Monghyr) : Sir, I want to raise a point of order. There is a provision in article 117 (1) that a Bill dealing with the matters specified in sub-clauses (a) to (f) of clause (1) of article 110 shall not be introduced without the recommendation of the President. There is no mention about it on the Bill. I do not know whether they have obtained recommendation of the President for it or not.

श्री रघुरामैया : राष्ट्रपति की सिफारिश प्राप्त कर ली गई है और वह परिचालित भी कर दी गई है।

सभापति महोदय : समाचार भाग 2 में यह है। अतः आपका व्यवस्था का प्रश्न अस्वीकृत किया जाता है।

Shri Tulsidas Jadhav (Baramati) : Mr. Chairman, I am not in a position to understand the basis on which some hon. Members are opposing this Bill, because one informal committee and another formal committee consisting of M. Ps. from all political parties have considered this issue. Shri Masani opposed it for the sake of

oppostion. Some others opposed it taking the plea of increase in expenditure. This is also no argument that M. Ps. should not be given amenities and facilities because they will involve expenditure.

A Member of Parliament is a representative of a number of people. He has to look after the interests of the people of his own constituency as well as the interests of the nation as a whole. In my opinion he should be given all the amenities and facilities required for discharge of his functions and responsibilities faithfully and sincerely. He should be given as much remuneration as is required by him for leading a life commensurate with the standard of a M. P.

If democracy is to be survived, if you want that a M. P. should discharge his functions honestly you will have to provide essential facilities and remuneration to him. If they will not be given proper facilities and remuneration they will become inefficient and corrupt. I make an appeal to opposition also that they should not oppose this Bill for the sake of opposition and they should accept it. We can make the people understand in this respect.

Shri Hukam Chand Kachwai (Ujjain) : I have risen to oppose this Bill. It is not true to say that the Jan Sangh welcomes this Bill from their hearts but is opposing it here. We are to serve our countrymen. A servant is not supposed to draw more pay than his master. Today we see that the poor classes of our countey cannot even afford their daily necessities of life. In such circumstances it does not behave us to ask for more pay and allowances.

Gandhiji served the country throughout his life. He could have amassed lakhs of rupees if he so desired. He set an example for all of us to lead a simple life. But his disciples are growing fat by amassing more and more of wealth.

In the Karachi Session of the Indian National Congress, a resolution was passed that the salary of a Minister should not be more than Rs. 500 and after the attainment of independence our Minister would not draw a salary of more than Rs. 500. But now his followers want to cross that limit and demand more salaries.

There are so many examples in history where kings and calliphs led a very simple life and did not indulge in any sort of extravagance. Chanakya lived in a hut. But things here are quite different in the case of our Ministers and others. They lead a luxurious life. We should come closer to the common man and try to serve them. General elections are going to be held in 1972, the people who are crying for higher salaries and allowances fear that they may not be returned this time and so they are raising this bogey.

We want that this bill should be circulated for eliciting public opinion thereon. But the Members sitting on the other side want the Bill to be passed immediately. Let them fight election on this issue.

With these words, I oppose this Bill.

श्री चेंगलाराया नायडू (चित्तूर) : प्रत्येक सदस्य यह चाहता है कि उन्हें कुछ सुविधाएं प्राप्त की जायें । सरकार का कहना है कि प्रत्येक सदस्य के लिये स्टेनोग्राफर की व्यवस्था

करना संभव नहीं है। यदि चार सदस्यों के लिये एक स्टेनोग्राफर नियुक्त किया जाये तो उनमें आपस में झगड़ा होगा। सरकार द्वारा निःशुल्क डाक तथा परिवहन आदि की सुविधाएं भी दिया जाना असंभव था। इन्हें दृष्टि में रखकर ही सरकार दैनिक भत्ता बढ़ाने के लिये तैयार हुई ताकि सदस्य उन पर होने वाले व्यय को पूरा कर सकें।

विरोधी सदस्य केवल मत प्राप्त करने तथा सस्ता प्रचार प्राप्त करने हेतु इस विधेयक का विरोध कर रहे हैं। मतदाताओं को इसमें कोई आपत्ति नहीं है कि सदस्यों का भत्ता बढ़े। उन्हें तो आपत्ति तब होगी जब सदस्यगण उनकी उपेक्षा करेंगे और उनके प्रति अपने कर्तव्य का पालन नहीं करेंगे।

कुछ कुछ सदस्य अमीर हैं। बिड़ला, टाटाओं आदि के प्रतिनिधि है, कुछ अन्य सदस्य अमरीका या रूस के लिये काम करते हैं। उन्हें वहां से धन प्राप्त होता है। चूंकि वे अपना खर्चा वहन नहीं कर सकते है। इसलिये उन्हें यह तरीका अपनाना पड़ता है। वे भ्रष्टाचार का शिकार न हों और अपना निर्वाह कर सकें इसलिये सदस्यों को 20 रुपये अधिक दिये जाने चाहिये।

साम्यवादी सदस्य दिखावा के लिये इसका विरोध तो जरुर कर रहे हैं परन्तु उन्होंने दल की बैठक में पहले ही यह निर्णय कर लिया है कि ये 20 रुपये दल की निधि में देने होंगे।

इसलिये मेरा निवेदन है कि हमें मतदाताओं के प्रति ईमानदार बनना चाहिये और अपना कर्तव्य निष्ठा से पूरा करना चाहिये। इसलिये में इस विधेयक का समर्थन करता हूं।

श्री हो० ना० मुकर्जी (कलकत्ता उत्तर–पूर्व) : मैं इस विधेयक का विरोध करता हूं। श्री नायडू ने जो कुछ कहा है वह बहुत ही निन्दनीय है। मैंने उनके भाषण में अन्तर्बाधा करना उचित नहीं समझा। मुझे इस सभा में ऐसे व्यक्तियों के साथ काम करने में शर्म आती है जो अपने सहयोगियों के बारे में इतना तक कह सकते है कि वे अमुक–अमुक व्यक्तियों अथवा अमुक–अमुक देशों से धन प्राप्त करते हैं। मैं साम्यवादी दल का इस सभा में प्रतिनिधित्व करता हूं और मैं उन्हें बता सकता हूं कि उन्होंने अपने भाषण में साम्यवादी दल के निर्णय के बारे में जो कुछ कहा है वह कोरी बकवास है। कुछ सदस्यों के लिये सभा में इस तरह की बेहूदा बातें कहे जाना अब एक आम बात हो गई है। आखिर हम जनता को सन्तुष्ट करके ही अधिक भत्ते की मांग कर सकते हैं। श्री रघुरामैया को मैं बताना चाहता हूं कि हममें आपस में यह समझौता हुआ था कि यह विधेयक सभी दलों की एकमत सिफारिश से ही लाया जायेगा। मैं दोहरी बात में विश्वास नहीं करता। संयुक्त समिति का प्रतिवेदन हमारे सामने है।

जनसंघ, साम्यवादी दल, संयुक्त समाजवादी दल के प्रतिनिधियों तथा निर्दलीय सदस्यों ने वेतन वृद्धि का विरोध किया था। प्रजा समाजवादी दल का उसमें कोई प्रतिनिधि नहीं था परन्तु वे भी वेतन वृद्धि के विरुद्ध है। यदि सरकार समझती है कि सदस्यों ने जो

सुविधाएं मांगी हैं उन पर बहुत धन व्यय होगा तो उस पर विचार किया जा सकता है। यदि उन पर अधिक व्यय होने की समावना है तो हम ऐसी सुविधाओं के बिना ही काम चला सकते हैं। हम राजनीति में इसलिये प्रवेश नहीं करते हैं कि हमें आरामदेह जीवन चाहिये। हमें अपने सामने सादे जीवन का आदर्श रखना चाहिये। मैं यह नहीं कहता कि हमें लंगोटी में ही गुजारा करना चाहिये। परन्तु हमें बड़े सपने नहीं देखने चाहिये। श्री जाधव ने कहा हैं कि बड़े पूंजीपति हमारी कोई परवाह नहीं करते क्योंकि हमारे पास पैसा नहीं है। क्या जनता इसी दृष्टिकोण से हमें देखती है ? वे हमारा इसलिये आदर नहीं करते हैं कि हमारे पास पैसा है। और यदि एक बार हम पैसे के रूप में सोचना शुरु कर दें, तो इसका कोई अन्त ही नहीं है।

हमारे देश में बहुत गरीबी है और हमारे बहुत से भाइयों को भूखे ही सोना पड़ता है। इसलिये हमारे द्वारा अधिक वेतन की मांग किया जाना उचित नहीं है। हमें कोई ऐसा काम नहीं करना चाहिये जिससे हम जनता की नजरों में गिर जायें।

हम अपना कर्तव्य और अच्छी तरह से निभा सकें इसके लिये हमें जो सुविधाएं चाहिये उसके बारे में यहां पर चर्चा की जा सकती है। यदि ये सुविधाएं काफी खर्चीली हैं तो हम प्रतीक्षा कर सकते हैं। हमें पैसा नहीं चाहिये, सुविधाएं चाहियें।

श्री जी० भा० कृपालानी (गुना) : श्री मुकर्जी ने इस बारे में जो कुछ कहा हैं मैं उससे पूर्णतया सहमत हूं। हमें अपने परिवारों को छोटे रखने की कोशिश करनी चाहिये। और अपनी गलती का भार करदाताओं पर नहीं डालना चाहिये। उनके सामने मैं अपना उदाहरण रख सकता हूं। यदि दैनिक भत्ता बढ़ाकर 51 रुपये कर दिया गया तो लोग हमारी निन्दा करेंगे और यह समझने लगेंगे कि हम उनकी सेवा करने की बजाय अपनी ही सेवा करने में लग गये हैं।

स्वतंत्रता प्राप्ति से पहले हम कितनी गरीबी में रहते थे। क्या उस समय हमारा आदर नहीं किया जाता था ? यदि दूसरों के पास अधिक धन है तो हमें उससे क्या सरोकार है। हमें तो अपने आप को देखना है, दूसरों को नहीं।

इस बात को देखते हुए कि हमारे देश में करोड़ों व्यक्तियों के पास रहने के लिए मकान नहीं हैं तथा उन्हें पेट भर खाना नहीं मिलता है, हमें अपना भत्ता बढ़ाने का कोई अधिकार नहीं है। यदि हमारे लिये कोई सुविधायें बढ़ा दी जाये तो मुझे उसपर कोई आपत्ति नहीं है। यदि कोई सदस्य आशुलिपिक रखना चाहता है तो वह किसी को अंशकालीन समय के लिये रख सकता है तथा उसका बिल संसद् को भेज सकता है। मैं तो समझता हूं कि हम में से 20 प्रतिशत सदस्यों के पास भी आशुलिपिक नहीं हैं। यदि हम अपने भत्ते बढ़ा लेते हैं तो जनता के सामने हमारी स्थिति बहुत खराब हो जायेगी। हमारी प्रधान मंत्री कह रही हैं कि मैं बैंकों का राष्ट्रीयकरण गरीब लोगों की सहायता करने के लिये कर रही हूं तो मैं पूछ रहा हूं कि क्या भत्ते बढ़ा कर हम गरीबों की सेवा कर रहे हैं याकि अपनी ? यदि हम गरीबों की सहायता करना चाहते हैं तो हमें अपने भत्तों पर कुछ सीमा लगानी होगी। हमें तो पहले ही

बहुत सुविधायें मिल रही हैं । भत्ते बढ़ाने का तात्पर्य यह होगा कि हमें गरीबों के साथ कोई सहानुभूति नहीं हैं ।

आप अपने आप को समाजवादी कहते हैं । आप बैंकों का राष्ट्रीयकरण करते हैं परन्तु जब भूतपूर्व शासकों को निजी थैलिया देने का प्रश्न सभा में आया था तब आप सब कहां गये हुए थे । तब तो आप सभी अपने नेताओं के कहने पर चला करते थे । परन्तु आज यह बात नहीं है । अब वह सोचने लग गये हैं कि क्या बात सही है और क्या गलत । मेरा यह निवेदन है कि जिस किसी भी सदस्य का अन्तःकरण साफ है उसे विप आदि की परवाह न करते हुए सही बात को सही और गलत बातों को गलत कहना चाहिये ।

यह बड़े दुख की बात है कि कांग्रेस दल कई भागों में बंट रहा है । ऐसा करना देश के लिये अहितकर होगा । कुछ लोग कांग्रेस में रह कर कांग्रेस की जड़े ही काट रहे हैं । उनके लिये ऐसा करना अच्छी बात नहीं है । मैं उन्हें चेतावनी देता हूं कि उनको उस पर अमल करना चाहिये ।

